THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 238 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष कृ.5 2081 बुधवार, 20 नवंबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये



## केरल में शुरू हुआ भारत का पहला ऑनलाइन कोर्ट

# 24 घंटे होगी सुनवाई



कोल्लम, 19 नवंबर (एजेंसियां)। देश का पहला 24 घंटे चलने वाला ऑनलाइन कोर्ट केरल के कोल्लम में शुरू कर दिया है। बुधवार, 20 नवंबर से इस कोर्ट में मामलों की सुनवाई होगी। कोर्ट में सेटलमेंट एक्ट के तहत चेक मामलों की भी सुनवाई होगी। कोर्ट की सबसे बड़ी खासियत यही है कि इसमें 24 घंटे सुनवाई होगी। अदालत में एक मजिस्ट्रेट और तीन कर्मचारी होंगे। कोर्ट में केस कहीं से भी ऑनलाइन दाखिल किए जा सकते हैं। कोर्ट की वेबसाइट पर निर्धारित प्रपत्र भरकर केस ऑनलाइन दाखिल करना होगा। कोर्ट के कामकाज को लेकर सोमवार को कोल्लम बार एसोसिएशन हॉल में वकीलों और क्लर्कों को ट्रेनिंग दी जाएगी। कोर्ट बिल्डिंग में जनरल कोर्ट में होने वाली कोई भी एक्टिविटी नहीं होगी, न तो मामला दाखिल करने वाले को और न ही वकीलों को पर्सनली अदालत में पेश होने की जरूरत होगी। मुकदमे की बहस, सुनवाई और फैसले समेत पूरा प्रोसेस ऑनलाइन किया जाएगा। पुलिस स्टेशनों को ऑनलाइन ही पत्र भेजा जाएगा। आरोपी और केस करने वालों दोनों को अर्जी ऑनलाइन ही दाखिल करनी होगी।

**बाकी जिलों में भी शुरू करने का प्लान**

ऑनलाइन अपलोड किए गए दस्तावेजों का इस्तेमाल करके जमानत ली जा सकती है। कोर्ट में फीस का भुगतान ई-पेमेंट के जरिए करना होगा। यहां मामला दर्ज करने वालों और वकीलों के लिए अदालती कार्रवाई में सीधे भाग लेने के लिए एक प्रोसेस तैयार किया गया है। यह डिजिटल कोर्ट इस महीने की 20 तारीख से कोल्लम जिले की चार अदालतों में इसी तरह के मामलों की सुनवाई करेगा। इस डिजिटल कोर्ट की कार्यप्रणाली को देखकर और जिलों में भी ऐसी अदालतें शुरू करने का प्लान बनाया जा रहा है। हाई कोर्ट ऑडिटोरियम में उद्घाटन ऑनलाइन कोर्ट का उद्घाटन इस साल 17 अगस्त को हाई कोर्ट ऑडिटोरियम में किया गया था। समारोह में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी शामिल हुए थे। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए न्यायमूर्ति बीआर गवई ने केरल की पहल की सराहना की थी। उन्होंने कहा किया कि सुप्रीम कोर्ट ने देश में कोविड महामारी के दौरान लॉकडाउन में 48 घंटे के अंदर ही ऑनलाइन सुनवाई शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा, "इसलिए इस तकनीक से लाखों भारतीय नागरिकों की मदद मिलेगी"

**तकनीक कई लोगों की मदद करेगी**

उन्होंने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट में संपर्क नहीं कर पाने के कारण किसी को भी न्याय से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। हम सभी ने देखा है कि तकनीक का इस्तेमाल करके देश के किसी भी कोने से लोग सुप्रीम कोर्ट में पेश हो सकते हैं। मुझे यकीन है कि यह तकनीक कई लोगों की मदद करेगी। इससे हमें सभी के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के अपने सपने को हासिल करने में मदद मिलेगी।

## 'वोट जिहाद' के आरोप पर अबू आजमी ने बीजेपी को घेरा, कहा- 'मौलाना सलमान अजहरी कोई आरोपी नहीं,'

मुंबई, 19 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में 'वोट जिहाद' बड़ा सियासी मुद्दा बन गया है। बीजेपी लगातार महाविकास अघाड़ी पर वोट जिहाद का आरोप लगा रही है और दावा कर रही है कि मौलाना धर्म के नाम पर अपने समर्थकों को एमवीए को वोट देने की बात कर रहे हैं। वहीं, इस मामले में मौलाना सलमान अजहरी पर कार्रवाई भी की गई थी, जिसका विरोध समाजवादी पार्टी प्रत्याशी और मानखुर्द विधायक अबू आजमी ने किया है। अबू आजमी ने कहा, मौलाना सलमान अजहरी कोई आरोपी नहीं, उन्हें झूठे केस में फंसाया गया है। उन्होंने कोई हेट स्पीच नहीं दी है। वहीं, अबू आजमी ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा, यह बीजेपी वाले जो बोलते हैं वो क्या है फिर? मौलाना को जबरदस्ती जेल में डाल दिया गया, फिर उन्हें सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा तब जाकर राहत मिली। इतना ही नहीं, उन्हें बेवजह डिटेंशन सेंटर में भी रखा गया। इसमें कौन सा वोट जिहाद है? अबू आजमी ने आरएसएस पर भी वही काम करने का आरोप लगाया जिसे बीजेपी कथित तौर पर 'वोट जिहाद' कह रही है। सपा नेता ने कहा, धर्मगुरु जो वोट देने की बात कर रहे हैं, उसमें कुछ नया नहीं है। आरएसएस भी घर-घर जाकर यही कर रही है। सब कुछ खुलकर सामने आया है और धर्म के नाम पर वोट मांगने की शुरुआत बीजेपी-आरएसएस वालों ने की थी।

# सत्येंद्र जैन को दिल्ली हाई कोर्ट से नहीं मिली राहत

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुनवाई रोकने से इनकार



नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की सुनवाई पर रोक लगाने से दिल्ली हाई कोर्ट ने इनकार कर दिया है। सत्येंद्र जैन ने उनके खिलाफ चार्ज फ्रेम करने को लेकर निचली अदालत में चल रही सुनवाई पर रोक लगाने की मांग की थी। दिल्ली हाई कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। हाई कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 10 दिसंबर को होगी। सत्येंद्र जैन ने कहा कि मामले में ईडी की जांच अभी जारी है। सत्येंद्र जैन ने कहा कि ईडी मुझे अनरिलाइड दास्तावेज देने से मना कर रही है। उनके वकील ने कहा कि अगर हमारे पास दस्तावेज नहीं होंगे तो हम चार्ज फ्रेम करने पर कैसे बहस करेंगे।

**पिछले महीने ही मिली थी सत्येंद्र जैन को जमानत**

सत्येंद्र जैन पिछले महीने ही जमानत पर तिहाड़ से बाहर आए हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 18 अक्टूबर को उन्हें सशर्त जमानत दे दी थी। उन्हें 50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर बेल दी गई थी। हालांकि, उनके खिलाफ निचली अदालत में सुनवाई जारी है। ईडी ने जमानत का विरोध किया था, लेकिन अदालत ने कहा था कि जिन मापदंडों का इस्तेमाल मनीष सिसोदिया के केस में किया गया है। उस आधार पर सत्येंद्र जैन भी जमानत के हकदार हैं।

**2017 में पहली बार हुआ था केस**

सत्येंद्र जैन पर आय से अधिक संपत्ति और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। उनपर शेल कंपनियां बनाने और खरीदने के आरोप हैं। अलग-अलग लोगों के नाम पर प्रॉपर्टी के खरीदने के भी आरोप लगे थे। 2017 में पहली बार मनी लॉन्ड्रिंग केस में सीबीआई ने केस दर्ज किया था। इस संबंध में 2018 में पहली बार पूछताछ शुरू हुआ था। सीबीआई के बाद उनपर ईडी ने भी केस किया था।



## राजोआना आएगा जेल से बाहरः पूर्व सीएम की हत्या के दोषी बलवंत सिंह राजोआना को तीन घंटे की पैरोल, एचसी ने दी मंजूरी

चंडीगढ़, 19 नवंबर (एजेंसियां)। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह हत्या मामले में सजा काट रहे दोषी बलवंत सिंह राजोआना को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से पैरोल मिली है। बलवंत सिंह राजोआना को दो घंटे की पैरोल मिली है। बलवंत सिंह राजोआना के भाई कुलवंत सिंह राजोआना की मौत के बाद उनके गांव में बुधवार को होने वाले भोग और अंतिम अरदास की रस्म के लिए पैरोल दी गई है। हाई कोर्ट ने राजोआना को पुलिस कस्टडी में सुबह 11 से 2 बजे तक भाई के भोग और अंतिम अरदास में शामिल होने की इजाजत दी है। पटियाला जेल में बंद राजोआना ने अपने भाई के 20 नवंबर को होने वाले भोग और अंतिम अरदास में शामिल होने के लिए टेंपरी पैरोल दिए जाने की मांग को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा था कि उनके भाई कुलवंत सिंह राजोआना की 14 नवंबर को मौत हुई है। 20 नवंबर को लुधियाना के राजोआना कलां गांव के मंजी साहिब गुरुद्वारे में उनका भोग है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें इजाजत दी जाए।

## प्यार, उधार और धोखाः गर्लफ्रेंड ने कर दिया यौन उत्पीड़न का केस मुंबई में युवक ने दे दी अपनी जान

मुंबई, 19 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुंबई में 'प्यार में दिए गए उधार' पर जान देने का मामला सामने आया है। यहां एक युवक की गर्लफ्रेंड ने उससे उधार लिया था, ब्रेकअप के बाद ना केवल पैसा देने से इनकार किया बल्कि उल्टा यौन उत्पीड़न का ही केस कर दिया। ऐसे में बेबस होकर युवक ने अपनी जान दे दी। आज तक की रिपोर्ट के मुताबिक यह मुंबई के देवनार का मामला है जहां 32 साल के अकाउंटेंट की खुदकुशी के मामले में एक परिवार के पांच सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़ित व्यक्ति का नाम संदीप कुमार पासवान (32) है जो कि झारखंड का रहने वाला था। वह मुंबई के भांडुप इलाके में अकाउंटेंट के रूप में काम करता था। बताया जा रहा है कि संदीप एक लड़की के साथ रिलेशनशिप में था। लड़की ने उससे पैसे मांगे थे। संदीप ने गर्लफ्रेंड पर भरोसा करते हुए उसे 12.5 लाख रुपये दे दिए। कुछ समय के बाद दोनों का ब्रेक हो गया। ब्रेकअप के बाद पैसा लौटाने की बारी आई तो लड़की ने केवल 7 साल रुपये ही वापस किए।

# चीनी नागरिक गिरफ्तार, 100 करोड़ रुपये की ठगी से जुड़े हैं तार

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। शाहदरा साइबर पुलिस स्टेशन ने रुपये से अधिक की धोखाधड़ी से जुड़े एक बड़े साइबर धोखाधड़ी मामले में एक चीनी नागरिक फैंग चेनजिन को गिरफ्तार किया है। 43.5 लाख। यह धोखाधड़ी व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से आयोजित ऑनलाइन स्टॉक ट्रेडिंग घोटालों के माध्यम से व्यक्तियों को लक्षित करके की गई थी। पुलिस के होश तब उड़ गए जब उन्हें मालूम चला कि गिरफ्तार आरोपी फैंग चेनजिन पहले भी ऐसे ही दो ठगी के मामलों में शामिल है। जांच को आगे बढ़ाने पर ठगी का ये रैकेट 100 करोड़ रुपयों के भी पार चला गया है।

**क्या है पूरा मामला?**

पुलिस ने बताया है कि बीते 24 जुलाई की तारीख को सुरेश कोलिचिपिल नाम के शख्स की ओर से साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। उसने



बताया था कि धोखाधड़ी वाले स्टॉक मार्केट ट्रेनिंग सेशन में लालच देकर पैसों के निवेश करने के लिए धोखा दिया गया था। धोखेबाजों द्वारा कई बार के लेनदेन में 43.5 लाख रु। कई बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए थे। इसके बाद पुलिस द्वारा मामले के तकनीकी विश्लेषण और छापेमारी के बाद आरोपी चीनी नागरिक फैंग चेनजिन की गिरफ्तारी की गई है।

**ऐसे पकड़ में आया आरोपी**

ठगी की इस घटना की जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया गया था। जांच के दौरान उन बैंक खातों की डिटेल्स निकाली गईं जिनमें धोखाधड़ी की गई राशि ट्रांसफर की गई है। इसके साथ ही संदिग्ध मोबाइल नंबर के कॉल डिटेल्स का भी विश्लेषण किया गया। सभी संदिग्ध व्यक्तियों से जुड़े बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की गहन जांच की गई। तकनीकी विश्लेषण और टीम के ईमानदार प्रयासों से धोखाधड़ी से जुड़ी कड़ी का पता चला। पुलिस को मुंडका में स्थित महा लक्ष्मी ट्रेडर्स के नाम पर एक बैंक खाते में धनराशि का पता लगा। यह खाता रुपये के एक ट्रांसफर के साथ धोखाधड़ी वाले लेनदेन से जुड़ा हुआ पाया गया। आगे की पूछताछ से टीम को एक रजिस्टर्ड मोबाइल फोन मिला, जो टीम को फैंग चेनजिन तक ले गया।

**100 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी**

पुलिस को मामले की आगे की जांच करने पर पता लगा कि चीनी नागरिक फैंग चेनजिन आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश में भी साइबर क्राइम और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े दो अहम धोखाधड़ी मामलों से जुड़ा हुआ है। पुलिस को पता लगा है कि साइबर क्राइम पोर्टल पर 17 आपराधिक शिकायतें भी दर्ज हैं, जो सभी एक ही फिनकेयर बैंक खाते से जुड़े हैं। पुलिस के मुताबिक सब मिलाकर 100 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की गई है। आगे की जांच चल रही है।

## पठानकोट के गांव अखवाड़ा में मिले हेरोइन के दो पैकेट, सरहद से तीन किमी दूर हुई बरामदगी



पठानकोट, 19 नवंबर (एजेंसियां)। भारत-पाक सीमा से सटे पठानकोट के हलका भोआ में स्थित गांव अखवाड़ा में तीसरे दिन भी हेरोइन के दो पैकेट मिले है। तस्करी वाली जगह सीमा से मात्र तीन किलोमीटर दूर है। जिसे सुरक्षा एजेंसियों ने बरामद कर लिया है। गांव के लोगों ने बताया कि तीन दिन पहले यहां एक हेरोइन का पैकेट मिला था, उसी के साथ वाली जगह पर ही यह दो नए पैकेट मिले है। इन पैकेटों में भी बड़ी मात्रा में हेरोइन होने की आशंका है। पिछले 15 दिनों में दो बार ड्रोन और तीन बार हेरोइन की खेप बरामद हो चुकी है। थाना नरोट जैमल सिंह की पुलिस और सेना समेत अन्य सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुटी हुई हैं।

## शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग पॉलिसी को लेकर पटना हाईकोर्ट ने लगाया स्टे



पटना, 19 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार में शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर पटना हाईकोर्ट की ओर से फिलहाल स्टे लगा दिया गया है। मंगलवार (19 नवंबर) को ट्रांसफर-पोस्टिंग नीति के खिलाफ औरंगाबाद के शिक्षकों की ओर से दायर याचिका (केस संख्या सीडब्ल्यूजेसी 17441/2024) पर पटना हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अधिवक्ता मृत्युंजय कुमार एवं सीनियर अधिवक्ता ललित किशोर ने शिक्षकों का पक्ष रखा। इसके बाद हाईकोर्ट की ओर से ट्रांसफर-पोस्टिंग पर स्टे लगाया गया। अब 21 जनवरी 2025 को अगली सुनवाई होगी। वकील मृत्युंजय कुमार ने कहा कि हम लोगों ने याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि शिक्षकों की ट्रांसफर पॉलिसी बिल्कुल गलत है। इसके बाद कोर्ट ने पूरे मामले पर सुनवाई करते हुए स्टे लगा दिया है।

**सारे शिक्षकों पर लागू नहीं होगा कोर्ट से लगा स्टे**

वकील मृत्युंजय कुमार ने कहा कि औरंगाबाद के 13 शिक्षकों की ओर से याचिका दायर की गई थी। नई पॉलिसी के तहत इन 13 शिक्षकों की पोस्टिंग कर दी गई थी। अब इनकी पोस्टिंग पर स्टे लगाया गया है। ऐसे में अगर 13 शिक्षकों द्वारा दायर की गई याचिका में ट्रांसफर-पोस्टिंग पॉलिसी में कहीं कोई खामी आती है तो अन्य शिक्षक जो इसके विरोध में हैं उन्हें फायदा मिल सकता है। फिलहाल बाकी शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग पर रोक नहीं लगी है। यानी यह स्टे अन्य शिक्षकों पर लागू नहीं होगा।

**ट्रांसफर-पोस्टिंग पॉलिसी का किया जा चुका है विरोध**

बता दें कि शिक्षक संगठनों ने सरकार की इस ट्रांसफर-पोस्टिंग पॉलिसी का भी विरोध किया है। आरोप लगाया है कि आवेदन प्रक्रिया में गड़बड़ी है। शिक्षकों का कहना है कि सरकार ने विकल्प देने के लिए जो नियम बनाए हैं वो प्रक्रिया में सही तरीके से लागू नहीं हो रहे हैं।

## भरूच जिले में सड़क हादसा; वैन-ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत

भरूच, 19 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात के भरूच जिले में वैन-ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि एक निजी वैन के ट्रक से टकरा जाने के कारण उसमें सवार तीन बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में चार अन्य घायल हो गए। जंबुसर के थाना प्रभारी निरीक्षक एवी पनामिया ने बताया कि दुर्घटना रात करीब 11 बजे मगनद गांव के पास जंबुसर-आमोद मार्ग पर हुई। जब हादसा हुआ, तब बेदाच गांव के 10 लोग शुक्लातीर्थ की ओर जा रहे थे। पनामिया ने बताया कि वैन ने मगनद गांव के पास सड़क की बाईं लेन पर खड़े एक ट्रक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। उन्हें जंबुसर के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

## मौत को छूकर वापस आया शख्स फिर डॉक्टरों ने कैसे बचाई जान?

भुवनेश्वर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। क्या आप यकीन करेंगे कि किसी इंसान का दिल 2 घंटे तक धड़कना बंद कर दे और उसके बाद भी वह जिंदा बच जाए? हमारी तरह आपको भी यकीन नहीं होगा। मगर जो असंभव दिखे उसका संभव होना ही तो चमत्कार कहलाता है। जी हां, ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में यह चमत्कार हुआ है। एक शख्स मौत को छूकर टक से वापस आ गया। मगर यह सब संभव हो पाया है डॉक्टरों की वजह से। भुवनेश्वर एम्स में डॉक्टरों की एक टीम ने 24 वर्षीय शख्स की जान बचाकर मेडिकल चमत्कार कर दिखाया है। शख्स का दिल करीब 120 मिनट तक धड़कना बंद हो गया था। डॉक्टरों ने एडवांस्ड ईसीपीआर तकनीक का इस्तेमाल करके उसे नई जिंदगी दी। भुवनेश्वर एम्स में मेडिकल चमत्कार से जिस शख्स की जान बची है, उसका नाम सुभकांत साहू है। वह नायगढ़ के ओडापल्ला गांव के रहने वाले हैं। सोमवार को अस्पताल प्रशासन ने इस मेडिकल चमत्कार की जानकारी दी। सुभकांत का दिल ब्लॉकेज की वजह से काम करना बंद कर दिया था। उनके परिवार ने उम्मीद लगभग छोड़ दी थी। सुभकांत को 30 सितंबर की रात अचानक कमजोरी महसूस हुई। उनके परिवार वालों ने जब उनकी धड़कन कम होते देखी तो उन्हें रणपुर के एक स्थानीय मेडिकल सेंटर ले गए। वहां के डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत एम्स-भुवनेश्वर रेफर कर दिया।

## भाजपा विधायक की बहन को 2 लोगों ने मारा चाकू, बाएं हाथ पर तीन जगह घाव; मचा हड़कंप

अमरावती, 19 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी के विधायक और विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार प्रताप अडसाद की बहन पर चाकू से हमला हुआ है। इस अटैक में वह घायल हो गईं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार रात करीब 8 बजे की यह घटना है।

अर्चना रोठे पर अमरावती जिले में 2 लोगों ने चाकू से हमला किया। सोमवार को महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार का आखिरी दिन था। अडसाद धामनगांव रेलवे निर्वाचन क्षेत्र से विधायक हैं और उन्हें भाजपा ने इस सीट से फिर से टिकट दिया है। अमरावती ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक विशाल आनंद ने बताया कि अडसाद की बहन अर्चना रोठे एक कार से जा रही थीं और बीच रास्ते में रुकी थीं। आनंद के अनुसार, तभी पीछे से 2 लोग आए और स्तेफल फाटा के पास उन पर चाकू से हमला कर दिया।

उन्होंने कहा कि हमले में अर्चना के बाएं हाथ पर तीन घाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि बाद में पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच की जा रही है। मौके पर जो लोग मौजूद थे, उनसे पूछताछ जारी है। हमलावर कौन थे और किस मकसद से अटैक किया गया, यह पता लगाया जा रहा है।

## दुबई जाने का टूटा सपना एक-एक करके जोड़े थे पैसे चोरों ने 50 हजार उड़ा लिए परिवार पर रोजी रोटी की संकट

जम्मू, 19 नवंबर (एजेंसियां)। जम्मू के सतवारी स्थित जीवन नगर इलाके में चोरों ने एक सूने घर में सेंधमारी कर 50 हजार रुपये चोरी कर लिए। महिला ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने परिवार के साथ देवस्थान पर माथा टेकने के लिए गई थी, और जब वे वापस लौटे तो देखा कि घर में चोरी हो चुकी है। महिला ने बताया कि वह अपने बड़े बेटे के दुबई जाने के लिए पैसे जमा कर रही थी। पिछले कुछ महीनों में उन्होंने मेहनत करके एक निश्चित रकम बचाई थी, जिसमें से 50 हजार रुपये घर में रखे थे। वह पैसे घर के मंदिर में भी रखे गए थे, लेकिन चोरों ने किसी प्रकार से उन पैसों को भी चुरा लिया। महिला का कहना है कि इस चोरी से उन्हें काफी सदमा पहुंचा है, क्योंकि यह पैसे उनके बेटे के भविष्य के लिए जोड़े गए थे। उन्होंने पुलिस से अनुरोध किया है

# फारूक अब्दुल्ला बोले

## 'हमारे वादे स्पष्ट हैं, हम उन पर खड़े हैं, विपक्ष कुछ नहीं कहेगा तो कैसे जीवित रहेंगे'



जम्मू, 19 नवंबर (एजेंसियां)। जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने पार्टी के घोषणापत्र में किए गए वादों को लेकर विपक्ष की आलोचना और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा धारा 370 पर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया दी। फारूक अब्दुल्ला ने कहा जो हमने कहा है, वह स्पष्ट है और हम उसे लागू कर रहे हैं, हम अपने बयान पर खड़े हैं। अगर विपक्ष कुछ नहीं कहता, तो वे कैसे जीवित रहेंगे? उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी हमेशा अपनी बातों पर कायम रही है और किसी भी प्रकार के दबाव में नहीं आई है। फारूक अब्दुल्ला का यह बयान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस बयान के संदर्भ में आया, जिसमें उन्होंने धारा 370 को लेकर विपक्ष की स्थिति पर सवाल उठाए थे।


कांग्रेस और विपक्ष को अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करना चाहिए, क्योंकि उनका खामोश रहना केवल उनकी कमजोरी को दिखाता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी हमेशा अपनी प्रतिज्ञाओं पर दृढ़ रहती है और जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को लेकर अपनी स्थिति को स्पष्ट किया है। फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी राज्य के अधिकारों और संवैधानिक सुरक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करेगी।

## मलेशिया से भारत आ रही फ्लाइट में दिल का दौरा पड़ने से महिला की मौत

चेन्नई, 19 नवंबर (एजेंसियां)। मलेशिया से भारत आ रही इंटरनेशनल फ्लाइट में एक महिला की मौत का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। ये फ्लाइट मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर से तमिलनाडु के चेन्नई आ रही थी। जब मंगलवार को फ्लाइट चेन्नई पहुंची तो विमान में एक 37 साल की महिला मृत अवस्था में पाई गई है। इस घटना ने चालक दल समेत सभी को हैरान कर दिया है। आइए, जानते हैं पूरा मामला। पुलिस की ओर से जानकारी दी गई है कि मलेशिया से चेन्नई आ रही फ्लाइट में जिस महिला की मौत हुई है वह तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले की रहने वाली थी। पुलिस ने बताया है कि चेन्नई में आई अंतरराष्ट्रीय उड़ान में महिला की मौत दिल का दौरा पड़ने के कारण से हुई है। कल्लाकुरिची की निवासी महिला के शव को अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने इस पूरी घटना के बारे में बताया कि जब निजी एयरलाइन का विमान जब चेन्नई पहुंचा तो चालक दल ने महिला को विमान में बेहोश पाया। इसके बाद डॉक्टरों ने महिला की जांच की। इसके बाद डॉक्टरों ने बताया है कि महिला की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है।

# चाचा के सामने भतीजाः दांव पर सीएम की प्रतिष्ठा

## महाराष्ट्र विधानसभा के टॉप-5 मुकाबले



नागपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। 288 सीटों वाले इस प्रदेश में महायुति और महाविकास अघाड़ी गठबंधन आमने-सामने हैं। इसमें कई हाई-प्रोफाइल मुकाबले भी हैं। चुनाव प्रचार के लिए महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत कई बड़े नाम नजर आ चुके हैं। बता दें कि महाराष्ट्र की 288 सीटों में से 29 एससी, 25 एसटी के लिए रिजर्व हैं। इन 288 सीटों पर कुल 4,140 उम्मीदवार मैदान में हैं।

**वर्ली- मिलिंद देवड़ा बनाम आदित्य ठाकरे बनाम संदीप देशपांडे**

इन हाई प्रोफाइल सीटों में से मुंबई की वर्ली सिटी एक है। यहां पर शिंदे सेना के मिलिंद देवड़ा, शिवसेना-यूबीटी के आदित्य ठाकरे और मनसे नेता संदीप देशपांडे के बीच मुकाबला है। मिलिंद देवड़ा दक्षिणी मुंबई से पूर्व सांसद हैं। वह यहां पर शहरी मध्य वर्ग के वोटर पर पूरी तरह से निर्भर हैं। बता दें कि यूपीए-2 सरकार के दौरान वह केंद्र में मंत्री भी रह चुके हैं। दूसरी तरफ आदित्य ठाकरे ने 2019 में पहली बार चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में उन्होंने 89,248 वोटों से बड़ी जीत हासिल की थी। तब उन्होंने एनसीपी के सुरेश माने को हराया था। माने को तब मात्र 21,821 वोट ही मिले थे। इस सीट पर तीसरा नाम संदीप देशपांडे का है। संदीप ने अपनी पहचान स्थानीय मुद्दों पर काम करके बनाई है। खासतौर पर वर्ली में मराठी भाषी लोगों में उनकी काफी पकड़ है।

**बारामती- पवार वर्सेस पवार**

बारामती वह सीट है, जहां मुकाबला पवार बनाम पवार है। इस बार आमने-सामने हैं डिप्टी सीएम अजित पवार और उनके भतीजे युगेंद्र पवार। पिछली बार अजित पवार की पत्नी और सुप्रिया सुले के बीच मुकाबला था। इसमें अजित पवार गुट को हार का मुंह देखना पड़ा था। इस बार अजित पवार खुद मैदान में हैं। वहीं, युगेंद्र के सिर पर शरद पवार का हाथ है। अजित पवार सात बार से यहां से विधायक हैं। साल 2019 में उन्होंने बारामती में करीब 1.95 लाख वोट हासिल किए थे।

**वांद्रे पूर्व- जीशान सिद्दिकी बनाम वरुण सरदेसाई**

वांद्रे पूर्व सीट पर मुकाबला और भी दिलचस्प है। यहां पर जीशान सिद्दिकी और वरुण सरदेसाई आमने-सामने हैं। जीशान सिद्दिकी के पास युवाओं और मुस्लिमों का समर्थन है। जीशान स्थानीय मुद्दों के लिए हमेशा सक्रिय रहते हैं। वहीं, पिता बाबा सिद्दिकी की हत्या से उपजी सहानुभूति भी उनके पक्ष में काम करेगी। उनके मुकाबले में उद्धव ठाकरे के भतीजे वरुण सरदेसाई हैं। वह साल 2022 में शिवसेना में हुए बंटवारे के बाद से ही उद्धव ठाकरे सेना के साथ बने हुए हैं। वांद्रे ईस्ट में शिवसेना के परंपरागत वोटों में उनकी खासी पहुंच है।




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 238 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष कृ.5 2081 बुधवार, 20 नवंबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## कुकी उग्रवादियों पर कार्रवाई हो, मणिपुर सरकार का प्रस्ताव पास

नई दिल्ली/इंफाल, 19 नवंबर (एजेंसियां)। मणिपुर में हिंसा के चलते हालात बिगड़े हुए हैं। इस बीच, सोमवार को सत्ताधारी एनडीए और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के 27 विधायकों की मीटिंग हुई। इसमें प्रस्ताव (रेजोल्यूशन) पास हुआ कि 7 दिन में कुकी उग्रवादियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाए। यह भी कहा कि जिरीबाम में 6 महिलाओं-बच्चों की मौत के लिए कुकी आतंकी ही जिम्मेदार हैं। मीटिंग में तय हुआ कि केंद्र, राज्य में लागू एएफएसपीए का रीव्यू करेगा। राज्य सरकार ने इसका ऑर्डर 14 नवबर को जारी किया था। जिरिबाम में 6 मैतेई महिलाओं-बच्चों और बिष्णुपुर में एक मैतेई महिला की हत्या की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी गई है।

### विजय माल्या-नीरव मोदी की अब खैर नहीं

# पीएम ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात में उठाया ये मुद्दा




नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए ब्राजील पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने माइग्रेशन से जुड़ी प्रक्रिया को तेज करने की जरूरत पर जोर दिया। इस पर दोनों नेताओं ने सहमति भी जताई। ऐसे में अब भगोड़े विजय माल्या और नीरव मोदी की मुश्किलें बढ़ सकती है। बता दें कि पीएम मोदी और ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर के बीच यह पहली मुलाकात थी। पीएम मोदी ने ब्रिटिश पीएम को प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर बधाई भी दी। वहीं ब्रिटिश पीएम ने भी पीएम मोदी को उनके तीसरे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। बता दें कि नीरव मोदी धोखाधड़ी के केस में भगोड़ा घोषित हो चुका है। उस पर भारत सरकार ने भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग, धोखाधड़ी जैसे कई संगीन आरोप लगाए हैं। प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटिश पीएम के बीच मुलाकात के दौरान अर्थव्यवस्था, व्यापार, टेक्नोलॉजी, रिसर्च और इनोवेशन और ग्रीन इकोनॉमी को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने को लेकर भी बात हुई।

**विजय माल्या को सजा सुना चुका है सुप्रीम कोर्ट :**

बता दें कि विजय माल्या के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने चार महीने जेल की सजा भी सुनाई है। 11 जुलाई 2022 को विजय माल्या को सुप्रीम कोर्ट ने सजा सुनाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने विजय माल्या को अपने बच्चों को 40 मिलियन डॉलर ट्रांसफर करने के मामले में अवमानना का दोषी ठहराया था। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने विजय माल्या को 8 प्रतिशत ब्याज के साथ 4 करोड़ डॉलर सुप्रीम कोर्ट कानूनी सेवा प्राधिकरण को जमा करने के लिए भी कहा था।

## मोदी ने की सागरमंथन समारोह की सफलता की अपील

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली में चल रहे सागरमंथन समारोह की सफलता की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रों की सुरक्षा और समृद्धि महासागरों से जुड़ी हुई है। भारत सरकार ने समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। नाइजीरिया से भेजे अपने संदेश में पीएम ने मानवता के समृद्ध भविष्य को लेकर हो रही साझेदारी पर आम सहमति बनाने और सागरमंथन महासागर संवाद की सफलता का आह्वान किया। दक्षिण एशिया के सबसे बड़े समुद्री विचार नेतृत्व मंच सागर मंथन की शुरूआत सोमवार को हुई थी। इसे लेकर पीएम मोदी ने कहा कि बीते एक दशक में समृद्धि के बंदरगार, उत्पादकता के बंदरगाह और प्रगति के बंदरगाह के लक्ष्य के तहत अपने बंदरगाहों की क्षमता को बढ़ाया है। बंदरगाह की क्षमता को बढ़ाकर, टर्नराउंड समय कम करके, एक्सप्रेसवे, रेलवे और नदी नेटवर्क को मजूबत करके हमने भारत की तटरेखा को बदला है। भारत की समृद्ध समुद्री विरासत और इसको मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि भारत की समुद्री परंपरा सहस्राब्दियों पुरानी और सबसे समृद्ध है।

## नालासोपारा 'कैश कांड' में तीन एफआईआर
## 9 लाख 53 हजार कैश जब्त किए गए



नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले भाजपा के दिग्गज नेता और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर नालासोपारा में पांच करोड रुपए बांटने के आरोप लगे हैं। इसको लेकर राज्य की सियासत गर्मा गई है। इससे विपक्ष को बड़ा मुद्दा मिला है। इस मामले में चुनाव आयोग ने एफआईआर भी दर्ज कर ली है। इसी बीच खबर सामने आई है कि इस मामले में कुल 3 एफआईआर दर्ज की गई है। दो मामलों में बीजेपी उम्मीदवार का नाम भी शामिल है। जबकि विनोद तावड़े का नाम एक एफआईआर में शामिल है। एक एफआईआर में बीवीए का नाम भी है।

**9 लाख से ज्यादा की रकम मिली :**

जानकारी के अनुसार, इस दौरान 9 लाख 53 हजार 900 रुपये चुनाव अधिकारियों द्वारा जब्त किए गए हैं। इस मामले में महाराष्ट्र के अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी किरण कुलकर्णी ने कहा, नालासोपारा में, सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। आचार संहिता के पालन के लिए गठित चुनाव मशीनरी का फ्लाइंग स्क्वाड भी मौके पर पहुंचा। फ्लाइंग स्क्वाड ने परिसर का जायजा लिया और कुछ जब्ती भी की। सभी चीजें नियंत्रण में हैं और जो भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करेगा उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**विनोद तावड़े ने कहा :**

विनोद तावड़े ने पैसे बांटने के आरोपों पर सफाई दी है। उनका कहना है कि ये उनके खिलाफ साजिश है और चुनाव आयोग को इसकी निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। तावड़े ने कहा कि मैं कार्यकर्ताओं से मिलने गया था। मैंने कुछ गलत नहीं किया। ये महाविकास अघाड़ी के कार्यकर्ताओं की साजिश है। पुलिस और चुनाव आयोग को इसकी जांच करनी चाहिए।

## 'बैलिस्टिक मिसाइल दागी तो होगा न्यूक्लियर हमला'

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि अगर कोई देश जिसके पास परमाणु शक्ति नहीं है,वो किसी न्यूक्लियर पावर वाले देश के सपोर्ट से रूस पर हमला करता है तो इसे रूस के खिलाफ जंग का ऐलान समझा जाएगा। अगर रूस के खिलाफ बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल हुआ तो जवाब में परमाणु हमला भी किया जा सकता है।

पुतिन ने यह बदलाव अपने देश के न्यूक्लियर डॉक्ट्रीन में किया है। ताकि यूक्रेन का सपोर्ट कर रहे देश उसपर हमला न कर सकें। अमेरिका और कई यूरोपीय देशों ने हाल ही में यूक्रेन को लंबी दूरी के हथियारों के इस्तेमाल की इजाजत दी है। जिसके बाद पुतिन ने यह कदम उठाया है। पुतिन को लगता है कि रूस के खिलाफ गैर-परमाणु संपन्न देश में अगर न्यूक्लियर पावर वाले देश हथियारों का इस्तेमाल करते हैं, तो यह रूस के खिलाफ मिलिट्री डेंजर है। ऐसे खतरों से बचने के लिए न्यूक्लियर हथियारों का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। रूस की न्यूक्लियर डेटरेंट फोर्स में जमीनी, समुद्री और हवाई सेना शामिल है। यानी दुश्मन पर रूस इन तीनों जगहों से हमला करेगा।

## यूक्रेन जंग के बाद पुतिन पहली बार भारत आएंगे

❊ तारीख जल्द तय करेंगे ❊ 3 साल पहले 4 घंटे के लिए भारत आए थे



मॉस्को, 19 नवंबर (एजेंसियां)। रूस-यूक्रेन जंग के बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पहली बार भारत की यात्रा करेंगे। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही पुतिन के दौरे की तारीखों का ऐलान करेंगे। हमने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। दिमित्री ने कहा कि पीएम मोदी की रूस की दो यात्राओं के बाद अब राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा हो रही है, इसलिए हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पुतिन अगले साल रूस-भारत वार्षिक समिट के मौके पर आ सकते हैं। पीएम मोदी ने इस साल दो बार रूस की यात्रा की है। वे ब्रिक्स समिट के लिए 22 अक्टूबर को रूस गए थे। इससे पहले जुलाई में भी मोदी ने दो दिन का रूस दौरा किया था। तब उन्होंने पुतिन को भारत आने का न्योता दिया था। इससे पहले रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने दिसंबर 2021 में भारत की यात्रा की थी।

## हिंदी थोपने का जरिया बन गई है एलआईसी वेबसाइट : स्टालिन



चेन्नई, 19 नवंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु में हिंदी भाषा को लेकर लगातार सियासी पारा चरम पर है। हाल ही में राज्य के सीएम एमके स्टालिन द्वारा गैर-हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी के आयोजन न कराने को लेकर पीएम को लिखे गए पत्र के बाद उन्होंने एक बार फिर भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की वेबसाइट पर हिंदी भाषा के इस्तेमाल पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि ये गैर हिंदी राज्य में हिंदी को थोपने जैसा है। स्टालिन ने कहा कि एलआईसी की वेबसाइट मात्र एक प्रचार उपकरण बनकर रह गई है। एमके स्टालिन ने अपने आधिकारिक 'एक्स' प्लेटफार्म पर एलआईसी ऑफ इंडिया के हिंदी वाले वेबपेज का स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुए लिखा, एलआईसी वेबसाइट हिंदी थोपने का एक प्रचार माध्यम बनकर रह गई है। यहां तक कि अंग्रेजी चुनने का विकल्प भी हिंदी में प्रदर्शित होता है।

**यह भाषा को थोपने जैसा**

उन्होंने आगे दावा किया कि एलआईसी की वेबसाइट पर हिंदी का प्रयोग भारत की विविधता को कुचलने जैसा है। यह संस्कृति और भाषा को जबरन थोपने के अलावा कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि एलआईसी सभी भारतीयों के संरक्षण के साथ आगे बढ़ी है। इसकी अपने ज्यादातर योगदानकर्ताओं को धोखा देने की हिम्मत कैसे हुई? हम इस भाषाई अत्याचार को तत्काल वापस लेने की मांग करते हैं। इसके साथ ही सीएम स्टालिन ने हैजटैग स्टॉपहिंदीइम्पोजिशन का भी प्रयोग किया। ये पहली बार नहीं है जब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने हिंदी को गैर हिंदी राज्यों में थोपने का आरोप लगाया हो। हाल ही में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया था कि वे केंद्र सरकार के उन फैसलों पर पुनर्विचार करें, जिनमें गैर-हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी आधारित कार्यक्रम आयोजित करने की बात की गई है।

## 10 साल में जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित इलाकों में हिंसा 70 प्रतिशत कम हुई : अमित शाह




गांधीनगर (गुजरात), 19 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले दस वर्षों में जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित हिस्सों में हिंसा को 70 प्रतिशत तक कम किया है। यह बयान उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में आयोजित 50वें अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के शुभारंभ के मौके पर दिया।

उन्होंने कहा कि आने वाले दशक में भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली पूरी दुनिया में सबसे अधिक वैज्ञानिक और तेज होगी। शाह ने कहा, जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को अत्यधिक अशांत क्षेत्र माना जाता था। लेकिन आज इन तीनों क्षेत्रों में सुरक्षा की स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। बीते दस वर्षों के आंकड़ों की तुलना में आंकड़ों को देखें तो हमने हिंसा में 70 प्रतिशत तक की कमी की है। गृह मंत्री ने कहा, तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने से अब किसी भी थाने में प्राथमिकी दर्ज होने पर तीन साल के भीतर सुप्रीम कोर्ट से न्याय मिलेगा। इन तीन नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) को एक जुलाई 2024 को लागू किया गया है। ये कानून ब्रिटिश काल के भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को बदलने के लिए लाए गए। उन्होंने आगे कहा कि इन सुधारों से भारत की न्याय प्रणाली और भी मजबूत और तेज बनेगी, जिससे आम लोगों को समय पर और प्रभावी न्याय मिलेगा।

## महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों पर वोटिंग आज

मुंबई, 19 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को सिंगल फेज में वोटिंग होगी। शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में टूट के बाद कुल 158 दल चुनाव मैदान में हैं। इनमें 6 बड़ी पार्टियां दो गठबंधनों का हिस्सा बनकर चुनाव लड़ रही हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुआई में शिंदे गुट की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी महायुति का हिस्सा हैं। जबकि कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) यानी एनसीपी(एसपी) महाविकास अघाड़ी का हिस्सा हैं।पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा-शिवसेना का गठबंधन था। तब भाजपा ने 105 और शिवसेना ने 56 सीटें जीती थीं।

## 'क्रोनी पूंजीपतियों को बचाने के लिए किया गया मैच फिक्स'

> राहुल गांधी ने गौतम अदाणी पर लगाए आरोप



नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कुछ बड़े व्यवसायियों को बचाने के लिए एक फिक्स मैच खेला जा रहा है और इसका सबसे ज्यादा नुकसान आम निवेशकों को हो रहा है। राहुल गांधी 'बुच स्टॉप्स हियर' नामक एक वीडियो में पवन खेड़ा और पत्रकार सुचेता दलाल के साथ निवेशकों की बचत की सुरक्षा पर चर्चा कर रहे थे। जिसमें राहुल गांधी ने सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और उद्योगपति गौतम अदाणी पर निशाना साधा।

**सेबी प्रमुख पर साधा निशाना :**

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सेबी के तहत निवेशकों की संपत्ति की सुरक्षा करने के बजाय, यह एक बड़े कारोबारी समूह, जैसे अदाणी समूह, की सुरक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा जब मैच फिक्स होता है तो सब हारते हैं और आम निवेशक सबसे ज्यादा नुकसान उठाते हैं। पवन खेड़ा ने वीडियो शेयर करते हुए कहा कि सेबी के साथ समझौता करने से शेयर बाजारों पर क्या असर पड़ता है, इस पर उन्होंने सुचेता दलाल के साथ चर्चा की। वे यह समझाने की कोशिश कर रहे थे कि कैसे इस तरह के धोखाधड़ी वाले सिस्टम की वजह से सिर्फ छोटे निवेशक ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और लोकतंत्र को नुकसान हो रहा है। कांग्रेस ने भी यह वीडियो अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया और कहा कि कैसे सेबी बड़े कॉर्पोरेट्स की रक्षा कर रही है। कांग्रेस का आरोप है कि सेबी ने अदाणी समूह की सही तरीके से जांच नहीं की, जबकि हिंडनबर्ग जैसी कंपनियों ने उस पर शेयर के मूल्य में हेरफेर का आरोप लगाया है।इसके साथ ही कांग्रेस ने आगे के अपने बयान में कहा कि 'बुच स्टॉप्स हियर' के इस एपिसोड में सांसद राहुल

## 'दादी हिम्मत और मोहब्बत की मिसाल'

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'शक्ति स्थल' पहुंचकर इंदिरा गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। राहुल ने 'एक्स' पर भावुक पोस्ट कर दादी को हिम्मत और मोहब्बत की मिसाल बताया। वहीं, प्रियंका ने जाति आधारित जनगणना और आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने का जिक्र कर दादी को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, दादी हिम्मत और मोहब्बत दोनों की मिसाल थीं। उन्हीं से मैंने सीखा है कि निडर होकर देशहित के रास्ते पर चलते रहना असली ताकत है।

## संसद सत्र से पहले सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बैठक 24 नवंबर की सुबह संसद के आगामी शीतकालीन सत्र के मद्देनजर बुलाई गई है। सत्र 25 नवंबर को शुरू होगा और 20 दिसंबर तक चलेगा। संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के सेंट्रल हॉल में एक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

इससे पहले रिजिजू की ओर से बताया गया था कि राष्ट्रपति ने भारत सरकार की सिफारिश पर 2024 के शीतकालीन सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों को 25 नवंबर से 20 दिसंबर 2024 तक बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सत्र संसदीय कार्यों की अनिवार्यताओं के अधीन बुलाया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया था कि 26 नवंबर यानी संविधान दिवस को संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## यूक्रेन ने रूस पर दागी छह अमेरिकी मिसाइल

### रूसी सेना का दावा-ब्रांस्क क्षेत्र पर किया हमला



मॉस्को, 19 नवंबर (एजेंसियां)। आज रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को एक हजार दिन पूरे हो गए हैं। इस बीच एपी की रिपोर्ट के मुताबिक रूसी सेना ने दावा किया है कि यूक्रेन ने रात को रूस के ब्रांस्क क्षेत्र पर छह अमेरिकी एटीएसीएमएस मिसाइलें दागी हैं। हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन ने यूक्रेन को लंबी दूरी की सुपरसोनिक मिसाइलों यानी कि टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम (एटीएसीएमएस) के रूस के अंदर हमले के लिए इस्तेमाल की मंजूरी दे दी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूक्रेन ने पहले भी एटीएसीएमएस का इस्तेमाल किया था, लेकिन ये इस्तेमाल सीमावर्ती इलाकों तक सीमित था।

रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष और पुतिन के करीबी दिमत्री मेदवेदेव ने यूक्रेन को मिसाइल दागने की अनुमति देने के अमेरिका के फैसले की निंदा की। दिमत्री ने तीसरे विश्व युद्ध की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि रूस के खिलाफ दागी गईं मिसाइलों को हमला माना जाएगा। इसके जवाब में रूस यूक्रेन और नाटो के ठिकानों पर कार्रवाई कर सकता है। इसका मतलब है तीसरे विश्व युद्ध का समय आ गया है। यह जमीन से जमीन पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है, जो 300 किलोमीटर दूर तक के लक्ष्य को भेद सकती है। लंबी दूरी तक मार करने की वजह से ही यह मिसाइल यूक्रेन के लिए गेमचेंजर साबित हो सकती है। रूस सरकार ने अमेरिका के इस फैसले के प्रति कड़ी नाराजगी जताते हुए अपने बयान में कहा था कि यह स्वभाविक है कि अमेरिकी निवर्तमान सरकार युद्ध को भड़काना चाहती है। रूस सरकार ने कहा कि 'राष्ट्रपति पुतिन ने सितंबर में ही साफ कर दिया था कि रूस के खिलाफ मिसाइलों के इस्तेमाल का मतलब रूस और नाटो का युद्ध होगा। यूक्रेन के लंबी दूरी की मिसाइलों के इस्तेमाल का मतलब होगा कि अमेरिका इस युद्ध में सीधे तौर पर शामिल हो गया है।

## प्रिंसिपल ने 18 छात्राओं के बाल काटे, सस्पेंड

**देरी से स्कूल आने पर धूप में खड़ा करके पिटाई भी की**

अमरावती, 19 नवंबर (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल ने देरी से आने पर 18 छात्राओं के बाल काट दिए।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रिंसिपल ने नाराज होकर सजा के तौर पर बाल काट हैं। धूप में खड़ा करके पिटाई की। मामला सामने आने के बाद कलेक्टर ने आरोपी प्रिंसिपल को सस्पेंड कर दिया है। आगे की जांच की जा रही है। समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना निदेशक बी. श्रीनिवास राव ने बताया कि यह घटना अल्लूरी सीतारामराजू जिले के जी मदुगुला में आवासीय स्कूल कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) में 15 नवंबर को हुई थी, लेकिन सोमवार को सामने आई। इसके बाद डिपार्टमेंट ने आरोपी प्रिंसिपल यू साई प्रसन्ना के खिलाफ जांच की थी। उन पर लगे आरोप को सही पाया गया, जिसके बाद देर रात कलेक्टर ने निलंबन आदेश जारी कर दिए।

## सुप्रीम कोर्ट और इलाहाबाद हाईकोर्ट उड़ाने की धमकी

मथुरा, 19 नवंबर (एजेंसियां)। प्रयागराज रेलवे स्टेशन, इलाहाबाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट को सोमवार देर रात बम से उड़ाने की धमकी दी गई है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष और जन्मभूमि-शाही ईदगाह केस में वाद दायर करने वाले आशुतोष पांडे के वॉट्सऐप पर धमकी भरा वॉइस मैसेज आया। आज इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह केस में सुनवाई भी है। आशुतोष का दावा है- वॉइस मैसेज पाकिस्तान के नंबर से आया है।

## मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने व्यवस्थाओं में किया बदलाव

### अत्यावश्यक मामलों के लिए तय किए दिन



नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई मामलों को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। जिसके तहत अब पीठें मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को आंशिक रूप से सुने गए नियमित और अत्यावश्यक मामलों की सुनवाई कर सकती हैं।

बात अगर पहले की व्यवस्था की करें तो सुप्रीम कोर्ट की पीठें मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को नियमित मामलों की सुनवाई करती थीं जिन्हें गैर-विविध दिन कहा जाता था। वहीं सोमवार और शुक्रवार को विविध दिन होते थे जब नए मामलों और नोटिस के बाद आने वाले मामलों की सुनवाई होती थी।

**अत्यावश्यक मामलों के लिए दिन**

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश संजीव खन्ना ने नोटिस के बाद के मामलों की लंबितता को कम करने के लिए हाल ही में व्यवस्था में बदलाव किया है। जिसके तहत अब मंगलवार बुधवार और गुरुवार को स्थानांतरण याचिकाओं, जमानत मामलों और अन्य विविध मामलों की सुनवाई की जाएगी। यह बदलाव मुख्य रूप से नोटिस के बाद के मामलों की लंबितता को कम करने के लिए किया गया है। जानकारी के अनुसार अगर जरूरत पड़ी तो इस व्यवस्था की समीक्षा दिसंबर 2024 में या उससे पहले की जाएगी। बता दें कि अभी तक नोटिस के बाद मामले कुल 37,317 हैं जिसमें 20,930 मुख्य और 16,387 जुड़े हुए मामले शामिल हैं। वहीं नियमित मामलों की संख्या लगभग 21,639 है, जिसमें 10,988 मुख्य और 10,651 जुड़े हुए मामले हैं।


## मणिपुर को लेकर आपके हस्तक्षेप की संवैधानिक जरूरत : खड़गे

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। मणिपुर में हुई हालिया हिंसा के बाद हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं। न सिर्फ विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता बल्कि वहां के कई नागरिक संगठनों ने हिंसा पर लगाम लगाने और कुकी उग्रवादियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील की है। इस बीच, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने मणिपुर में बिगड़ते हालात को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। खड़गे ने राष्ट्रपति मुर्मू से मणिपुर में तत्काल हस्तक्षेप का आग्रह किया है। साथ ही कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य के लोग सम्मान के साथ अपने घरों में शांति से रहें। कांग्रेस प्रमुख द्वारा राष्ट्रपति मुर्मू को लिखे गए दो पन्ने के पत्र में कहा गया है कि मणिपुर सरकार और केंद्र पिछले 18 महीनों में मणिपुर में कानून व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में फेल साबित हुई है।

पत्र में उन्होंने कहा कि राज्य में हिंसा के कारण 300 से अधिक लोगों की जान चली गई है, इनमें महिलाएं, बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वहां बिगड़ती कानून-व्यवस्था के कारण करीबन एक लाख लोग आंतरिक विस्थापन का शिकार हुए हैं। वे बेघर हो गए हैं और विभिन्न राहत शिविरों में रहने के लिए मजबूर हैं। पत्र में खड़गे ने लिखा है, मैं मानता हूं कि माननीय महोदया, भारत गणराज्य के राष्ट्रपति और हमारे संविधान के संरक्षक के रूप में यह आपके लिए संवैधानिक रूप से अनिवार्य हो गया है कि आप संवैधानिक औचित्य को बनाए रखें। साथ ही मणिपुर में हमारे अपने नागरिकों के जीवन और संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करें।

# 'अरबों का फंड गंगा घाट तक नहीं पहुंचा'

## नमामि गंगे को लेकर अखिलेश यादव का बीजेपी पर हमला



लखनऊ, 19 नवंबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वारणसी में नमामि गंगे और गंगा के पानी को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने गंगा के पानी को लेकर एनजीटी की टिप्पणी का जिक्र करते हुए सवाल किया कि पिछले दस सालों में इसके नाम पर अरबों रुपये का फंड लिया गया तो वो कहां गया? सपा अध्यक्ष ने गंगा के पानी में प्रदूषण को बेहद शर्मनाक बताते हुए इसकी निंदा की। उन्होने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा- 'जिन्होंने माँ गंगा से झूठ बोला, उनके वादों पर न जाएं। 'नमामि गंगे' व 'स्वच्छ गंगा' के नाम पर भाजपा सरकार में पिछले 10 वर्षों में अरबों रुपयों के फ़ंड निकाले तो गये पर वो फंड मां गंगा के घाट तक नहीं पहुंचे।

**अखिलेश यादव ने साधा निशाना**

फाइलों में गंगा जी के स्वच्छ, अविरल, निर्मल होने के दावों का सच ये है कि वाराणसी में माँ गंगा इतनी दूषित हो चुकी हैं कि पीने योग्य तो छोड़िए, ये जल नहान-स्नान के लायक भी नहीं है। इसी संदर्भ में नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल ने देश के प्रधान संसदीय क्षेत्र 'वाराणसी' के ज़िलाधिकारी महोदय से ये पूछकर सारा सच स्पष्ट कर दिया है कि 'क्या आप गंगाजल पी सकते हैं?' साथ ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल की ये सलाह भी डबल इंजन की सरकार के लिए चुल्लू भर पानी में डूबने के बराबर है कि उनके राज में तथाकथित क्योटो अर्थात काशी के डीएम साहब अपनी पॉवर का इस्तेमाल करते हुए गंगा किनारे एक चेतावनी भरा बोर्ड लगवा दें कि 'ये गंगा जल पीने-नहाने योग्य नहीं है।' निंदनीय भी, शर्मनाक भी! काशी कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा! दरअसल वाराणसी में गंगा और सहायक नदियों के जीर्णोद्धार पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने सख़्त रुख दिखाते हुए ये टिप्पणी की थी जिसे लेकर अखिलेश यादव ने बीजेपी पर हमला किया। एनजीटी ने सुनवाई के दौरान वाराणसी के डीएम एस राजलिंगम से गंगा की स्वच्छता को लेकर सवाल किया और पूछा कि किया आप वाराणसी में गंगा का पानी पी सकते हैं। क्यों यहां गंगा का पानी स्नान और आचमन के योग्य है। एनजीटी ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि आप वहां ये बोर्ड क्यों नहीं लगवाते कि यहां पानी नहाने और पीने के योग्य नहीं है। इसके जवाब में डीएम ने कहा कि ये हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं है। शासन के आदेश के मुताबिक़ ही अधिकारी काम करते हैं।

### शिव मंदिर में मौलवी साहब पढ़ रहे थे निकाह, भनक लगते ही हिंदू संगठनों का हंगामा

गाजियाबाद, 19 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद स्थित एक शिव मंदिर परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब यहां मुस्लिम जोड़ा निकाह करता पकड़ा गया। इस घटना के बाद से ऐसा बवाल मचा कि हिंदू संगठनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। उन्होंने मामले में जांच की मांग की है। मामला मोदीनगर के गोविंदपुरी इलाके का है। यहां शिव शक्ति धाम मंदिर के परिसर में बनी धर्मशाला में निकाह करवाया जा रहा था। यही नहीं, इस निकाह के लिए मंदिर की कमेटी ने 4200 रुपये की रसीद भी काटी, जो शबनम नाम की महिला के नाम पर है। जैसे ही इस बात का पता चला हिंदू संगठनों के लोग मंदिर पहुंचे। वहां देखा कि मौलवी साहब निकाह पढ़ रहे थे।

# शिक्षकों को सीएम नीतीश की सौगात

## आज 140000 शिक्षकों को बांटेंगे नियुक्ति पत्र



गोपालगंज, 19 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार में सरकारी शिक्षक बनने की आस लगाए बैठे अभ्यर्थियों के लिए खुशखबरी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर से बड़ी संख्या में सक्षमता पास शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देने वाले हैं। दरअसल बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि सक्षमता पास एक लाख 40 हजार शिक्षकों को 20 नवंबर को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देंगे। नियुक्ति पाने के बाद सभी सक्षमता पास करनेवाले शिक्षकों सरकारी कर्मी का दर्जा मिल जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सक्षमता पास करने के लिए शिक्षकों को पांच बार मौका दिया जा रहा है। शिक्षकों की संख्या अधिक है, इसलिए थोड़ा समय लग रहा है। बिहार में करीब साढ़े तीन लाख शिक्षक हैं, जो सक्षमता दे रहें हैं। उन्होंने कहा कि काउंसलिंग के बाद एक लाख 40 हजार शिक्षकों को 20 नवंबर को नियुक्त पत्र दिया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सक्षमता पास शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देंगे, इसके बाद से सभी शिक्षक सरकारी सेवक बन जाएंगे। उन्होंने बताया कि बाकी शिक्षकों को भी सक्षमता परीक्षा लेकर उन्हें नियुक्ति पत्र दिया जायेगा।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नियुक्ति पत्र देंगे। बाकी जिला मुख्ययालयों में भी कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। इसके लिए शिक्षा विभाग ने तैयारिया शरू कर दी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि ट्रांसफर पॉलिशी को भी सरकार ने लाया है, जिसे सक्षमता पास शिक्षकों को सहज ही स्वीकार करना पड़ेगा और इमानदारी से छात्रों को पढ़ानी होगी।

### जमीन विवाद में सगे भाइयों में खूनी संघर्ष

गाजीपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। गाजीपुर जिले के सादात थाना क्षेत्र के भीमापार स्थित हुसैनपुर गांव में पुराने जमीनी विवाद को लेकर दो सगे भाईयों में मारपीट और चाकूबाजी हुई। जिसमें एक भाई की मौत हो गई और उसकी पत्नी भी चाकू लगने से बुरी तरह घायल हो गई। उसके पेट की आंत बाहर निकल गई है, जिसे वाराणसी रेफर किया गया है। हालत नाजुक बताई जा रही है। विवाद पम्पिंग सेट को चालू करने को लेकर हुआ था। गांव निवासी 52 वर्षीय राजबली यादव का जमीन को लेकर अपने सगे छोटे भाई कैलाश यादव से काफी समय से विवाद चला आ रहा था, जिसमें दोनों पक्ष एक दूसरे को दुश्मन समझते थे। जमीन के विवाद को लेकर पूर्व में एक बार सुलह भी हो चुका है।

# यूपी में 9 सीटों पर वोटिंग से पहले मुस्लिम महिला वोटर्स के साथ शुरू हुआ खेल! बुर्के वाली बात आई सामने



लखनऊ, 19 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर मतदान आज होना है। मगर इससे पहले समाजवादी पार्टी ने चुनाव आयोग को पत्र लिख सियासी पारा हाई कर दिया है। दरअसल समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम महिला वोटर का नाम लेकर चुनाव आयोग को पत्र लिखा है और बड़ी मांग की है। सपा ने मुस्लिम महिलाओं द्वारा बुर्क़ /नक़ाब पहनकर वोट किए जाने पर पुलिस द्वारा चेकिंग किए जाने पर आपत्ति उठाई है। सपा की इस आपत्ति के बाद उत्तर प्रदेश का राजनीतिक पारा अपने चरम पर पहुंच चुका है।

**डरी हुई हैं मुस्लिम महिलाएं- सपा**

समाजवादी पार्टी की तरफ से चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कहा गया है कि मुस्लिम महिलाओं के बुर्का हटाने को लेकर वह डरी हुई हैं। इस डर की वजह से वह मतदान नहीं कर पाती हैं। सपा ने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा है कि पुलिस के पास मतदाता पहचान पत्र की जांच का अधिकार नहीं हो। पुलिस पहचान के लिए बुर्का-नकाब हटा लेती हैं, जिससे मुस्लिम महिलाएं डरी हुई हैं।

**'पुलिस के पास नहीं हो मतदाता पहचान पत्र का अधिकार'**

समाजवादी पार्टी ने चुनाव आयोग से मांग की है कि पुलिस के पास मतदाता पहचान पत्र जांच करने के अधिकार नहीं हो। मुस्लिम वोटर पुलिस द्वारा नक़ाब हटाने को लेकर काफी भयभीत हैं। सपा का कहना है कि इससे मुस्लिम महिलाएं अपने मत अधिकार का इस्तेमाल नहीं कर पाती और वह इसको लेकर डरी हुई हैं।

**इन सीटों पर होना है उपचुनाव**

आपको बता दें कि कल यानी 20 नवंबर को उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। जिन सीटों पर उपचुनाव होना है, उनमें कुंदरकी, मीरापुर, गाजियाबाद, फूलपुर, कटेहरी, मझवा, खैर, सीसामऊ, करहल विधानसभा सीट शामिल हैं।

# 'सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए'

## बिहार में धर्मांतरण पर गिरिराज सिंह ने जताई नाराजगी



पटना, 19 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार के विभिन्न जिलों में धर्मपरिवर्तन के मामले पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सख्त नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि ये यह समाज और संस्कृति पर सीधा हमला है। इसे बर्दाशत नहीं किया जाएगा। गिरिराज सिंह ने बक्सर मोतिहारी लखीसराय में किस तरीके से धर्मांतरण कराया जा रहा है, ये सब जानते हैं। अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर गिरिराज सिंह ने कि बक्सर समेत बिहार के कई जिलों में पादरियों द्वारा धर्मपरिवर्तन का धंधा जोरों पर है। यह समाज और संस्कृति पर सीधा हमला है। हम सभी हिंदुओं को सजग रहना चाहिए और सरकार को फौरन सख्त कदम उठाने चाहिए और ऐसे गतिविधियों में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि भोजपुर जिले के रानीसागर में 10% दलित-अतिपिछड़ों पर 90% मुसलमानों द्वारा अत्याचार हो रहा है। यह अस्वीकार्य है। मैं बिहार सरकार से मांग करता हूं कि तुरंत कार्रवाई हो। मैं भी समय निकाल कर अपने दलित और पिछड़े भाइयों से मिलने जाऊंगा। केंद्रीय मंत्री और बीजेपी सांसद ने कहा कि मुसलमान के जरिए दलित और पिछड़े पर अत्याचार हो रहे हैं। इस पर तेजस्वी और कांग्रेस की चुप्पी क्यों है? किस तरीके से धर्मांतरण किया जा रहा है। इस पर तेजस्वी यादव की जुबान नहीं खुलेगी कांग्रेसी की जुबान नहीं खुलेगी।

### 'पुलिस अब नहीं करेगी खनन वाहन की जांच'

# नई माइनिंग नीति को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा सख्त



पटना, 19 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने नई खनन नीति को लेकर बिहार ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के साथ बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने मंगलवार को कहा कि अवैध खनन को रोकने और ट्रक मालिकों को राहत पहुंचाने के लिए खनन विभाग में बड़ा फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार में पुलिस कार्रवाई पूरी तरह से रोकनी होगी। अब नई खनन नीति के तहत पुलिस खनन वाहन की जांच नहीं करेगी। पुलिस खनन विभाग के अधिकारी के सामने खनन वाहन की जांच करेगी। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि नई खनन नीति को लेकर बिहार ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के साथ बैठक की। नई खनन नीति को लेकर ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन पूरी तरह से तैयार हैं। एसोसिएशन की ओर से सहयोग का आश्वासन मिला है। कुछ शर्तें रखी गई हैं। विजय सिन्हा ने कहा कि हम अपने बिहार के लोगों का रोजगार बढ़ाना चाहते हैं। इसलिए अब कोई अवैध तरीके से किसी की भी मनमानी नहीं चलेगी। उन्होंने ये भी कहा कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग को जड़ से समाप्त करने की कोशिश में हर क्षेत्र से सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आरजेडी शासनकाल में जो अनियमितताएं हुई हैं, उसकी जांच कराई जाएगी। जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। कई जिले में ऐसे मामले सामने आए हैं, जिसमें आरजेडी ने सरकार में रहते हुए अपने लोगों को लाभ पहुंचाया है। विजय सिन्हा ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि जब आरजेडी बिहार सरकार का हिस्सा थी, तब इंजीनियरों और ठेकेदारों की मिलीभगत से बड़ा खेल खेला गया था।

# मेरठ में सैलून से हनीट्रैप 20 लोगों को फंसाया

मेरठ, 19 नवंबर (एजेंसियां)। मेरठ में सैलून की आड़ में 1 साल से हनीट्रैप का रैकेट चल रहा था। रईसजादों को वॉट्सऐप पर लड़कियों की अश्लील तस्वीर भेजी जाती। कस्टमर लड़की बुक करता। जब वहां पहुंता तो हिडेन कैमरे से न्यूड वीडियो बना ली जाती। कस्टमर के वापस घर पहुंचने के बाद सैलून से कॉल जाता। रेप केस से लेकर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जा रहा था। पुलिस रेड के बाद 20 ऐसे लोगों का पता चला है। मेरठ के मेडिकल इलाके में 1 साल पहले द सीजर्स फैमिली यूनिसेक्स सैलून खोला गया। बाहर लगे बोर्ड से अंदाजा नहीं लगाया जा सकता कि अंदर सेक्स रैकेट चलता होगा। केस की जांच करने वाले इंस्पेक्टर ने बताया- मसाज पार्लर पर रेड डाली गई, तो हर केबिन के अंदर से लड़के और लड़कियां मिलीं। उनके शरीर पर कपड़े नहीं थे। रिसेप्शन पर जो एंट्री रजिस्टर मिले, उसमें 1 साल की एंट्रियां थीं। इसमें कस्टमर का नाम, पता, मोबाइल नंबर और पेमेंट की डिटेल थी। इसमें पार्लर संचालिका का नाम आयशा लिखा था। यह भी लिखा गया कि किस कस्टमर के पास कौन-सी लड़की गई। मसाज पार्लर में जिस कस्टमर को ब्लैकमेल के लिए टारगेट करना होता, उसके नाम के आगे लाल निशान लगा दिया जाता। ये वही कस्टमर होता, जो दो-तीन बार पहले सर्विस लेकर जा चुका होता। इसके बाद उसे ब्लैकमेल किया जाता। इसमें सर्विसमैन, इंडस्ट्रियलिस्ट और पैसे वालों को तलाशा जाता, जो ब्लैकमेलिंग की रकम दे सकते हों। रजिस्टर के अनुसार, अब तक 20 से ज्यादा लोगों को हनीट्रैप का शिकार बनाया जा चुका है।

### छात्रावास के बाथरूम में हिडन कैमरा शॉवर में छिपा था

#### छह छात्राओं को मिले धमकी भरे मैसेज; जमकर हुआ हंगामा

जौनपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। जौनपुर के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्व विद्यालय के छात्रावास के बाथरूम में गुप्त कैमरा होने का आरोप लगाते हुए छात्राओं ने रात हंगामा किया। मामला मीराबाई छात्रावास का है। सूचना पर पुलिस और कुलपति प्रो. वंदना सिंह भी पहुंच गईं। हंगामे के दौरान एक छात्रा बेहोश होकर गिर गई तो कुलपति ने अपनी गाड़ी से उसे अस्पताल भिजवाया। इस दौरान छात्राएं सोशल मीडिया पर लाइव आकर अपनी बातें कह रही थीं। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर छात्र भी सड़क पर आ गए। उन्होंने एक एंबुलेंस समेत कुछ वाहनों को रोककर हंगामा किया। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मीराबाई छात्रावास में बाथरूम में एक गुप्त कैमरा होने की बात पर छात्राएं भड़क गईं।

### डॉक्टर ने ऑपरेशन के दौरान पेट में छोड़ा कपड़ा

दरभंगा, 19 नवंबर (एजेंसियां)। डीएमसीएच के मदर एंड चाइल्ड केयर सेंटर में एक गर्भवती की सिजेरियन डिलीवरी के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है। गर्भवती महिला का सिजेरियन करने के दौरान डॉक्टर ने पेट के अंदर टेट्रा (कपड़ा) छोड़ दिया। इसकी वजह से महिला के ऑपरेशन वाले हिस्से में घाव बन गया। उसकी हालत गंभीर है। इलाज के लिए डीएमसीएच के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। दरअसल, जाले प्रखंड के कमतौल के ब्रह्मपुर पश्चिमी गांव के शिवम ठाकुर की पत्नी अंजीला (22) की डीएमसीएच में 8 अक्टूबर को सिजेरियन से डिलीवरी हुई। 14 अक्टूबर को उसे डिस्चार्ज कर दिया गया। उसके बाद से ही उसे पेट में दर्द रहने लगा। घाव सुखने की जगह बढ़ता जा रहा था और उसमें पस भर गया। रविवार को पति ने स्थानीय डॉक्टर से महिला को दिखाया। ऑपरेशन वाले हिस्से की ड्रेसिंग हुई। उस दौरान महिला के पेट से सूती कपड़े का बना टेट्रा निकला। जिसे ऑपरेशन के समय डॉक्टर खून साफ करने के लिए इस्तेमाल करते हैं। पति ने इस ड्रेसिंग का वीडियो बना लिया। जिसमें सूती कपड़े का बड़ा टुकड़ा पेट से निकालते दिख रहा है।

पीड़िता के पति ने डीएमसीएच के डॉक्टर्स पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बताया कि ऑपरेशन के बाद डॉक्टर की लापरवाही की वजह से टेट्रा पेट के अंदर छूट गया। सर्जरी वाले भाग की सिलाई कर दी गई। शिवम कुमार ने वीडियो को प्रशासनिक स्तर पर भेजा है। फिलहाल उसे इलाज के लिए डीएमसीएच में ही भर्ती कराया है।

# यूपी के 5 जिलों में प्रदूषण से स्कूल बंद



मेरठ, 19 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई राज्यों में लोगों को प्रदूषण की मार झेलनी पड़ रही है। दिल्ली एनसीआर में एक्यूआईर गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। इस बीच लोगों स्वास्थ्य को देखते हुए अलग-अलग राज्यों की सरकारों द्वारा कई फैसले लिए जा रहे हैं। दिल्ली में ग्रेप 3 को लागू कर दिया गया है। वहीं इस बीच यूपी में वायु प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए स्कूलों को बंद करने के आदेश दिया गया है। गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा इसे लेकर आदेश जारी किया गया है, जिसमें कहा गया है कि खराब वायु गुणवत्ता के कारण फिजिकल क्लासेस बंद रहेंगे और ऑनलाइन माध्यम से क्लासेस चलाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली में एक्यूआई 450 के पार जा चुका है जो कि बेहद गंभीर श्रेणी को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि जिले में वायु प्रदूषण का स्तर खतरे के निशान के ऊपर है।

**मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद में स्कूल बंद**

इसके अलावा मेरठ में भी 12वीं तक के स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। मेरठ में ग्रेप 4 को लागू कर दिया गया है। मेरठ के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने इस बाबत आदेश जारी किया और अग्रिम आदेशों तक जिले में स्कूलों को बंद रखा जाएगा। बता दें जिलाधिकारी ने ऑनलाइन क्लासेस को सस्पेंड कर दिया है और ऑनलाइन माध्यम से क्लासेस चलाने का आदेश दिया है जिसका सख्ती से पालन किया जाएगा। वहीं हापुड़ के जिला विद्यालय निरीक्षक ने भी आदेश जारी करते हुए अत्यधिक कोहरे और प्रदूषण के चलते कक्षा 1 से 12वीं तक के स्कूलों को बंद कर दिया है।

# भदोही एमएलए की फरार पत्नी ने इलाहाबाद एचसी में दाखिल की अग्रिम जमानत अर्जी



**21 नंवबर को सुनवाई**

भदोही, 19 नवंबर (एजेंसियां)। भदोही से सपा विधायक जाहिद बेग के घर में नाबालिग नौकरानी की आत्महत्या का मामले में सीमा बेगम की याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। बता दें कि जेल में बंद विधायक जाहिद बेग की फरार पत्नी सीमा बेगम ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए अर्ज़ी दाखिल की थी। याचिकाकर्ता सीमा बेगम के वकील ने सपप्लिमेंट्री एफिडेविट दाखिल करने के लिए हाईकोर्ट से दो दिन का समय मांगा है। वहीं अब मामले की अगली सुनवाई 21 नवंबर को होगी। दरअसल 14 सितंबर 2024 को भदोही जिले के भदोही थाने में एसआई हरदत्त पांडेय की तहरीर पर सपा विधायक जाहिद बेग और उनकी पत्नी, बेटे के खिलाफ नाबालिग किशोरी से मजदूरी कराने और उसको आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था। नाबालिग नौकरानी 9 सितंबर 2024 को विधायक के घर में मृत पाई गई थी। इस मामले में विधायक जाहिद बेग और उनके बेटे को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है और दोनों जेल में बंद हैं। भदोही पुलिस ने पहले विधायक के बेटे जईम को गिरफ्तार किया था। इसके बाद विधायक जाहिद बेग ने कोर्ट में सरेंडर किया था। वहीं विधायक की पत्नी सीमा बेगम अब तक फरार चल रही है।

कोर्ट के आदेश की अवहेलना करने पर पुलिस ने सीमा बेगम के खिलाफ धारा 209 के तहत मामला दर्ज किया है। इसमें विधायक की पत्नी सीमा बेगम की संपत्ति को कुर्क करने का आदेश है। जिला अदालत के आदेश के बाद नाबालिग नौकरानी के आत्महत्या मामले में फरार सीमा बेगम की संपत्ति को पुलिस ने कुर्क किया है। बता दें कि सपा विधायक जाहिद बेग प्रयागराज के नैनी जेल और उनका बेटा वाराणसी जेल में बंद है जबकि उनकी पत्नी सीमा की तलाश जारी है। पुलिस और श्रम विभाग की टीम ने एक और नाबालिग नौकरानी को विधायक के घर से मुक्त कराया था। इस मामले की सुनवाई जस्टिस समित गोपाल की सिंगल बेंच कर रही है।

# "झारखंड में लौट रही इंडिया गठबंधन की सरकार"

## अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा- हमने मुद्दों पर चुनाव लड़ा है



पटना, 19 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ। अखिलेश प्रसाद सिंह ने दावा किया कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार के प्रति आम लोगों में जबरदस्त समर्थन है और लोगों ने मन बना लिया है कि वापस से महागठबंधन की सरकार को झारखंड में स्थापित करना है। 'जमीन पर भाजपा और उसके सहयोगियों के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश' झारखंड विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण के दो दिवसीय प्रचार से लौटे डॉ। अखिलेश प्रसाद सिंह ने पटना हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि झारखंड में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लगातार दौरे करके चुनाव में हेमंत सोरेन को मजबूती प्रदान कर दी है। अंतिम चरण में कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशियों के जीत के लिए वे आश्वस्त हैं और उनके पक्ष में कई बैठकों और रैलियों को संबोधित करने के बाद सघन जनसंपर्क और डोर टू डोर कैंपेन में भी मैं शामिल रहा, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि जमीन पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगियों के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश है और आम जनता हेमंत सोरेन को फिर से मुख्यमंत्री का पद देने जा रही है। 'हमने मुद्दों पर चुनाव लड़ा है' कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के भ्रमण से यह साफ दिख रहा है कि जनता जागृत है और उन्हें पूंजीपतियों के हाथों गिरवी रखने वाले भाजपा के खिलाफ ही जनादेश देने का मन है। हमने मुद्दों पर चुनाव लड़ा है और पिछले कार्यकाल में जिस मजबूती से हमने झारखंड के वर्षों से लंबित कार्यों को सुचारू रूप से सुधारवादी कदमों से बेहतर क्रियान्वयन किया है उसका परिणाम हमें जरूर मिलेगा।

### दुष्कर्म पीड़िता 13 वर्षीय किशोरी ने बेटी को दिया जन्म

बुलंदशहर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। स्याना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म के बाद गर्भवती हुई 13 वर्षीय किशोरी ने जिला महिला अस्पताल में बेटी को जन्म दिया है। प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा दोनों भर्ती हैं। दुष्कर्म का आरोपित राधा स्वामी सत्संग व्यास आश्रम का 75 वर्षीय सेवादार 24 अक्टूबर से जेल में बंद है। स्वजन दुष्कर्म पीड़ित बेटी के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। स्याना के एक गांव स्थित राधा स्वामी सत्संग व्यास आश्रम में गांव का ही सेवादार 75 वर्षीय सोहनपाल सिंह गांव की दो बच्चियों को साइकिल सिखाने के बहाने बुलाता था। इसी बीच उसने बहला फुसलाकर उनके साथ आश्रम में दुष्कर्म किया। इनमें एक किशोरी 12 वर्ष और दूसरी 13 वर्षीय है। दुष्कर्म का पता तब चला जब 13 वर्षीय किशोरी गर्भवती हुई। स्वजन की तहरीर पर 23 अक्टूबर 2024 को स्याना कोतवाली पुलिस ने आरोपित सेवादार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

### विहिप नेता ने नायब तहसीलदार से की अभद्रता, दी धमकी


# नेता जी की जेसीबी से हो रहा था खनन रोकने पर दोनों पक्षों में हुई बहस

कौशांबी, 19 नवंबर (एजेंसियां)। कौशांबी नपा क्षेत्र के टिकरडीह गांव में मिट्टी का अवैध खनन करने पर नायब तहसीलदार को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। जेसीबी संचालक और विहिप नेता ने नायब तहसीलदार अतुल कुमार को अपने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ घेर लिया और उनके साथ अभद्रता की। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी कुछ नहीं कर सके और तमाशबीन बने रहे। सिराथू तहसील के टिकरडीह गांव में अवैध खनन की सूचना मिलने के बाद एसडीएम ने नायब तहसीलदार अतुल कुमार को मौके पर कार्रवाई करने के लिए भेजा। नायब तहसीलदार के साथ थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। जैसे ही नायब तहसीलदार ने जेसीबी मशीन को कब्जे में लिया और मिट्टी खनन की जांच शुरू की, विहिप जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला और उनके समर्थक मौके पर पहुंच गए। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। विहिप नेता अवधेश नारायण शुक्ला ने नायब तहसीलदार की कार्रवाई का विरोध किया और उन्हें भला-बुरा कहते हुए अभद्रता शुरू कर दी। गाली-गलौज के बीच शुक्ला ने नायब तहसीलदार को धमकी दी कि वह उनके कारनामों का खुलासा करेंगे और सड़क जाम करने की बात कही। यह स्थिति तनावपूर्ण हो गई, लेकिन नायब तहसीलदार के सुरक्षा में आए पुलिसकर्मी विहिप नेताओं के सामने मूक दर्शक बने रहे। यह पहली बार नहीं है जब प्रशासनिक अधिकारियों को खनन माफियाओं का विरोध सहना पड़ा है।

इससे पहले मंझनपुर के दो नायब तहसीलदारों पर भी खनन माफियाओं ने जानलेवा हमला किया था। इस घटना के बाद मंझनपुर थाना पुलिस ने नामजद आरोपियों और अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था, लेकिन अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। ऐसे में प्रशासन और पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठ रहे हैं।

# कालेश्वरम परियोजना के बिना, तेलंगाना में धान की पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची : डिप्टी सीएम

**आदर्श किसानों और वैज्ञानिकों को पुरस्कार प्रदान किए**



हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना पर निर्भर हुए बिना तेलंगाना में इस साल धान की पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची, जिसका श्रेय तत्कालीन कांग्रेस शासकों द्वारा दूरदर्शिता के साथ बनाए गए बहुउद्देशीय परियोजनाओं को जाता है। उपमुख्यमंत्री मंगलवार को यहां नामपल्ली के प्रदर्शनी मैदान में आयोजित इंदिरा गांधी कृषि योग्यता पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि थे। यह समारोह पीसीसी के तत्वावधान में जन शासन (प्रजा पालन) के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर आदर्श किसानों और वैज्ञानिकों को पुरस्कार प्रदान किए गए। उन्होंने समारोह में इंदिरा-भारत की धड़कन नामक तीन पुस्तकों का विमोचन भी किया। बाद में बैठक में किसानों को संबोधित करते हुए भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने विपक्ष में रहते हुए जो कहा था कि बीआरएस झूठा प्रचार कर रही है कि कालेश्वरम परियोजना के कारण तेलंगाना में धान की खेती बढ़ी है, वह आज साबित हो गया है। हालांकि कालेश्वरम एलआई परियोजना के तहत मेडिगेटा बैराज डूब गया था और अन्नाराम और सुंडिला बैराज में पानी जमा करने का कोई तरीका नहीं था, लेकिन इस साल कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान करने के लिए तत्कालीन कांग्रेस शासकों द्वारा निर्मित कृष्णा नदी पर नागार्जुन सागर, श्रीशैलम, जुराला, नेटरमपाडु, कोइला, कलवाकुर्ती एलआई परियोजनाओं और गोदावरी पर एसआरएसपी, देवदुला, श्रीपदा येलमपल्ली और अन्य बहुउद्देशीय परियोजनाओं के कारण धान की पैदावार में वृद्धि हुई है। बीआरएस शासक, जो 10 साल तक सत्ता में रहे, उन्होंने किसानों को फसल नुकसान का मुआवजा नहीं दिया और उन्होंने फसल बीमा योजना भी लागू नहीं की। भट्टी ने बताया कि कांग्रेस सरकार दोनों योजनाओं को लागू कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार ने कृषि के मशीनीकरण, पॉलीहाउस, सब्सिडी पर बीज वितरण और पिछली बीआरएस सरकार द्वारा भुला दी गई अन्य योजनाओं को भी बहाल किया है। भट्टी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से किसानों के लाभ के लिए जन सरकार द्वारा लागू की जा रही कल्याणकारी और विकास योजनाओं का प्रचार करने और उन्हें प्रत्येक किसान तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# बीआरएस नेता ने सीएम के दामाद के खिलाफ ईडी में दर्ज कराई शिकायत

**मैक्सबियन फार्मा विवाद**



नई दिल्ली, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस नेता मन्ने कृषांक ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के दामाद गोलुगुरी सत्यनारायण के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें मैक्सबिएन फार्मा से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। ईडी ने शिकायत मिलने की बात स्वीकार की है। दिल्ली में ईडी मुख्यालय में प्रस्तुत की गई शिकायत में कोडंगल में मैक्सबियन फार्मा के लिए भूमि अधिग्रहण पर गंभीर चिंता जताई गई है, जहां किसान अपनी जमीन देने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव द्वारा हाल ही में गोलुगुरी सत्यनारायण रेड्डी की मैक्सबियन फार्मा में निदेशक के रूप में भूमिका के बारे में किए गए खुलासे के बाद विवाद ने गति पकड़ी, जहां उनके पास कथित तौर पर 16 लाख शेयर हैं। इसके अलावा, अन्नम शरत और उनकी फर्म एसवीएस फैसिलिटी के पास सामूहिक रूप से कंपनी के 21 लाख शेयर हैं।

# कांग्रेस प्रवक्ता ने सीएम के भाई पर साधा निशाना

विकाराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कोडंगल में स्थानीय लोगों के बाद अब विकाराबाद में कांग्रेस पार्टी के नेता मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उनके भाई ए तिरुपति रेड्डी की मनमानी और आदिवासी किसानों की भूमि अधिग्रहण के एकतरफा फैसले पर कड़ी आपत्ति जता रहे हैं। उनका कहना है कि इस तरह की 'गुंडागर्दी' से पार्टी को चुनावों में, खासकर स्थानीय निकाय चुनावों में, नुकसान उठाना पड़ेगा। इसका मुख्य कारण लागाचेरला और पड़ोसी गांवों में फार्मा गांव की स्थापना के लिए आदिवासी किसानों की भूमि के अधिग्रहण को लेकर उत्पन्न विवाद है। विकाराबाद कांग्रेस के आधिकारिक प्रवक्ता राजशेखर रेड्डी का मुख्यमंत्री और उनके भाई तिरुपति रेड्डी पर निशाना साधते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में राजशेखर रेड्डी तिरुपति रेड्डी की इस टिप्पणी की निंदा करते हुए दिखाई दे रहे हैं कि फार्मा विलेज बनाया जाएगा और अगर जरूरत पड़ी तो इसके लिए जबरन जमीन अधिग्रहित की जाएगी। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री के भाई इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयान तुरंत वापस लें। अगर किसान और ग्रामीण अपनी जमीन देने को तैयार नहीं हैं, तो सरकार उन्हें मजबूर नहीं कर सकती। वैकल्पिक स्थानों की पहचान करनी होगी। वे कहते हैं कि कोई तानाशाह की तरह काम नहीं कर सकता और किसानों से जमीन देने की मांग नहीं कर सकता। राजशेखर रेड्डी ने कहा कि तिरुपति रेड्डी फार्मा गांव के लिए अपनी पुश्तैनी जमीन, अगर कोई हो, दे सकते हैं। लेकिन विकाराबाद में उनका वर्चस्व पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा रहा है। इसका असर अगले स्थानीय निकाय चुनावों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यदि लागाचेरला और पड़ोसी गांवों में अशांति का प्रभाव और अधिक फैल गया तो कांग्रेस नेता पूरे राज्य में सड़कों पर उतरने की स्थिति में नहीं होंगे।

# मंत्री ने इंदिरा महिला शक्ति मेले का दौरा किया



हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस पीपुल्स सरकार के सार्वजनिक शासन समारोह के वर्ष के हिस्से के रूप में हनमकोंडा के आर्ट्स कॉलेज ग्राउंड में आयोजित इंदिरा महिला शक्ति मेले में वन, पर्यावरण और धर्मार्थ मंत्री, श्रीमती कोंडा सुरेखा, सूचना, नागरिक, राजस्व और आवास मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, सीएम के मुख्य सलाहकार, वेम नरेंद्र रेड्डी अन्य ने दौरा किया। मंत्री सुरेखा ने स्टॉलों में लगे उत्पादों का निरीक्षण किया और प्रबंधकों से उत्पादों के बारे में जानकारी ली। आयोजकों के अनुरोध पर हाथों पर मेहंदी रचाई गई। खूब खादी उत्पाद खरीदे गए। इस अवसर पर वारंगल के प्रभारी मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने स्थानीय मंत्री कोंडा सुरेखा को एक साड़ी भेंट की और उनके बीच स्नेह व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में विधायक नागराजू, राजेंद्र रेड्डी, एमएलसी बसवाराजू सरैया, स्थानीय कांग्रेस नेता और अन्य लोग शामिल हुए।


## CLASSIFIEDS

**CHANGE OF NAME**

I, RAMA KUMARI Legally wedded Spouse of 665857-A SGT SATYANARAYANA PULI R/O: F.No. 301, Plot No. 15 GREEN SPACE LOTUS, YENDAMURI LAYOUT,NEAR GHMC PARK,GAJULARAMARAM,QUTHBULLAPUR MANDAL, MEDCHAL MALKAJGIRI DISTRICT, TG-055 have changed my name from RAMA KUMARI to PULI RAMA KUMARI and DOB is 20-05-1962 vide Affidavit Dt.18-11-2024 duly SD.by J.MADHURAVANI ADV&NOTARY

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।


# पूर्व विधायक पटनम नरेंद्र रेड्डी के लिए अलग बैरक

हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने आदेश दिया है कि बीआरएस के पूर्व विधायक पटनम नरेंद्र रेड्डी को चेरलापल्ली जेल में एक विशेष बैरक प्रदान की जाए। लागाचेरला घटना के सिलसिले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए नरेंद्र रेड्डी ने अदालत से अनुरोध किया है कि जेल में अन्य कैदियों से एक अलग बैरक आवंटित करने का निर्देश दिया जाए। उनकी याचिका पर सुनवाई करने वाली अदालत ने चेरलापल्ली जेल अधीक्षक को यह व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने रेड्डी को जेल में रहते हुए घर का बना खाना देने की अनुमति दे दी है। न्यायमूर्ति श्रीदेवी की अध्यक्षता वाली पीठ जल्द ही रद्द करने की याचिका पर सुनवाई करेगी।

# जनता का विश्वास जीतने के लिए काम करना जरूरी : महापौर

## प्रजावाणी, माई जीएचएमसी ऐप, ट्विटर और ऑनलाइन शिकायत निवारण की समीक्षा



हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी ने अधिकारियों को जनता के बीच आने वाली शिकायतों को 15 दिनों के भीतर हल करने का निर्देश दिया है। मंगलवार को मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी ने जीएचएमसी मुख्यालय के कमांड कंट्रोल रूम में अतिरिक्त आयुक्तों, जोनल आयुक्तों और एचओडी के साथ प्रजावाणी, माई जीएचएमसी ऐप, ट्विटर और ऑनलाइन शिकायत निवारण की समीक्षा की। इस अवसर पर, उन्होंने कहा कि जीएचएमसी मुख्यालय, जोनल और सर्कल स्तर पर, सार्वजनिक रूप से टाउन प्लानिंग के बारे में अधिक शिकायतें हैं और संबंधित अधिकारियों से कारणों के बारे में पूछा। शिकायतों के निस्तारण का विश्लेषण करते हुए सुझाव दिया गया है कि यदि नगर नियोजन के संबंध में प्रारंभिक चरण में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो जांच, निरीक्षण एवं कार्रवाई की जानी चाहिए। समस्या के समाधान को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। जनता का विश्वास बनाये रखने के लिए अधिकारी प्रतिबद्धता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रजावाणी के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाये। शिकायतों का समय पर समाधान करने पर ध्यान देने की सलाह दी गई है। यदि समस्या का समाधान हो सकता है तो एक सप्ताह के अन्दर समाधान किया जाये, यदि समाधान न हो सके तो शिकायतकर्ता को कारण बताया जाये। इसी प्रकार माई जीएचएमसी ऐप, ट्विटर और ऑनलाइन पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय के भीतर तुरंत समाधान किया जाना चाहिए। अतिरिक्त आयुक्त शिवकुमार नायडू, नलिनी पद्मावती, गीता राधिका, स्नेहा सबरीश, सुभद्रा देवी, सत्यनारायण, वेणुगोपाल रेड्डी, चंद्रकांत रेड्डी, पंकजा, सरोजा, रघु प्रसाद, अशोक सम्राट, जोनल आयुक्त हेमंत केशव पाटिल, अनुराग जयंती, अपूर्व चौहान, रवि किरण, उपेन्द्र रेड्डी, सीएमएचओ पद्मजारानी, मुख्य पशु चिकित्सा डॉ. अब्दुल वकील और अन्य ने भाग लिया।




द्वितीय पुण्यतिथि

(पूर्व अध्यक्ष श्री आईजी गौशाला)

स्व. श्री कानारामजी काग

: सुपुत्र : स्व. श्री गोमारामजी काग

मरुधर में गाँव बिलाड़ा बेरा – बिल्दा : स्वर्गवास : 20 नवम्बर 2022

हर मुश्किल में आपकी जरूरत महसूस होती हैं, हर खुशी में आपकी कमी महसूस होती हैं,
बिछुड़कर इस कदर दिल मे बसे हो आप की, हर पल आँखों मे नमी महसूस होती है।

: श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता : माड़ीबाई (धर्मपत्नी),
नेमाराम-लक्ष्मीदेवी, महेंद्र-इन्द्रादेवी, ओमप्रकाश नितुदेवी (पुत्र-पुत्रवधु),
फुलीदेवी-मंगलारामजी लेरचा (पुत्री-दामाद), राहुल, रोहित, नितेश, कुनाल,
यशवन्त (पौत्र), पुजा (पौत्री) एवं समस्त काग परिवार

: फर्म : श्री बालाजी ज्वैलर्स – धम्माईगुड़ा
अम्बिका ज्वैलर्स – धम्माईगुड़ा
ओम ज्वैलर्स – बंडलागुड़ा

9866472593, 9701517854,
9948422095, 9948902189

AAIMAA ADS


# पुलिस ने महिला संगठन जेएसी सदस्यों को लागाचेरला जाने से रोका



विकाराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। लागाचेरला में हुई अप्रिय घटनाओं के एक सप्ताह बाद भी गांव और आस-पास के गांवों में प्रतिबंध जारी हैं। मंगलवार को महिला संगठनों की संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) के सदस्यों को लागाचेरला और रोटीबांडा थांडा जाने और पीड़ित परिवारों से बात करने की अनुमति नहीं दी गई। इस झड़प में पुलिस ने कथित तौर पर महिला सदस्यों के कपड़े फाड़ दिए। सरकार और पुलिस की ज्यादतियों की निंदा करते हुए जेएसी सदस्यों ने सवाल उठाया कि उन्हें गांव में जाने और वहां की महिलाओं से बातचीत करने से क्यों रोका जा रहा है।

संध्या, पद्मजा शॉ, सिस्टर लिजी, झांसी, अनसूया, गीता और अन्य सहित जेएसी सदस्य आदिवासी किसानों, विशेषकर महिलाओं के साथ पुलिस और सरकार द्वारा उनके खिलाफ किए जा रहे अत्याचारों के बारे में बातचीत करना चाहते थे। सदस्यों ने कहा कि यह जेएसी द्वारा लागाचेरला और रोटीबंडा थांडा में किया जा रहा एक तथ्यान्वेषी अध्ययन है। उन्होंने कहा कि गांवों की महिलाओं द्वारा पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार के अलावा उन पर किए गए हमलों के संबंध में कई शिकायतें दर्ज कराई गई हैं।

गांव का दौरा करने से पहले, जेएसी सदस्यों ने कहा कि उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक और एमएलसी कोडंडाराम से भी बात की थी।

लेकिन फिर भी, उन्हें बोमरसपेट मंडल के अंतर्गत टुनकीमेटला गांव में पुलिस ने रोक दिया। जेएसी सदस्यों द्वारा यह स्पष्ट करने के बाद भी कि वे मीडिया को शामिल किए बिना निजी तौर पर परिवारों से बात करेंगे, पुलिस ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। पुलिस के इनकार से नाराज़ होकर जेएसी सदस्य संध्या ने अधिकारियों से गांव में जाकर पीड़ित परिवारों से बात करने को कहा। फिर भी, उन्होंने उन्हें लागाचेरला की ओर जाने की अनुमति नहीं दी। अगर पुलिस ने महिलाओं पर कोई हमला नहीं किया था, तो वे क्यों चिंतित थे और पीड़ित परिवारों से बात करने की अनुमति क्यों नहीं दे रहे थे।


## PUBLIC NOTICE

It is hereby informed to the general public that M/s Sanghi Industries Ltd, M/s Sanghi Leathers Pvt Ltd, M/s Sanghi Zip Fasteners Pvt Ltd, M/s Sanghi Textiles Pvt. Ltd, M/s Sanghi Plantations Ltd, M/s Sanghi Spinners India Limited & M/s Sanghi Poly Zips Pvt Ltd, having entered into Agreement of Sale to sell the lands mentioned in the schedule, totally admeasuring Ac.652-22 Guntas, in favour of my client M/s SANGHI SEZ PVT LTD, rep by its Director, vide registered Agreement of Sale bearing Document No.7496/2007, dt.04.06.2007, have inducted my client into the actual, physical and vacant possession of the same and also conferred all the powers to deal with the said lands including sale. The said 7 Companies sup-pressing the subsisting Agreement of Sale in favour of my client are offering the schedule mentioned lands for sale, development and mining etc, to cause loss to my client. In view of the said facts, the general public are hereby cautioned not to negotiate and enter into any transactions with above said 7 companies in respect of the schedule mentioned property. Inspite of this public notice, if any person deals with the said companies in respect of the schedule mentioned property, they will be doing so at their own risk and costs.

SCHEDULE PROPERTY

The lands agreed to be sold by M/s Sanghi Industries Limited: Land admeasuring Ac.26.32 Gts, covered by Sy Nos.661 & 571, situated at Koheda village, Hayath Nagar Mandal, Ranga Reddy District.

The lands agreed to be sold by M/s Sanghi Leathers Pvt Limited: Land admeasuring Ac.31.35 Gts, covered by Sy Nos.385, 397 & 402, situated at Koheda village, Hayath Nagar Mandal, Ranga Reddy District.

The lands agreed to be sold by M/s Sanghi Zip Fasteners Pvt Limited: Land admeasuring Ac.28.27Gts, covered by Sy Nos.510, 508, 422 & 440, situated at Koheda village, Hayath Nagar Mandal, Ranga Reddy District.

The lands agreed to be sold by M/s Sanghi Textiles Pvt Limited: Land admeasuring Ac.71.02 Gts, covered by Sy Nos 397, 417, 380, 381, 382, 384, 386, 367, 389, 390, 391, 393, 394, 395, 396, 398, 399, 401, 403, 404, 407 & 416 situated at Koheda village, Hayath Nagar Mandal, Ranga Reddy District.

The lands agreed to be sold by M/s Sanghi Plantations Limited: Land admeasuring Ac.33.33 Gts, covered by Sy Nos.22, 416, 428 & 430, situated at Koheda village, Hayath Nagar Mandal, Ranga Reddy District.

The lands agreed to be sold by M/s Sanghi Spinners India Limited: Land admeasuring Ac.457.17 Gts, covered by Sy Nos.357, 362, 423, 425, 426, 514, 515, 523, 524, 525, 533, 534, 535, 536, 538, 539, 540, 541, 542, 544, 577, 578, 579, 580, 581, 598/LU, 610, 577, 578, 579, 580, 581, 422, 430, 517, 519, 556, 575, 576, 432, 22, 375/EE, 409/E, 411/E, 412/EE, 537 & 439, situated at Koheda village, Hayath Nagar Mandal, Ranga Reddy District.

The lands agreed to be sold by M/s Sanghi Poly Zips Pvt. Limited: Land admeasuring Ac.2.36 Gts, covered by Sy No.498, situated at Koheda village, Hayath Nagar Mandal, Ranga Reddy District.

Sd/- T. RADHAKISHAN RAO
Advocate
TS/2772/1994
Plot No.26, H.No.2-3-930, Road No.2,
Arunodaya Colony, Nagole,
Hyderabad-500 068
Phone: 9866599013

Plece : Hyderabad
Date : 19.11.2024

## PUBLIC NOTICE

It is hereby informed to the general public that M/s. Sanghi Industries Ltd., M/s Sanghi Spinners India Limited and M/s. Sanghi Textiles Pvt. Ltd., having entered into Agreements of Sale to sell the lands mentioned in the schedule, totally admeasuring Ac.1123-17 Guntas, in favour of my client M/s.SANGHI SEZ PVT .LTD., rep by its Direcotor, vide registered Agreements of Sale bearing Document No.7497 of 2007 Dated 04-06-2007, have inducted my client into the actual, physical and vacant possession of the same and also conferred all the powers to deal with the said lands including sale. The said 3 Companies suppress-ing the subsisting Agreements of Sale in favour of my client are offering the schedule mentioned lands for sale, development and mining etc., to cause loss to my client. In view of the said facts, the general public are hereby cautioned nto to negotiate and enter into any transactions with above said 3 companies in respect of the schedule mentioned property. Inspite of this public notice, if any person deals with the said companies in respect the schedule mentioned property, they will be doing so at their own risk and costs.

**SCHEDULE PROPERTY**

**The lands agreed to be sold by M/s. Sanghi Industries Limited:**

**Land admeasuring Ac.325.12 gts. Gts,** covered by Sy. Nos. 675/AA, 676/AA, 605, 661/RU, 675/A, 676/A, 575/A,575/AA, 576/A, 576/AA, 580/A, 580/AA, 581/A, 581/AA, 582/A, 583/A, 577/A, 577/AA, 578/A, 578/AA, 579/A, 579/AA, 584/A, 590/A, 590/AA, 587/A, 587/AA, 589/AA, 585/A, 585/AA, 586/A, 586/AA, 529, 531, 517, 518, 519, 515, 592, 593, 594, 595, 662, 596/A, 596/AA, 597/A, 597/AA, 610, 570, 571. 542, 556, situateed at Koheda Village, Hayath Nagar Mandal, Ranga Reddy District.

**The lands agreed to be sold by M/s. Sanghi Spinners India Limited :**

**Land admeasuring Ac.788.10 Guntas,** Covered by Sy.Nos. 559, 561, 560, 558, 559, 605, 661/RU, 663, 606/A, 606/AA, 606/E, 662, 552, 553, 554, 555, 562, 574, 602, 601, 680/A, 681/A, 674/A, 673, 678/A, 678/U, 598/A, 598/E, 598/U, 599/AA, 677/A, 677/AA, 678/RUU, 678/LU, 679/AA, 679/E, 679/EE, 682/A, 682/EE, 682/U, 682/UU, 597/A, 597/AA, 597/U, 680/AA, 680/E, 679/EE, 682/A, 682/EE, 682/U, 682/UU, 597/A, 597/AA, 597/U, 680/AA, 680/E, 680/EE, 680/U, 680/UU, 680/RU, 680/RUU, 680/LU, 681/E, 681/EE, 681/U, 678/A, 678/AA, 678/E, 678/EE, 678/UU, 678/RU, 674/U, 674/UU, 674/RU, 674/RUU, 674/LU, 681/A, 681/AA, 674/A, 674/E, 674/EE, 677/E, 677/EE, 677/U, 677/UU, 677/RU, 677/RUU, 677/LU, 569/A, 572/A, 569/AA, 572/AA, 684, 673, 634, 690/AA, 686/AA, 687/AA, 690/AA, 691, 692, 693, 695, 568, 567, 609, 659, 665, 660, 632, 633, 608, 596/A, 596/AA, 596/E, 596/EE, 596/U, 596/UU, 596/RU, 596/RUU, 596/LU, 597/E, 597/EE, 597/UU, 597/RU, 597/RUU, 597/LU, 677/A, 677/AA, 685, 573, 689, 666, 668, 651, 652, 543, 551, 712, 713, 715/A, 716/A, 717/AA, 714/A, 566, 591, 592, 593, 510, 557, 506, 545, 546, 532, 607, 513, 569/A, situateed at Koheda Village, Hayath Nagar Mandal, Ranga Reddy District.

**The lands agreed to be slod by M/s. Sanghi Textiles Private Limited :**

**Land admeasuring Ac.9-32 Guntas,** Covered by Sy.Nos.569/A, situated at Koheda Village, Hayath Nagar Mandal, Ranga Reddy District.

**Sd/- T. RADHAKISHAN RAO**
ADVOCATE
Plot No.26, Road No.2,
Arunodaya Colony, Nagole,
Hyderabad - 500 068
**Cell : 9866599013**

Place : Hyderabad
Date : 19.11.2024


स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 20 नवंबर- 2024

# अब सरकार बनाने की रस्साकशी?

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 288 सीटों पर आज मतदान है। मुद्दाविहीन चुनावी नारों की वजह से इस बार का चुनाव कई मायनों में खास है। मतदान के बाद संभावित राजनीतिक उलटफेर के बाद नए समीकरण तलाशे जाने पर भी विचार-विमर्श शुरू हो गया है। हर सीट पर बहुकोणीय मुकाबला साफ दिखाई दे रहा है। किसी भी पार्टी का कोई मुद्दा प्रभावी नहीं रहा। इसी तरह आदिवासी बहुल राज्य झारखंड में भी दूसरे चरण के तहत 38 विधानसभा सीटों पर मतदान आज ही होगा, लेकिन महाराष्ट्र की चुनावी लड़ाई को इस बार बेहद खास माना जा रहा है। देश के सबसे समृद्ध और विकसित राज्यों में गिने जाने वाले महाराष्ट्र में सत्ता की कमान किसके हाथों में होगी, इस पर सबकी नजरें टिकी हैं, लेकिन इस बार बात सिर्फ इतनी ही होती तो गनीमत थी। साल 2019 में विधानसभा चुनाव नतीजे में बहुमत मिलने के बाद भी महाराष्ट्र में उखाड़-पछाड़ की राजनीति दुनिया ने देखी। उसने न सिर्फ प्रदेश के प्रमुख राजनीतिक दलों का स्वरूप बदल दिया बल्कि प्रमुख राजनीतिक परिवारों की साख पर सवाल भी खड़ा कर दिया। यहां तक कि आज राज्य के आम मतदाताओं के सामने भी विकल्पों की झड़ी लग गई है। इस घालमेल से भरे विकल्पों का असर न केवल चुनावों में उठ रहे मुद्दों पर बल्कि इसे उठाने के तरीकों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। चुनावी लड़ाई के नए स्वरूप में लगभग हर विधानसभा क्षेत्र में बहुकोणीय मुकाबला साफ दिखाई दे रहा है। दो शिवसेना और दो एनसीपी के साथ ही कांग्रेस और बीजेपी के अधिकृत प्रत्याशी तो तय सीटों पर हैं ही, इन दलों के बागी प्रत्याशी भी कई जगहों पर मुकाबले को दिलचस्प बनाए हैं। कौन किस तरफ से किसके वोटों में कितनी सेंध लगाने वाला है, इसे लेकर हर खेमे में उलझन की स्थिति बनी हुई है। इस बार कोई भी ऐसा एक मुद्दा नहीं है, जिसके बारे में यह माना जा सके कि यह पूरे राज्य में सभी विधानसभा सीटों पर अपना प्रभाव छोड रहा हो। इस वजह से नारों को लेकर भी सभी दलों के नेता व मतदाता असमंजस की स्थिति में दिखाई दे रहे हैं। बीजेपी की तरफ से 'बटेंगे तो कटेंगे' और 'एक हैं तो सेफ हैं' नारों को सबसे ज्यादा प्रमुखता दी गई, लेकिन खुद एनडीए खेमे में भी इसे लेकर रार मचती हुई दिखाई दी। अजित पवार ही नहीं, बीजेपी की पंकजा मुंडे सहित कई नेताओं ने इस नारे पर अपनी असहमति व्यक्त की। महाविकास आघाड़ी को इतना क्रेडिट जरूर दिया जा सकता है कि उसकी तरफ से महाराष्ट्र की अस्मिता को मूल मुद्दा बनाने की कोशिश में काफी हद तक एकरूपता दिखी, लेकिन उसे इसमें कितनी सफलता मिली है, यह तो 23 नवंबर को आने वाले चुनाव नतीजों से ही पता चलेगा। सबसे बड़ी बात यह कि नतीजों के साथ ही इस चुनावी रस्साकशी का अंत हो जाएगा, ऐसा निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता। इसलिए नतीजे आने के बाद की संभावित स्थिति को लेकर राजनीतिक गोलबंदी का एक नया नजारा देखने को मिल सकता है। जिसकी तैयारी भी की जाने लगी है। उन निर्दलीय उम्मीदवारों को भी टटोला जाने लगा है जो पार्टी से बगावत कर मैदान में कूद पडे थे। यदि हंग नतीजे आए तो निर्दलीयों और अन्य स्थानीय पार्टियों के विधायकों के दिन बहुरते देर नहीं लगेगी।

# दिल्ली में चल रहा है राजनीतिक दल बदल का खेल !



अशोक भाटिया

दिल्ली की सभी 70 सीटों के लिए विधानसभा चुनाव फरवरी 2025 या उससे पहले होने वाले हैं । दिल्ली की चुनावी राजनीति में आम आदमी पार्टी के एंट्री के बाद से, राजधानी में भाजपा , कांग्रेस और आप के बीच त्रिकोणीय मुकाबला रहता है। दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल 15 फरवरी 2025 को समाप्त होने वाला है। अब भले ही 2025 के चुनाव में देर है पर उसके पहले तीनों मुख्य दल एक दूसरे के जिताऊ उम्मीदवारों को अपने पाले में करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है । यहाँ तक कि इंडिया गठबंधन के दल कांग्रेस व आप पार्टी एक दूसरे के नेताओं को अपने पाले में करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है । दिल्ली विधानसभा चुनाव महज दो महीने बाद हैं, लेकिन इससे पहले दो सहयोगियों के बीच एक अनूठी लड़ाई चल रही है। INDIA ब्लॉक के दो घटक दलों- आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच एक दूसरे के नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करवाने की अनूठी प्रतियोगिता चल रही है। दोनों पार्टियां यूं तो भाजपा के खिलाफ लड़ने का दम भर रही हैं, लेकिन इस बीच कोशिश यही चल रही है कि कैसे एक दूसरे को कमज़ोर किया जाए। मजबूत नेताओं को पार्टी में शामिल करवाना यूं तो राजनीतिक रणनीति का हिस्सा माना जाता है, लेकिन जो कुछ दिल्ली में चल रहा है उससे सवाल ये पैदा हो गया है कि क्या ये पार्टियां वाकई एक-दूसरे को कमज़ोर कर भाजपा से लड़ाई की तैयारी कर रही हैं?शुरुआत करते है दिल्ली आप पार्टी की सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से । उन्होंने मंत्री पद से हाल ही में इस्तीफा दे दिया । कैलाश गहलोत से पहले इस साल दिल्ली सरकार के एक मंत्री समेत कई नेता आम आदमी पार्टी छोड़ चुके हैं। दिल्ली के पिछले चुनाव से अब तक की बात करें तो आम आदमी पार्टी छोड़ने वाले नेताओं की लिस्ट और भी लंबी हो जाती है। आइए नजर डालते हैं ऐसे ही नेताओं पर। एक दिन पहले तक दिल्ली सरकार में मंत्री रहे कैलाश गहलोत आम आदमी पार्टी के पुराने नेताओं में से हैं। कैलाश गहलोत साल 2015 में आम आदमी पार्टी के टिकट पर पहली बार विधायक निर्वाचित हुए थे और तब से ही वह अरविंद केजरीवाल के सबसे करीबी नेताओं, दिल्ली सरकार के ताकतवर मंत्रियों में शामिल रहे हैं।कैलाश गहलोत ने परिवहन के साथ ही वित्त जैसा अहम विभाग भी संभाला है। मनीष सिसोदिया के जेल जाने के बाद कैलाश गहलोत ने ही 2023-24 के लिए दिल्ली सरकार का बजट पेश किया था। दिल्ली के सीएम पद से केजरीवाल के इस्तीफे के बाद कैलाश का नाम नए मुख्यमंत्री के लिए रेस में शामिल था। हालांकि, वह इस रेस में आतिशी से पीछे रह गए और अब उन्होंने दिल्ली सरकार में मंत्री पद के आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। कैलाश गहलोत के आम आदमी पार्टी छोड़ जाने से कुछ ही महीने पहले दिल्ली सरकार के एक पूर्व मंत्री ने भी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने सितंबर महीने के पहले हफ्ते में आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। राजेंद्र पाल गौतम दिल्ली में आम आदमी पार्टी के बड़े दलित चेहरों में से एक थे। राजेंद्र पाल गौतम 2020 के विधानसभा चुनाव में सीमापुरी सीट से विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। आम आदमी पार्टी छोड़ने के बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे।अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली सरकार में मंत्री रहे राजकुमार गौतम ने लोकसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी छोड़ दी थी। राजकुमार आनंद ने मंत्री पद से तब इस्तीफा दे दिया था, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में थे। वह अप्रैल महीने में भाजपा में शामिल हो गए थे। दलित नेता राजकुमार आनंद ने बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर भी विधानसभा चुनाव लड़ा था। हालांकि, उन्हें तब हार मिली थी। करतार सिंह तंवर साल 2020 के दिल्ली चुनाव में छतरपुर विधानसभा सीट से विधायक निर्वाचित हुए थे। करतार सिंह तंवर ने भी कुछ ही महीने पहले आम आदमी पार्टी छोड़ दी थी और वह भाजपा में शामिल हो गए थे। विधानसभा स्पीकर ने करतार को दल बदल कानून के तहत विधानसभा की सदस्यता के अयोग्य ठहरा दिया था। राजकुमार आनंद, राजेंद्र पाल गौतम और करतार सिंह तंवर के बाद अब कैलाश गहलोत पार्टी छोड़ गए। इन चार चेहरों में से दो दलित नेता हैं। गौरतलब है कि दिल्ली में दलित आम आदमी पार्टी का कोर वोटर माना जाता है। पार्टी छोड़ गए इन नेताओं के अलावा दिल्ली महिला आयोग की पूर्व चेयरमैन स्वाति मालिवाल भी अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ लगातार बागी तेवर दिखा रही हैं। केजरीवाल के जेल से बेल पर बाहर आने के बाद आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालिवाल उनसे मिलने सीएम हाउस पहुंची थीं जहां कथित तौर पर उनके साथ मारपीट की घटना हुई थी। इसके बाद से ही स्वाति संसद के भीतर और बाहर, केजरीवाल और उनकी पार्टी के खिलाफ लगातार मुखर हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले वाले साल में चार नेताओं का पार्टी छोड़ जाना और एक नेता का लगातार बागी तेवर दिखाना आम आदमी पार्टी के लिए बड़ा झटका माने जा रहे हैं। दरअसल, विपक्षी भाजपा भ्रष्टाचार के मसले पर ही आम आदमी पार्टी को घेर रही है। भ्रष्टाचार की बुनियाद पर ही आम आदमी पार्टी का बतौर राजनीतिक दल सियासी सफर का आगाज हुआ था। पार्टी छोड़ गए नेताओं के आरोप हों या स्वाति मालीवाल के तल्ख बयान, ये सभी विपक्षी दलों की लाइन के आसपास दिखते हैं जो चुनावों में आम आदमी पार्टी के लिए मुसीबतें बढ़ा सकते हैं। जहाँ आम आदमी पार्टी छोड़ने वाले नेताओं की खबरें तो सुर्खियां बना रही है लेकिन वहीँ दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल साइलेंटली भाजपा को पटखनी देने की तैयारी कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने पिछले कुछ हफ्तों में भाजपा के तीन बड़े नेताओं को आम आदमी पार्टी में शामिल कराया है। इसके अलावा अरविंद केजरीवाल ने भाजपा के दो बार के पूर्व विधायक रहे अनिल झा को आम आदमी पार्टी में शामिल कराया। अनिल झा किराड़ी के बड़े नेता माने जाते हैं। अनिल झा 2008 और 2013 में भाजपा के टिकट पर विधायक भी चुने जा चुके थे। हालांकि 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। 2020 में अनिल झा ने आप के उम्मीदवार ऋतुराज झा को कड़ी टक्कर दी थी। हालांकि करीब 6000 वोटों से चुनाव हार गए थे। अब अरविंद केजरीवाल ने अनिल झा को पूर्वांचल का सबसे बड़ा नेता बताते हुए उनका पार्टी में स्वागत किया है। निश्चित तौर केजरीवाल का ये कदम भाजपा के लिए बड़ा झटका है। दो हफ्ते पहले अरविंद केजरीवाल ने छतरपुर और महरौली से भाजपा के बड़े नेता को आम आदमी पार्टी में शामिल करवाया था। ब्रह्म सिंह तंवर तीन बार के पूर्व विधायक और भाजपा के बड़े नेता माने जाते हैं। ब्रह्म सिंह तंवर की पहचान भाजपा के बड़े गुर्जर नेताओं में होती है। 2020 के चुनाव में ब्रह्म सिंह तंवर करीब साढ़े तीन हजार वोटों के करीबी अंतर से हारे थे। लेकिन जैसे ही भाजपा ने छतरपुर से आप के विधायक करतार सिंह तंवर को तोड़ा, उसके तुरंत बाद अरविंद केजरीवाल ने ब्रह्म सिंह तंवर को आप में शामिल करवा लिया। माना जा रहा है कि ब्रह्म सिंह तंवर को आम आदमी पार्टी छतरपुर से चुनाव लड़ा सकती है। वैसे इसी महीने 4 नवंबर को आम आदमी पार्टी में भाजपा के पार्षद रहे लक्ष्मी नगर के बड़े नेता बीवी त्यागी भी शामिल हो गए। बीवी त्यागी दो बार के भाजपा पार्षद और पूर्वी दिल्ली नगर निगम में नेता सदन रह चुके हैं। इसके अलावा स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। बीवी त्यागी लक्ष्मी नगर के जमीनी नेता माने जाते हैं और उनके क्षेत्र में अच्छी पकड़ है। बीवी त्यागी भाजपा की ओर से टिकट की रेस में भी चल रहे थे लेकिन आम आदमी पार्टी ने चुनाव से पहले ही उन्हें अपने दल में शामिल करा लिया। यह भी भाजपा के लिए बड़ा झटका है। आम आदमी पार्टी के इन तीनों कदमों से यह स्पष्ट है कि पार्टी का फोकस हर एक विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के बड़े नेताओं पर है। किसी न किसी तरीके से आम आदमी पार्टी उन्हें अपने पाले में करना चाहती है। ताकि भाजपा जमीनी स्थिति पर कमजोर हो।

# धधक रहा है मणिपुर, बुझाए कौन ?



राधा रमण

*नियति* का यह कैसा दुखद विधान है कि विशिष्ट प्रतिभाओं को यहाँ अत्यल्प जीवन ही मिलता है। आदि शंकराचार्य से लेकर स्वामी विवेकानंद, स्वामी रामतीर्थ, श्रीनिवास रामानुजन, भारतेंदु हरिश्चंद्र और रांगेय राघव तक, एक लंबी सूची है ऐसे महापुरुषों की, जो अपनी चमक बिखेरकर अल्पायु में ही इस दुनिया से विदा हो गए। भारतीय पुलिस सेवा के युवा अधिकारी मनुमुक्त 'मानव' भी एक ऐसे ही प्रतिभा-पुंज थे, जिन्हें काल ने असमय ही अपना ग्रास बना लिया।28 अगस्त, 2014 को बहुमुखी प्रतिभा के धनी, अत्यंत होनहार और प्रभावशाली पुलिस अधिकारी मनुमुक्त की 30 वर्ष, 9 माह की अल्पायु में नेशनल पुलिस अकेडमी, हैदराबाद (तेलंगाना) के स्विमिंग पूल में डूबने से, संदिग्ध परिस्थितियों में, मृत्यु हो गई थी।

स्विमिंग पूल के पास ही स्थित ऑफिसर्स क्लब में चल रही विदाई पार्टी के बाद, आधी रात को जब मनुमुक्त का शव स्विमिंग पूल में मिला, तो अकेडमी में ही नहीं, पूरे देश में हड़कंप मच गया, क्योंकि यह अकेडमी के 66 वर्ष के इतिहास में घटित होने वाली पहली इतनी बड़ी दुर्घटना थी। यहीं यह बताना भी आवश्यक है कि इतनी मर्मांतक और दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदी के बाद भी इस मामले की न तो ठीक-से जांच हुई और न ही किसी अधिकारी या कर्मचारी की जिम्मेदारी तय कर, उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की गई। मनुमुक्त के पिता डॉ. रामनिवास 'मानव' भरे मन से बताते हैं कि अधिकारियों की आपराधिक लापरवाही और मनुमुक्त की मृत्यु के षड्यंत्र में शामिल उनके बैचमेट अफसरों की संलिप्तता के दस्तावेजी सबूतों के बावजूद, उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई, बल्कि तेलंगाना पुलिस और सीबीआई ने इसे सामान्य घटना बताकर मामले को रफा-दफा कर दिया। तेलंगाना पुलिस और सीबीआई का पूरा प्रयास दोषियों को बचाने का था, दोषियों को सजा दिलाने का नहीं। यही नहीं, मनुमुक्त को ट्रेनी बताकर सभी सरकारों ने पल्ला झाड़ लिया, किसी ने एक रुपये की भी आर्थिक सहायता परिवार को प्रदान नहीं की।उल्लेखनीय है कि मनुमुक्त 2012 बैच और हिमाचल प्रदेश काडर के परम मेधावी और ऊर्जावान पुलिस अधिकारी थे। 23 नवंबर, 1983 को हिसार (हरियाणा) में जन्मे तथा पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से उच्च शिक्षा प्राप्त मनुमुक्त ने 'सी' सर्टिफिकेट सहित एनसीसी की सभी सर्वोच्च उपलब्धियाँ प्राप्त की थीं। वह बहुत अच्छे चिंतक होने के साथ-साथ बहुमुखी कलाकार और सफल फोटोग्राफर भी थे; सेल्फी के तो मास्टर ही थे। उनकी समाज-सेवा में भी बड़ी रुचि थी। वह अपने दादा-दादी की स्मृति में अपने पैतृक गाँव में स्वास्थ्य-केंद्र तथा नारनौल में सिविल सर्विस एकेडमी स्थापित करना चाहते थे। देश और समाज के लिए उनके और भी बहुत सारे सपने थे, जो उनकी असामयिक मृत्यु के साथ ही ध्वस्त हो गए।इकलौते जवान आईपीएस बेटे की मृत्यु मनुमुक्त के पिता, वरिष्ठ साहित्यकार और शिक्षाविद् डॉ. रामनिवास 'मानव' तथा माता अर्थशास्त्र की पूर्व प्राध्यापिका डॉ. कांता भारती के लिए भयानक वज्रपात से कम नहीं थी। कोई अन्य दम्पत्ति होता, तो शायद टूटकर बिखर जाता, लेकिन 'मानव' दम्पत्ति ने अद्भुत धैर्य और साहस का परिचय देते हुए, न केवल इस अकल्पनीय-असहनीय पीड़ा को झेला, बल्कि अपने बेटे की स्मृतियों को सहेजने और सजीव बनाए रखने के लिए भरसक प्रयास भी प्रारंभ कर दिए। उन्होंने अपनी संपूर्ण जमापूंजी लगाकर 10 अक्टूबर, 2014 को मनुमुक्त 'मानव' मेमोरियल ट्रस्ट का गठन किया और नारनौल में 'मनुमुक्त भवन' का निर्माण कर उसमें वातानुकूलित लघु सभागार, संग्रहालय और पुस्तकालय की स्थापना की। ट्रस्ट द्वारा अढाई लाख का एक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार, एक लाख का एक राष्ट्रीय पुरस्कार, 21-21 हज़ार के दो तथा 11-11 हज़ार के तीन राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार और सौ मनुमुक्त 'मानव' स्मृति-सम्मान प्रारंभ किए। दोनों बड़े पुरस्कार फिलहाल स्थगित हैं, किंतु शेष सभी पुरस्कार-सम्मान प्रतिवर्ष, नियमित रूप से, प्रदान किए जा रहे हैं। 'मनुमुक्त भवन' में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम भी निरंतर चलते रहते हैं, जिनमें अब तक भारत के अतिरिक्त जापान, फीजी, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, थाईलैंड, सिंगापुर, इंडोनेशिया, नेपाल, श्रीलंका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, जर्मनी, फ्रांस, नॉर्वे, तुर्की, रूस, मॉरिशस, कोस्टारिका, अमेरिका, कनाडा आदि दो दर्जन देशों की लगभग पांच सौ विशिष्ट विभूतियाँ सहभागिता कर चुकी हैं। ट्रस्ट द्वारा ऑन लाइन आयोजित कार्यक्रमों में तो 55-60 देशों के विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख साहित्यकार, पत्रकार, फ़िल्मकार, शिक्षाविद्, समाजसेवी, पर्यावरणविद्, खिलाड़ी, पर्वतारोही, प्रशासनिक अधिकारी और राजनेता जुड़ चुके हैं तथा यह सिलसिला अब भी जारी है। मात्र सात वर्ष की अल्पावधि में ही, अपनी उपलब्धियों के कारण, नारनौल का 'मनुमुक्त भवन' अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित हो चुका है। ट्रस्ट द्वारा 15 अगस्त, 2021 में, भारत की स्वतंत्रता के अमृत-महोत्सव के अवसर पर आयोजित 'वर्चुअल अंतरराष्ट्रीय कवि-सम्मेलन' को, विश्व के सर्वाधिक देशों के सबसे बड़े कवि-सम्मेलन के रूप में 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में दर्ज किया जा चुका है। छह महाद्वीपों और इक्यावन देशों के पिचहतर कवियों ने इस कवि-सम्मेलन में एक साथ काव्य-पाठ कर यह विश्व-रिकॉर्ड बनाया था। मनुमुक्त 'मानव' युवा शक्ति के प्रतीक ही नहीं, प्रेरणा-स्रोत भी थे। देहांत के एक दशक बाद भी उन्हें बड़े सम्मान के साथ स्मरण किया जाता है। परिवार ने मीडिया, सोशल मीडिया और फ़ेसबुक के माध्यम से उनकी प्रेरक स्मृतियों को जीवित रखा हुआ है। इसके लिए मनुमुक्त की बड़ी बहन और विश्वबैंक, वाशिंगटन डीसी (अमरीका) की वरिष्ठ अर्थशास्त्री डॉ. एस अनुकृति का भी भरपूर सहयोग रहता है। अंत में मनुमुक्त की बैचमेट, भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी और संप्रति धमतरी (छत्तीसगढ़) की जिलाधिकारी नम्रता गांधी के शब्दों में इतना ही कहा जा सकता है, ₹मनुमुक्त हमारे लिए बड़े भाई, मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक थे। उनके व्यक्तित्व में उत्तम हास्य का समावेश था, वहीं उनका दिल भी विशुद्ध सोने का बना था। उनके अंतर्मन में बड़ी गहराई थी, जिसका बाहर से अनुमान लगाना कठिन था। वह शानदार प्रशासक, स्वाभाविक नेता, श्रेष्ठ टीम-खिलाड़ी, सम्मानित वरिष्ठ, विश्वसनीय कनिष्ठ और सबके चहेते साथी तथा सहयोगी थे। हममें से किसी के लिए भी उन्हें भुला पाना संभव नहीं है।

**लेखक के निजी विचार है।**

# क्या ट्रंप रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवा सकते हैं ?

**-राजेश कुमार पासी**

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान घोषणा की थी कि वो सत्ता में आते ही 24 घंटे में रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवा सकते हैं। चुनाव जीतने के बाद भी उन्होंने अपनी इस घोषणा को दोहराया है। अब सवाल उठता है कि क्या सच में ट्रंप इस युद्ध को 24 घंटे में रुकवा सकते हैं। दूसरा सवाल यह है कि ट्रंप इस युद्ध को क्यों रोकना चाहते हैं जबकि यूक्रेन को युद्ध के लिए उकसाने वाला अमेरिका ही है। देखा जाए तो युद्ध हमेशा अमेरिका के लिए फायदेमंद रहा है फिर चाहे वो प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध ही क्यों न रहे हों । युद्धों से अमेरिका का हथियार उद्योग फलता-फूलता है इसलिये अमेरिका को युद्ध फायदेमंद दिखाई देते हैं।

अगर निष्पक्ष रूप से विश्लेषण किया जाए तो पता चलेगा कि ज्यादातर युद्धों के पीछे अमेरिका का हाथ रहा है। अगर यूक्रेन को अमेरिकी समर्थन नहीं मिलता तो वो कभी भी युद्ध के लिए रूस को उकसाने की कोशिश नहीं करता। बाइडेन सरकार इस युद्ध को अमेरिका के हितों के लिए अच्छा मानती है तो डोनाल्ड ट्रंप इस युद्ध को अमेरिकी हितों के खिलाफ मानते हैं। वास्तव में बाइडेन रूस को अमेरिका का नम्बर एक दुश्मन मानते हैं तो ट्रंप रूस की जगह चीन को अमेरिका का दुश्मन नम्बर एक मानते हैं। इसलिए किसी को यह गलतफहमी नहीं होनी चाहिए कि ट्रम्प दुनिया में शांति लाना चाहते हैं क्योंकि वैश्विक शांति अमेरिका के हितों के खिलाफ है। वास्तव में ट्रंप विश्व शांति के लिए नहीं बल्कि अमेरिकी हितों की सुरक्षा के लिए इस युद्ध को रुकवाना चाहते हैं तो दूसरी तरफ बाइडेन भी अमेरिकी हितों की सुरक्षा के लिए युद्ध को रोकना नहीं चाहते । अब सवाल उठता है कि डोनाल्ड ट्रंप को ये युद्ध अमेरिकी हितों के खिलाफ क्यों दिखाई दे रहा है।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि ट्रम्प अच्छी तरह से जानते हैं कि अमेरिकी जनता इस युद्ध से तंग आ चुकी है और वो अब सवाल कर रही है कि आखिर अमेरिकी सरकार इस युद्ध में उसकी कमाई क्यों फूंक रही है।

अमेरिकी जनता अच्छी तरह जानती है कि इस युद्ध में यूक्रेन कभी जीतने वाला नहीं है, इसलिये इस युद्ध को लड़ने का कोई औचित्य नहीं है। जिस युद्ध में हार निश्चित है उसे लड़ना सिर्फ मूर्खता ही कहा जा सकता है. इसलिए अमेरिकी जनता ने चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप का साथ दिया है। सैन्य विशेषज्ञ मानते हैं कि इस युद्ध के कारण अमेरिका के खिलाफ एक सैन्य गठबंधन खड़ा हो रहा है। इस युद्ध ने अमेरिका के दुश्मनों को एक गठबंधन में बांधना शुरू कर दिया है जिससे कि दुनिया में अमेरिकी वर्चस्व को बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। मीडिया रिपोर्ट बता रही हैं कि आज रूस की सेना के साथ मिलकर उत्तर कोरिया के दस हजार सैनिक यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लड़ रहे हैं और इन सैनिकों की संख्या आगे बढ़ने वाली है । ईरान अपने आत्मघाती ड्रोन और मिसाइलों से रूस की मदद कर रहा है। चीन और भारत अमेरिकी प्रतिबंधों की परवाह न करते हुए रूस से जमकर तेल खरीद रहे हैं। इन दोनों देशों ने रूस से इतना तेल खरीदा है कि अमेरिका और उसके मित्रों द्वारा रूस पर लगाये गए प्रतिबंध बेअसर साबित हुए हैं। रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति चिनपिंग ने ब्रिक्स का विस्तार करना शुरू कर दिया है और ये संगठन आगे चलकर अमेरिका और यूरोपीय देशों के वर्चस्व को खत्म कर सकता है।

इस युद्ध के कारण दुनिया के दो ताकतवर देश चीन और भारत रूस के नजदीक जा रहे हैं जो अमेरिका के लिए खतरे की बड़ी घंटी है। ट्रम्प इस युद्ध के कारण अमेरिका के खिलाफ तैयार हो रहे गठबंधन को रोकना चाहते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार इस युद्ध के कारण अमेरिका के पास हथियारों की कमी पैदा हो गई है। इस समय अमेरिका के पास सिर्फ 3-4 हफ़्तों तक ही युद्ध लड़ने के लिए हथियार बचे हैं। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के लिए यह चिंता की बड़ी बात है कि अगर अचानक इस हालत में चीन से युद्ध हो जाता है तो अमेरिका की क्या हालत होगी। अमेरिका को यूक्रेन के अलावा इजराइल को भी हथियार देने पड़ रहे हैं इसलिए अमेरिका के लिए जरूरी है कि ये युद्ध खत्म हो जाये। इस बात से सहमत नहीं हुआ जा सकता कि इस युद्ध को कोई 24 घंटे में रुकवा सकता है फिर चाहे डोनाल्ड ट्रंप कुछ भी कहते रहे। वास्तव में डोनाल्ड ट्रंप अगर सत्ता में आते ही यूक्रेन को पूरी अमेरिकी मदद रोक भी देते हैं तो भी यूक्रेन रुकने वाला नहीं है। फिर दूसरा खतरा यह है कि बाइडेन सरकार जाते-जाते यूक्रेन को इतनी मदद दे सकती है कि वो कम से कम एक साल तक युद्ध जारी रख सकता है क्योंकि अभी दो महीने तक सत्ता बाइडेन के हाथ में ही रहेगी । इसके अलावा यह भी महत्वपूर्ण है कि यूक्रेन सिर्फ अमेरिकी मदद के भरोसे ही रूस से युद्ध नहीं लड़ रहा है बल्कि यूरोपीय देश भी उसकी मदद कर रहे हैं। इसकी क्या गारंटी है कि अगर अमेरिका यूक्रेन की मदद रोक देता है तो यूरोपीय देश भी उसकी मदद बंद कर देंगे।

# संविधान की मार में फंसा, घर का संसार



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

सुबह आँख खुली तो सामने बारिश का नज़ारा था और मेरे मन में ठंड से ठिठुरते हुए ऑफिस जाने का विचार कौंध गया। मन ही मन सोचा कि आज 'वर्क फ्रॉम होम' का बहाना बना लूँ, लेकिन फिर याद आया कि ऐसी 'आरामतलबी' तो मेरी बीवी के संविधान के सख्त खिलाफ है। वह हमेशा कहती है, कर्म का महत्त्व समझो, और समय पर ऑफिस जाओ! मन मार कर उठा। तभी देखा – मेरा पुराना छाता, जिसकी हालत कुछ ऐसी हो गई थी जैसे कोई पुराना योद्धा अपनी आखिरी लड़ाई लड़ने जा रहा हो।

मैंने सोचा, चलो आज तो पुराने को विदा देकर नया छाता खरीदा जाए। पर यह कहना जितना आसान था, करना उतना ही मुश्किल। पैसे खर्च करने का मतलब कि बीवी को सफाई देनी पड़ेगी, जो अभी तक अपने 'बजट नियंत्रण आयोग' के तहत हर एक रुपये का हिसाब लेती है। साहस बटोर कर बीवी से बोला, "देखो, मेरे पास कोई ठीक-ठाक छाता नहीं है, और बाहर मूसलाधार बारिश हो रही है। सोच रहा हूँ कि एक नया छाता ले लूँ।" वह बगल में बैठे मेरे ध्यान को अपनी आँखों से भेदते हुए बोली, "तो क या ऑफिस का भवन गिर रहा है कि तुम बिना छाते के नहीं जा सकते?" उसके तीखे जवाब ने मुझे न्यूटन के तीसरे नियम की याद दिला दी – "हर क्रिया के बराबर विपरीत प्रतिक्रिया होती है।" सोच में पड़ गया कि छाता न लेकर बारिश में भीगने का दुस्साहस करूँ या फिर सेकंड-हैंड दलीलें दूँ। थोड़ी हिम्मत करके मैंने कहा, "पर तुम्हें पता है न कि आज अगर ऑफिस देर से पहुँचा तो बॉस की डांट पड़ेगी।" वह हँसते हुए बोली, "डांट से डरते हो? क्या माँ ने आपको बचपन में कभी नहीं डांटा?"

उसके तर्क-वितर्क की नज़ाकत को समझने के बाद मुझे यही सही लगा कि सरेंडर कर दिया जाए। फिर भी अपने क्रांतिकारी अंदाज़ में, जैसे किसी मजदूर नेता की तरह भाषण दे रहा हूँ, कहा, "तो मैं भी आज 'छाता क्रांति' करूँगा! मेरा अधिकार है, बाहर बारिश है और देश के हर नागरिक का हक है कि वो खुद को भीगने से बचाए!" वह खिसियाते हुए मुस्कराई, बोली, "तुम्हारे इस 'छाता क्रांति' से क्या फर्क पड़ने वाला है? और छाता तो किसी अनिवार्य सेवा के तहत नहीं आता, ऐसे कैसे खरीद सकते हो?" फिर उसने अपने संविधान का वो अदृश्य पन्ना पलटा जिसमें स्पष्ट लिखा था कि मैं घर में कोई नया सामान बिना उसके अनुमोदन के नहीं ला सकता। मेरे भीतर का फौजी फिर खड़ा हो गया, "तो यह लोकतंत्र है या तानाशाही?"

"दो तिहाई बहुमत से इस पर चर्चा कर सकते हो, मैं मना नहीं करूँगी," उसने शांत स्वर में कहा, जैसे किसी सामंती रानी अपने शर्तों को स्पष्ट कर रही हो। मुझे समझ में आ गया कि यहाँ तर्क का कोई अर्थ नहीं है। मजबूरन मैंने पुराने छाते को एक बार फिर से उठाया और बाहर निकल पड़ा। बारिश में न जाने की मेरी चाहत भीग गई, और छाते के नीचे मेरे कदम ऑफिस की ओर बढ़ गए। ऑफिस पहुँचकर भी यह खयाल मन में कौंधता रहा कि आखिर कब तक छाते और पैसों के लिए इस "गृहस्थ जीवन के संविधान" में ऐसे ही संघर्ष चलता रहेगा। तभी घर का एक मैसेज आया, "लौटते वक्त कुछ सब्ज़ियाँ लेते आना।" मैंने मन ही मन सोचा, "कहीं ये भी अनिवार्य सेवाओं में न गिन लें!"

# हवाई प्रदूषण का चुटकियों में इलाज



रामविलास जांगिड़

हवा विशेषज्ञों ने पर्यावरण प्रदूषण के ये उपाय बताए- चूहे की तरह मास्क- हर इंसान के लिए कानों से लेकर नाक तक फिट मास्क, ताकि धूल भी घुस न पाए। दुपहिया वाहन पर पंखे- गाड़ी चलाते समय पंखा चालू करें ताकि धुआं पीछे उड़ जाए। फूलों की गन- पर्यावरण मित्रों पर गन से फूल फेंके जाएंगे। धुएं के बदले बबल्स- फैक्ट्रियां धुआं छोड़ने के बजाय साबुन के बबल्स छोड़ें। हवा साफ करने वाली बेल्ट- हर व्यक्ति को हवा साफ करने वाली पोर्टेबल बेल्ट बांधनी पड़ेगी। कार की शादी साइकिल से- जो भी कार खरीदे, उसे एक साइकिल फ्री दी जाएगी। घर में पंखे की जगह हेलीकॉप्टर ब्लेड- धुआं आते ही सारे घर अपने आप हवा में उड़ जाएंगे। प्रदूषण टैक्स- जितना प्रदूषण फैलाओगे, उतने किलो आलू दान करने होंगे। धुआं चूसने वाले ड्रोन- छोटे-छोटे ड्रोन जो हर जगह उड़कर प्रदूषण पी जाएंगे। जानवरों को स्कार्फ- जानवरों को प्रदूषण से बचाने के लिए खास डिज़ाइनर स्कार्फ। ऑक्सीजन एटीएम- जहां चाहो, वहां से 5000 रुपये में अपने फेफड़ों में ऑक्सीजन भरवाओ। पेड़ लगाने पर कैशबैक- जितने पेड़ लगाओगे, उतने रुपये पेटीएम में मिलेंगे। हवा फिल्टर बेचने वाले बाबा- टीवी पर बाबा लोग हवा साफ करने वाले जादुई यंत्र बेचेंगे। प्रदूषण जजमेंट डे- हर सुबह सरकार का ड्रोन आपको स्कैन करेगा। ज्यादा प्रदूषण फैलाने वालों को पुलिस की टप्पी मिलेगी। धुआं पीने वाली पाइपलाइन- हर घर के चिमनी और गाड़ियों से जुड़ी पाइपलाइन सीधे सरकार के धुआं टैंक में जाएगी। ऑक्सीजन कॉफी- हर कैफे में अब कॉफी नहीं, ऑक्सीजन का झाग मिलेगा। पौधे रोपाई डांस चैलेंज- हर रेड लाइट पर डांस करके पौधा लगाइए। धुआं सूंघने वाला रोबोट- गाड़ियों से निकलते धुएं को खा जाने वाला रोबोट, जो गौशाला में ऑक्सीजन छोड़ेगा। हवा का ठप्पा- साफ हवा में सांस लेने के लिए सरकार से पासपोर्ट बनवाना पड़ेगा। गाड़ियों का डायपर- गाड़ियों के एग्जॉस्ट पर डायपर फिट कर दिया जाएगा। हवा का ई-रिक्शा- अब हर घर तक सरकारी हवा की डिलीवरी होगी। नकली धुआं बनाओ प्रतियोगिता- असली धुएं को नकली धुएं में बदलने की ट्रिक सिखाई जाएगी। हवा देव- हर मोहल्ले में 'हवा का देवता' बिठाकर पूजा की जाएगी।ऑक्सीजन जूते- जूते पहनते ही धारक को ताजा हवा का झोंका मिलेगा। झूठ बोलने पर धुआं भूत डराएगा वेजिटेरियन गाड़ियां- अब पेट्रोल-डीजल नहीं, गाड़ी को गाजर और पालक खिलानी होगी। हवा टीका अभियान- हर आदमी को बचपन में ही प्रदूषण प्रतिरोधक हवा टीका दिया जाएगा।

# शादी के लिए शुभ होते हैं लड़कियों के ये लक्षण हाथ-पैर और गर्दन में आते हैं नजर



सनातन धर्म में ज्योतिष शास्त्र की तरह भविष्यपुराण का भी विशेष महत्व है। इसके जरिए जातक के भविष्य में होने वाली घटनाओं की जानकारी की जाती है। इसमें स्त्रियों के भी कुछ खास लक्षणों का जिक्र किया गया है। ये लक्षण लड़कियों के हाथ-पैर और गर्दन में नजर आते हैं। जी हां, एक अच्छी लड़की से शादी की चाह हर किसी व्यक्ति की होती है। हर कोई चाहता है कि उसकी पत्नी गुणी व भाग्यशाली हो पर शुभ लक्षणों वाली लड़की की पहचान करना मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में पुराणों में स्त्री के वे लक्षण बताए गए हैं, जो शुभ या अशुभ होते हैं। अब सवाल है कि आखिर शादी के लिए लड़कियों के कौन से लक्षण शुभ माने जाते हैं?

**लड़कियों के पैर के शुभ-अशुभ लक्षण**

ज्योतिषाचार्य के अनुसार, भगवान ब्रह्म ने ऋषियों और सुमन्तु मुनि ने राजा शतानीक को स्त्रियों के शुभ व अशुभ लक्षण बताए थे। उनके अनुसार जिस स्त्री के चरण लाल, कोमल और जमीन पर समतल पड़ते हैं, पैर की उंगलियां आपस में मिली हुई, सीधी, गोल, चिकनी व छोटे नाखूनों वाली हो तो वह सुख व ऐश्वर्य प्रदान करने वाली होती है। छोटी उंगलियां आयु को बढ़ाती है लेकिन छोटी व विरल उंगलियां धन का नाश करने वाली होती है। जिस स्त्री के हाथ की रेखाएं गहरी, चिकनी व लाल रंग की होती है वह सुख भोगने और टेढ़ी व टूटी हुई रेखा दरिद्रता की निशानी है।

**युवतियों के गर्दन के शुभ लक्षण**

भविष्य पुराण के अनुसार जिस स्त्री के गर्दन में चार अंगुल नाप की साफ तीन रेखाएं हो तो वह गहनों से सजी रहती है। कमजोर गर्दन वाली स्त्री के गरीब, लंबी गर्दन वाली के बांझ तथा बहुत छोटी गर्दन वाली स्त्री के मृत संतान की आशंका होती है। जिसके दोनों कंधे और गर्दन का उठा हुआ पिछला भाग नीचा हो वह लंबी आयु वाली होती है। जिस स्त्री के भौंहे ऊंची, कोमल, सूक्ष्म, आपस में मिली हुई व धनुष के समान है, वह भी सुख व सौभाग्य देने वाली होती है।

**स्त्रियों के हाथ के सबसे शुभ लक्षण**

जिस स्त्री की हाथ की उंगलियां गोल, लंबी, पतली व मिलाने पर छेद रहित, कोमल तथा लाल रंग की हो वह सुख व भोग पाने वाली होती है।जिसके नाखून लाल, कोमल, ऊंचे और चिकने हो वह ऐश्वर्य प्राप्त करती है। रूखे, टूटे, टेढ़े, सफेद व अन्य रंगों के नाखून दुर्भाग्य व दरिद्रता का संकेत है। जिस स्त्री के हाथ फटे हुए, रूखे, ऊंचे- नीचे और छोटे- बड़े हो वह कष्ट भोगती है। मणिबंध पर साफ तीन रेखाएं दिखना तथा उंगलियों के पर्वों में समान रेखा अच्छी आयु व ऐश्वर्य का प्रतीक है।

# पूजा में अगरबत्ती जलाना शुभ या अशुभ!

हिन्दू धर्म में भगवान की पूजा का विशेष महत्व है। भगवान में आस्था रखने वाले अधिकांश लोग भगवान के सामने अगरबत्ती जलाना नहीं भूलते। घर हो या फिर मंदिर प्रसाद के साथ अगरबत्ती जरूर होती है। कोई दो अगरबत्ती जलाता है तो कोई पांच। बाजारों में अलग-अलग खुशबू वाली अगरबत्ती उपलब्ध है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हिंदू धर्म में अगरबत्ती जलाना शुभ है या अशुभ?

**पूजन में बांस जलाना शुभ नहीं**

शास्त्रों में कहीं पर भी अगरबत्ती के जलाने का उल्लेख नहीं किया गया है। हर जगह धूपबत्ती की बात कही गई है। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार बांस का उपयोग अर्थी बनाने में किया जाता है। लेकिन दाह संस्कार में बांस को नहीं जलाया जाता है। इसलिए बांस से बनी अगरबत्तियों को पूजन में जलाना शुभ नहीं माना जाता है। शादी, जनेऊ, मुंडन आदि में बांस की पूजा की जाती है। शादियों में बांस से मंडप बनाया और सजाया जाता है। इसलिए पूजा विधियों में बांस से बनी अगरबत्तियों को जलाना निषेध माना जाता है।



पूजा में कितनी अगरबत्ती जलानी चाहिए
उज्जैन के पंडित आनंद भारद्वाज ने बताया कि हमेशा दो अगरबत्ती जलाना चाहिए। इससे देवी-देवताओं की कृपा बनी रहती है और घर में शांति और सुख-समृद्धि का वास होता है। चार अगरबत्तियां जलाना शक्ति का प्रतीक माना जाता है। इसे विशेष धार्मिक अनुष्ठानों और यज्ञों में उपयोग करना अत्यधिक लाभकारी होता है। चार अगरबत्तियां जलाने से घर में उत्पन्न बाधाओं और कष्टों से मुक्ति मिलती है, ऐसा माना जाता है।

**जरूर करें अगरबत्ती जलाते समय नियम का पालन**

अगरबत्ती जलाने के नियम का वर्णन भी शास्त्रों में किया गया है। अगरबत्ती जलाने के नियम के तहत केवल वहीं अगरबत्ती जलानी चाहिए जो एकदम सही हो और कहीं से टूटी हुई ना हो। केवल वहीं अगरबत्ती जलाएं जो सुगंधित हों। अगरबत्ती जलाते समय उसपर फूंक ना मारें। अगरबत्ती जलाने के नियम के तहत इसे जलाने के बाद इसे चारों दिशा की ओर घूमाएं।

# अस्पताल नहीं बल्कि चित्रकूट में इस वृक्ष की पूजा करने जाते हैं निसंतान दंपत्ति

धर्म नगरी चित्रकूट प्रभु श्रीराम की तपोस्थली रही है। इस स्थान ने श्री राम ने अपने वनवास काल के साढ़े ग्यारह वर्ष बिताए थे। ऐसे में आज हम आपको यहां के एक खास वृक्ष के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी पूजा करने से संतान सुख की प्राप्ति होती है। यह वृक्ष श्रद्धालुओं के बीच खास पहचान रखता है और यहां संतान की कामना करने वाले जोड़े हर साल खास अवसरों पर पूजा करने आते हैं।

**500 वर्ष पुराना है यह वृक्ष**

चित्रकूट के कांच मंदिर के समीप स्थित इस वृक्ष को 'पुत्र दायनी वृक्ष' कहा जाता है। यह वृक्ष लगभग 500 साल पुराना है और आज भी हरा-भरा रहता है। यहां दूर-दूर से लोग आते हैं। जहां वे विशेष रूप से संतान सुख की कामना करते हैं। मान्यता है कि इस वृक्ष की पूजा से सूनी गोद में किलकारियां गूंजने लगती हैं। यहां पर हर साल अमावस्या के समय विशेष मेले का आयोजन किया जाता है। इन अवसरों पर संतान की इच्छा रखने वाले भक्त इस वृक्ष की पूजा करते हैं।

जहां पूजा के बाद उन्हें वृक्ष की पत्तियां दी जाती हैं। पत्तियों को घर ले जाने से संतान सुख की प्राप्ति होती है।

**पुजारी ने दी मंदिर के बारे में जानकारी**

जानकारी देते हुए बताया कि पुत्र दायनी वृक्ष का इतिहास भी अत्यंत दिलचस्प है। यह वृक्ष वैष्णो संप्रदाय से जुड़ा हुआ है। इसे लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास स्थित प्रमोद वन में 'पुत्र जीवन कल्प वृक्ष' के रूप में जाना जाता है।

बताया जाता है कि रीवा के राजा विश्वनाथ प्रताप को संतान सुख की प्राप्ति नहीं हो रही थी। तब राजा ने अपने दुर्भाग्य को दूर करने के लिए बद्री नारायण से सोने की पालकी में अखंड कीर्तन करते हुए इस वृक्ष को चित्रकूट लाया और मंदाकिनी नदी के किनारे इसकी स्थापना की। इसके बाद राजा के घर संतान की प्राप्ति हुई और उनका पुत्र रघुराज नारायण का जन्म हुआ था।

उन्होंने आगे की जानकारी देते हुए बताया कि राजा ने संतान प्राप्ति के उपलक्ष्य में 507 कोठरी बनवाने का आदेश दिया, जो आज भी चित्रकूट में देखने को मिलती है। इस वृक्ष को लेकर श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां पूजा करने से कोई भी महिला जिसे संतान सुख की प्राप्ति नहीं हो रही है। वह एक से डेढ़ साल के अंदर आशीर्वाद से संतान की प्राप्ति कर लेती है।

# 1 मई 1960 को संयुक्त महाराष्ट्र अस्तित्व में आया था

## जिसे आज हम महाराष्ट्र के नाम से जानते हैं



**मराठों का इतिहास**

15 जनवरी 1956 को प्रधानमंत्री नेहरू ने विदर्भ सहित महाराष्ट्र और कच्छ सहित गुजरात राज्य बनाने की घोषणा आकाशवाणी पर की। साथ ही मुंबई को केंद्र शासित राज्य बनाने की बात कही गई। इसके बाद महाराष्ट्र खासकर मुंबई में विरोध शुरू हो गया। 'मुंबई सहित संयुक्त महाराष्ट्र' के नारे लगाते जनता सड़क पर आ गई। आंदोलनकारी नेताओं को जेल में बंद किया गया। पुलिस की गाड़ियां सड़कों पर घूम रही थी। 16 से 22 जनवरी के बीच महाराष्ट्र में गोलीबारी की कई घटनाओं में करीब 100 लोगों की मौत हुई, इसमें एक 15 साल के स्कूली लड़के बंडू गोखले की भी मौत हो गई।


1958 में दिल्ली में संसद भवन के सामने संयुक्त महाराष्ट्र समिति के सदस्य प्रदर्शन करते हुए।1958 में दिल्ली में संसद भवन के सामने संयुक्त महाराष्ट्र समिति के सदस्य प्रदर्शन करते हुए। 23 अप्रैल 1960 को संयुक्त महाराष्ट्र समिति ने दिल्ली संसद की ओर बढ़ते हुए एक बहुत बड़ी रैली निकाली। तब कांग्रेस की अध्यक्ष इंदिरा गांधी ने केंद्र सरकार के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करना शुरू किया।

संसद ने मुंबई समेत संयुक्त महाराष्ट्र के पक्ष में बॉम्बे पुनर्गठन अधिनियम पास किया। इसके मुताबिक मुंबई को संयुक्त महाराष्ट्र की और अहमदाबाद को गुजरात की राजधानी बनाया गया। इस तरह 1 मई 1960 को संयुक्त महाराष्ट्र अस्तित्व में आया, जिसे आज हम महाराष्ट्र के नाम से जानते हैं। **(समाप्त)**

# घर में लगा दें इन 2 पक्षियों की फोटो वास्तु दोष से तुरंत मिलेगा छुटकारा

घर को सजाने के लिए लोग कई तरह की तस्वीर लगाते हैं और यह परंपरा प्राचीन काल से चलती आ रही है। वह तस्वीर वास्तु से भी जुड़ी रहती है। कई बार लोग पैसे तो कमाते हैं लेकिन घर में टिकते नहीं है। जातक को बार-बार कर्ज लेना पड़ता है। आर्थिक समस्या झेलनी पड़ती है। वहीं वास्तु शास्त्र में कुछ ऐसी तस्वीरों का उल्लेख है, जिसको घर में लगाने से घर में सुख समृद्धि की वृद्धि होती है और आर्थिक उन्नति होती है। इसके साथ ही वास्तु दोष भी समाप्त होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में किन पक्षियों की तस्वीर लगाना शुभ माना जाता है और किस दिशा में लगानी चाहिए।

घर में वास्तु दोष होने के कारण कई तरह की समस्या उत्पन्न होती है, जैसे गृह कलेश बढ़ना, पैसे कमाने के वाबजूद आर्थिक समस्या उत्पन्न होना, परिवार के किसी ना किसी सदस्य का बीमार पड़ना, ये सारे वास्तु दोष के लक्षण हैं। इसके साथ ही वास्तु दोष से घर में नकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, वास्तु दोष से छुटकारा पाने के लिए शुभ और मांगलिक कार्य किए जाते हैं। लेकिन पक्षियों की भी तस्वीर लगाकर वास्तु दोष से छुटकारा पाया जा सकता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।





**इन दो पक्षीयों की तस्वीर बेहद शुभ**

ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि अगर घर में आर्थिक समस्या उत्पन्न हो रही है या फिर वास्तु दोष के लक्षण लग रहे हैं तो घर की दीवार पर मोर पंख और नीलकंठ इन दो पक्षियों की तस्वीर अवश्य लगा दें। यह दो पक्षी सबसे शुभ माने जाते हैं। मोर माता लक्ष्मी का ही प्रतीक माना जाता है और नीलकंठ माता दुर्गा का प्रतीक माना जाता है। इन दो पक्षियों की तस्वीर घर में लगाने से आर्थिक समस्या समाप्त हो जाती है इसके साथ ही वास्तु दोष से भी छुटकारा मिल जाता है।

**इस दिशा में लगाएं तस्वीर**

ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि अगर आप नीलकंठ की तस्वीर प्रवेश द्वार पर या घर की पूर्व दिशा में लगते हैं तो आपके घर में सुख समृद्धि की वृद्धि होगी और आर्थिक उन्नति होगी। अभी घर से निकलते वक्त नीलकंठ या मोर की तस्वीर देखेंगे तो सभी कार्य पूर्ण होंगे।

# भगवान मुरुगन के नामों में छिपा है आपकी आत्मा की शुद्धि का रहस्य

**तमिलनाडु:** भगवान मुरुगन के अनगिनत नाम हैं, लेकिन उनकी कृपा पाने के लिए कुछ नाम बेहद खास माने जाते हैं। अरुणगिरिनाथ द्वारा आशीर्वाद प्राप्त तीन प्रमुख नाम हैं – मुरुगन, कुमारन और गुकन। ये नाम न केवल भक्तों के मन को शांति प्रदान करते हैं, बल्कि आध्यात्मिक उत्थान में भी मदद करते हैं। जैसे भगवान शिव को शिवाय, विष्णु को ओम नमो नारायण कहा जाता है, वैसे ही भगवान मुरुगन के लिए "मुरुगा" नाम का विशेष महत्व है। यह नाम स्वयं में एक शक्तिशाली मंत्र है। कहा जाता है कि जो भक्त सच्चे मन से मुरुगा नाम का प्रेमपूर्वक जाप करते हैं, उनके जीवन के सभी संकट दूर हो जाते हैं और बुरी शक्तियों का नाश होता है।




**कुमारन नाम का प्रभाव**

"कुमारन" नाम को अरुणगिरिनाथ ने भगवान मुरुगन का दिव्य नाम बताया है। यह नाम हमारे मन की अनावश्यक चिंताओं और मानसिक कचरे को साफ करने का प्रतीक है। इसके जाप से मन शुद्ध होता है और सकारात्मकता बढ़ती है। कुमारन नाम मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है।

**गुकन नाम का रहस्य**

"गुकन" शब्द का अर्थ है गुफा, जो हमारे हृदय की गुफा का प्रतीक है। यह नाम इस बात को दर्शाता है कि भगवान मुरुगन हमारे हृदय की गहराइयों में वास करते हैं और आत्मा को शुद्ध करते हैं। गुकन नाम का जाप आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा को जागृत करता है।

**नामों का जाप और आध्यात्मिक लाभ**

आध्यात्मिक गुरुओं के अनुसार, मुरुगन के इन नामों का नियमित जाप करने से भक्तों को अनोखी शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। जब आत्मा को इन नामों से जोड़ा जाता है, तो यह मुरुगन की कृपा प्राप्त करने का सरल और प्रभावी माध्यम बनता है। भगवान मुरुगन की भक्ति से जीवन में अच्छाइयों का संचार होता है और आत्मिक शुद्धि संभव होती है। यानी की, मुरुगन के तीन नाम – मुरुगन, कुमारन और गुकन, जीवन में आध्यात्मिक उत्थान और मानसिक शांति का मार्ग दिखाते हैं।

# महाभारत में द्रौपदी नहीं बल्कि ये स्त्री थीं सबसे सुंदर, हरण से हुई शादी

महाभारत में आमतौर कई महिलाओं को सुंदर माना जाता है। लेकिन द्रौपदी को सबसे सुंदर कहा जाता है लेकिन उनसे भी असाधारण सुंदर एक और महिला थीं। जो उन्हें देखता था मुग्ध हो जाता था। तब के कई राजा उनसे शादी करना चाहते थे लेकिन उनकी शादी एक ऐसे शख्स से हुई, जिसने उनका अपहरण कर लिया। हालांकि वह भी उसी पुरुष से शादी करना चाहती थीं।

महाभारत में दो महिलाओं को सबसे खूबसूरत महिलाओं के रूप में माना जाता है। अग्नि से जन्मी द्रौपदी को उसकी असाधारण सुंदरता और शक्ति के लिए जाना जाता था। उन्हें देखने वाले सभी को वह मोहित करती थीं। स्वयंवर से पहले कई राजा और राजकुमार चाहते थे कि द्रौपदी उनकी पत्नी बनें लेकिन ऐसा हो नहीं सका। स्वयंवर ऊपर घूमती हुई मछली की आंख को तीर से भेदने वाले अर्जुन ने उनका वरण किया।

**कृष्ण भी थे उन पर मोहित**

लेकिन अगर शास्त्रों और महाभारत की मानें तो एक और महिला महाभारत के दौर में मौजूद थीं जिन्हें बेमिसाल सुंदरता के लिए जाना जाता है। भगवान कृष्ण तक उनके लिए मोहित थे। उन्हें बेतरह चाहते थे। वह थीं रुक्मिणी, जो बाद में भगवान कृष्ण की पत्नी बनीं। कृष्ण ने हरण करके उनके साथ शादी की थी।

**उनकी सुंदरता ने राजाओं पर भी किया जादू**



**वह महाभारत के दौर में सबसे सुंदर महिला मानी जाती थीं। तब से राजा और राजकुमार चाहते थे वह उनकी रानी बनें।**

रुक्मिणी को धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी का अवतार माना जाता है। विभिन्न ग्रंथों में रुक्मिणी की सुंदरता की तुलना अक्सर दिव्य प्राणियों से की जाती है। उनकी चमक और आकर्षण ने कई लोगों को मोहित किया, जिनमें शक्तिशाली राजा भी शामिल थे, जिन्होंने उनसे विवाह करने के लिए हाथ मांगा।

**उनका भाई जबरदस्त कहीं कराना चाहता था शादी**

रुक्मिणी को विवाह से पहले से कृष्ण से प्यार था। उन्होंने तय कर लिया था कि वह अगर शादी करेंगी तो कृष्ण से ही करेंगी। हालांकि उनका भाई रुक्मी कई और करना चाहता था। तब उन्होंने कृष्ण को संदेश भेजा था कि वह कहीं और होने वाले उनके विवाह को रुकवाएं और हरण करके उनका वरण करें।

**किस देश की राजकुमारी थीं वह**


वह विदर्भ के राजा भीष्मक की बेटी थीं। राजा के पांच बेटे थे। रुक्मिणी के पास जो लोग आते-जाते थे, वे श्रीकृष्ण की प्रशंसा किया करते थे। कहा करते थे, श्रीकृष्ण अलौकिक पुरुष हैं।दुनिया में उनके जैसा कोई पुरुष नहीं।

**उन्होंने सोच लिया कि उनका पति कौन होगा**

तब रुक्मिणि ने मन ही मन तय कर लिया कि वह श्रीकृष्ण को छोड़कर किसी को भी पति रूप में वरण नहीं करेगी। वहीं कृष्ण तक उनके सुंदरता और गुणों की जानकारी पहुंच चुकी थी। हालांकि राजा भीष्मक का बड़ा बेटा रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था। वह बहन रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल से करना चाहता था, क्योंकि शिशुपाल भी श्रीकृष्ण से द्वेष रखता था। भीष्मक ने अपने बड़े बेटे की इच्छानुसार रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल से करने का फैसला किया। शादी का दिन तय हो गया।तब कृष्ण से हरण का अनुरोध किया

जब रुक्मिणी को इसका पता लगा तो वह बहुत दुखी हुईं। उन्होंने श्रीकृष्ण के पास जो संदेश भेजा, मैंने आपको ही पति के रूप में वरण किया है। आपको छोड़कर किसी पुरुष के साथ विवाह नहीं कर सकती। मेरे पिता मेरी इच्छा के खिलाफ शिशुपाल के साथ करना चाहते हैं। **(जारी)**

# प्रेग्नेंट होने के बावजूद भी पति को सपोर्ट कर रहीं अथिया, टेस्ट मैच देखने निकलीं ऑस्ट्रेलिया



अथिया शेट्टी की जिंदगी इन दिनों खुशियों से भरी हुई है। उनके घर में कुछ महीनों बाद एक नन्हा मेहमान आएगा। अथिया के पति और क्रिकेटर के एल राहुल भी इस खुशी को पाकर फूले नहीं समा रहे हैं। इंडस्ट्री में अथिया के दोस्त भी और उनका परिवार इस खुशखबरी को सुनकर बहुत ही उत्साहित है। वह ज्यादा से ज्यादा समय अथिया के साथ बिताना चाहते हैं। लेकिन इन दिनों वह ऑस्ट्रेलिया में होने वाली एक क्रिकेट सीरीज में भाग लेने के लिए गए हुए। ऐसे में अथिया भी उनके पीछे पीछे ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुकी हैं।

### क्रिकेटर पति को सपोर्ट देना चाहती हैं

अथिया शेट्टी को हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के लिए फ्लाइट लेते देखा गया। पैपराजी ने एयपोर्ट पर उनकी तस्वीरें खींचीं। भारतीय पहनावे में अथिया को एयपोर्ट पर देखा। अभी उनका बेबी बंप नजर नहीं आ रहा है लेकिन प्रेग्नेंसी ग्लो जरूर नजर आने लगा है। अथिया का प्रेग्नेंसी में यूं ऑस्ट्रेलिया जाना और केएल राहुल को सपोर्ट करना बताता है कि वह एक अच्छी पत्नी हैं।

### अथिया चाहती हैं केएल के साथ समय बिताना

अथिया पति केएल राहुल को सिर्फ सपोर्ट करने के लिए नहीं जा रही है। ऐसा करके वह अपने प्रेग्नेंसी फेज में उनका साथ भी चाहती हैं। एक पति और पत्नी अगर प्रेग्नेंसी के दौरान साथ रहें तो होने वाले बच्चे पर अच्छा असर पड़ता है। यही कारण है कि अथिया ज्यादा से ज्यादा समय अपने पति के साथ बिताना चाहती हैं।

### काम में भी व्यस्त हैं अथिया

अथिया प्रेग्नेंसी के दौरान फिल्में तो नहीं कर रही हैं लेकिन वह एड फिल्म्स जरूर शूट करती रहती हैं। इस तरह से वह प्रेग्नेंसी के दौरान भी काफी एक्टिव हैं। अपने इंस्टाग्राम पेज पर भी अथिया शेट्टी पोस्ट और वीडियो डालती रहती हैं। इसके अलावा वह अपने माता पिता के साथ भी कई इंवेट्स में नजर आती रहती हैं।

# धनुष के साथ विवाद के बीच नयनतारा को मिला जान्हवी कपूर का समर्थन





डॉक्यूमेंट्री 'नयनतारा: बियॉन्ड द फेयरी टेल' का प्रीमियर को नेटफ्लिक्स पर हुआ था। यह नयनतारा के करियर और व्यक्तिगत यात्रा के बारे में बताती है, जिसमें विग्नेश शिवन के साथ उनकी प्रेम कहानी और शादी भी शामिल है, जो 'नानुम राउडी धान' के सेट पर शुरू हुई थी। इस डॉक्यूमेंट्री को लेकर साउथ सुपरस्टार धनुष और नयनतारा के बीच जुबानी और कानूनी जंग छिड़ी हुई है। अब इस पर जान्हवी कपूर ने अपनी प्रतिक्रिया साझा की है।

### जान्हवी कपूर ने किया नयनतारा का समर्थन

डॉक्यूमेंट्री 'नयनतारा: बियॉन्ड द फेयरी टेल' का प्रीमियर अभिनेत्री के जन्मदिन के मौके पर नेटफ्लिक्स पर हुआ था। धनुष और नयनतारा की लड़ाई के बीच अब बॉलीवुड जान्हवी कपूर ने अभिनेत्री का समर्थन किया है। अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने हाल ही में नयनतारा के लिए अपना प्यार व्यक्त करते हुए उन्हें एक मजबूत महिला बताया। इंस्टाग्राम पर अपने विचार साझा करते हुए जान्हवी ने नेटफ्लिक्स की नई डॉक्यूमेंट्री 'नयनतारा: बियॉन्ड द फेयरीटेल' की प्रशंसा करते हुए लिखा, 'एक मजबूत महिला को एक मजबूत महिला जैसा देखने से ज्यादा प्रेरणादायक कुछ नहीं।'

### नयनतारा ने कसा तंज

नयनतारा और धनुष के बीच चल रहे झगड़े के बीच जान्हवी का यह पोस्ट आया है। जान्हवी कपूर का समर्थन ऐसे समय में आया है, जब नयनतारा अभिनेता धनुष के साथ झगडे में हैं। दअरसल 16 नवंबर को नयनतारा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक खुला पत्र साझा किया। नयनतारा ने अपने पूर्व सह-कलाकार के साथ लंबे समय से चली आ रही शिकायतों को संबोधित करते हुए इंस्टाग्राम पर एक खुला पत्र साझा किया। अपने पत्र में अभिनेत्री ने धनुष पर आरोप लगाया कि वह उन अभिनेताओं से चिढ़ते हैं, जो इंडस्ट्री में किसी सहारे और संबंधों के बजाय अपने स्वयं के प्रयासों से सफलता प्राप्त करते हैं।

### धनुष को मुखौटा हटाने की मिली सलाह

नयनतारा ने धनुष को एक अत्याचारी और छोटे दिल वाले व्यक्ति भी बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि धनुष उनके पाई पति निर्देशक विग्नेश शिवन के खिलाफ व्यक्तिगत द्वेष रखते हैं। नयनतारा ने धनुष के चरित्र के बारे में भी तीखी टिप्पणी की, जिसमें कहा कि उनकी सार्वजनिक छवि, जिसे अक्सर दोस्ताना और सकारात्मक के रूप में देखा जाता है, उनके वास्तविक स्वभाव के विपरीत है। नयनतारा ने धनुष से मुखौटा हटाने के लिए कहा, जो धनुष ने सार्वजनिक रूप से पहना है।

# मीनाक्षी चौधरी दक्षिण भारत की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक


मीनाक्षी चौधरी इस समय दक्षिण भारत की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक हैं। इस साल वह लगातार हिट फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। 'गुंटूर करम' में अपने जबरदस्त अभिनय से संक्रांति के मौके पर पर्दे पर धूम मचाने वाली अभिनेत्री ने सितंबर में 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' जैसी बड़ी हिट से एक बार फिर प्रभावित किया है। दिवाली के मौके पर रिलीज हुई 'लकी भास्कर' से उन्होंने फैन्स को मंत्रमुग्ध कर दिया। हाल ही में 'मटका' में भी उनके अभिनय को सराहना मिली. फिलहाल वह आने वाली 'मैकेनिक रॉकी' में भी हीरोइन के तौर पर नजर आएंगी। हाल ही में वारंगल में आयोजित 'मैकेनिक रॉकी' के प्री-रिलीज इवेंट में मीनाक्षी ने दिलचस्प बातें कीं। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न नायकों पर अपने विचार साझा किये. 'गुंटूर करम' में महेश बाबू के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह अनुशासन की प्रतिमूर्ति हैं. फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' में विजय के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह निरंतरता के आदर्श प्रतीक हैं. 'लकी भास्कर' ने हीरो दुलकर सलमान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वह कितने भी बड़े क्यों न हों, एक साधारण इंसान हैं।भाषण के अंत में, मीनाक्षी ने 'मैकेनिक रॉकी' के नायक विश्वक्सेन के बारे में बात करते हुए कहा कि वह एक मज़ेदार व्यक्ति हैं, जो चंचल, ऊर्जावान हैं और उनमें ऊर्जा और यौवन का प्रतीक हैं। इस साल उन्होंने जिन फिल्मों में काम किया उनमें सिर्फ 'लकी भास्कर' को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला, जबकि बाकी फिल्मों ने अपेक्षित नतीजे नहीं दिए। आइए देखते हैं कैसी होगी 'मैकेनिक रॉकी'।



# दक्षिण भारतीय अभिनेत्री कीर्ति सुरेश वरुण धवन के साथ करेंगी रोमांस

तमिल, तेलुगू और मलयालम भाषाओं की फिल्मों में अभिनेत्री कीर्ति सुरेश लंबे समय से अभिनय कर रही हैं। वह कई बड़े-बड़े दक्षिण भारतीय अभिनेताओं के साथ फिल्मों में रोमांस कर चुकी हैं। कुछ सालों पहले एक बड़ी फिल्म उन्हें ऐसी भी ऑफर हुई जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। इस फिल्म को ठुकराने का कारण क्या रहा इस बारे में, जानिए।





### साउथ अभिनेता नितिन की फिल्म ठुकरा दी

कीर्ति सुरेश फिल्मों में जब से काम कर रही हैं तब से बतौर अभिनेत्री अपने लिए कुछ नियम तय किए हुए हैं। वह बहुत अधिक ग्लैमरस रोल फिल्मों में नहीं करती हैं। वह ऐसे किरदार चुनती हैं जिसमें उन्हें अपनी अभिनय क्षमता दिखाने का मौका मिले। यही कारण है कि उन्होंने अपने करियर में कई अच्छी फिल्में की और उम्दा किरदार निभाए हैं। यहां तक कि उन्होंने कुछ साल पहले अभिनेता नितिन की फिल्म 'माइस्ट्रो (2021)' को इसलिए ठुकरा दिया था कि क्योंकि इसमें उन्हें एक लिप लॉक यानी किसिंग सीन देना था। इस फिल्म को बाद में तमन्ना भाटिया ने किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चली भी थी।

### वरुण धवन के साथ करेंगी रोमांस

फिल्म बेबी जॉन को लेकर भी कीर्ति खबरों में बनी हुई हैं। यह फिल्म जल्द ही रिलीज होगी। इसमें कीर्ति और वरुण साथ नजर आएंगे। कीर्ति वरुण धवन के साथ फिल्म में रोमांस करती हुई दिखेंगी वह इसमें उनकी पत्नी की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म के निर्देशक ए. कालीस्वरन हैं। फिल्म में वरुण एक पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं।


### शादी को लेकर भी चर्चा में

कुछ समय पहले कीर्ति की शादी की अफवाह उड़ी थी। अब खबर आई है कि वह गोवा में डेस्टिनेशन वेडिंग करेंगी। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि कीर्ति सुरेश इस साल के अंत तक शादी करने वाली हैं। कीर्ति और उनके होने वाले पति पहले से एक-दूसरे को जानते हैं।

# क्या पुष्पा 2 में श्रीवल्ली मर जाएगी?

**पटना में पुष्पा 2** के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में लगभग तीन लाख प्रशंसकों की रिकॉर्ड तोड़ भीड़ उमड़ी। इसने न केवल सिनेमा के लिए बल्कि पटना के लिए भी एक ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया। यह फिल्म पुष्पाः द राइज का सीक्वल है और इसका ट्रेलर लॉन्च पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया है। सुकुमार द्वारा निर्देशित और मुख्य भूमिका में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना है।

सुनील, फहद फ़ाज़िल, अनसूया भारद्वाज, राव रमेश, जगपति बाबू और अन्य प्रमुख भूमिकाएँ निभा रहे हैं। देवीश्री प्रसाद संगीत प्रदान कर रहे हैं जबकि नवीन नूली संपादक के रूप में काम कर रहे हैं जो फिल्म को और अधिक रोचक बनाता है। प्रशंसक 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में सीक्वल देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पटना में ट्रेलर लॉन्च देश का सबसे बड़ा फिल्म कार्यक्रम होने की उम्मीद है, इसलिए उम्मीदें अधिक हैं।




ट्रेलर में महत्वपूर्ण एक्शन दृश्यों और कहानी दृश्यों के कारण पुष्पा 2 पर अटकलें लोकप्रियता हासिल कर रही हैं। एक महत्वपूर्ण दृश्य में मुख्य पात्र कैशव को दिखाया गया है, जो अपनी आंखें खोता हुआ प्रतीत होता है।

एक और दिलचस्प दृश्य एक मृत व्यक्ति के दाह संस्कार को दर्शाता है, जिसमें लाल चंदन का उपयोग नेटिज़न्स के बीच बहुत सारी टिप्पणियाँ उत्पन्न कर रहा है।

इससे अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या पुष्पा की मां या रश्मिका का किरदार मर चुका है। और इस बात की सच्चाई जानने के लिए हमें 5 दिसंबर तक का इंतजार करना होगा. जब पुष्पा 2 स्क्रीन पर आएगी तो सभी सवालों का जवाब मिल जाएगा।


# शाहिद कपूर के साथ मतभेद की अटकलों पर बोले अनीस बज्मी

अनीस बज्मी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'भूल भुलैया 3' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। हाल में ही कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये बताया जा रहा था कि शाहिद और रश्मिका मंदाना के साथ अनीस बज्मी की कॉमेडी फिल्म अगस्त 2023 में शुरू होने वाली थी, लेकिन रचनात्मक मतभेदों के कारण कपूर के बाहर चले जाने के बाद इसे बंद कर दिया गया।

### मुझे न किसी से दुश्मनी है न नाराजगी- अनीस बज्मी

एक इंटरव्यू के दौरान निर्देशक ने बंद हो चुकी कॉमेडी फिल्म के लिए शाहिद कपूर के साथ फिर से जुड़ने का संकेत दिया है। निर्देशक ने कहा, मेरे दिमाग में अभी भी वह फिल्म है। इस दौरान उन्होंने शाहिद के साथ फिर से काम करने को लेकर उत्साह व्यक्त किया और उनकी प्रतिभा की प्रशंसा भी की।इस दौरान उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि उनके बीच कोई मतभेद या दुश्मनी नहीं है। निर्देशक के इस बात से दोनों को लेकर भविष्य में साथ काम करने की संभावनाएं जाहिर होती हैं। उन्होंने साफ-साफ कहा, रमुझे किसी से न दुश्मनी है न नाराजगी।





### 'स्पष्ट बातें भ्रम से बचाने में मददगार होती हैं'

अनीस बज्मी ने विवाद की अफवाहों को संबोधित करते हुए बताया कि फिल्म निर्माण के लिए आपसी समझ और ईमानदारी की आवश्यकता होती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अपेक्षाओं के बारे में स्पष्ट बातें भ्रम से बचने में काफी मददगार होती हैं। अपनी खुद की कार्यशैली को स्वीकार करते हुए, उन्होंने कहा कि वर्षों के अनुभव के बाद, उनके लिए अपना दृष्टिकोण बदलना अब काफी चुनौतीपूर्ण है।

### साथ आएंगे तो, बेहतर फिल्म ही बनाएंगे-

अनीस बज्मी ने आगे कहा कि शाहिद का भी उनके जैसा ही काम करने और सोचने का अपना एक अलग तरीका है। उन्होंने कहा कि दोनों के दृष्टिकोण हमेशा मेल नहीं खाते, लेकिन उनका मानना है कि यह बिल्कुल ठीक है। उन्होंने उल्लेख किया कि अगर भविष्य में उनकी संवेदनाएं मेल खाती हैं, तो वे निश्चित रूप से फिर से सहयोग करेंगे। निर्देशक ने दोनों के बीच के रिश्ते को लेकर कहा कि इस स्थिति ने उनके बंधन को प्रभावित नहीं किया है। उन्होंने साझा किया कि शाहिद हमेशा उन्हें प्यार और सम्मान के साथ बधाई देते हैं, और वह अभिनेता को लेकर भी ऐसा ही महसूस करते हैं।

# ऋतिक रोशन ने 10 साल में सिर्फ 7 फिल्में की हैं



**ऋतिक रोशन की पिछले 10 साल का फिल्मी रिकॉर्ड**

| | | |
|---|---|---|
| 2019 | वॉर | हिट |
| 2019 | सुपर 30 | हिट |
| 2017 | काबिल | हिट |
| 2016 | मोहन जोदारो | फ्लॉप |
| 2014 | बैंग बैंग | एवरेज |
| 2013 | कृष 3 | हिट |
| 2012 | अग्निपथ | हिट |

ऋतिक रोशन ने नेपो किड और राकेश रोशन के उत्तराधिकारी के रूप में उस समय इंडस्ट्री में प्रवेश किया जब शाहरुख खान, आमिर खान और सलमान खान बॉलीवुड में धूम मचा रहे थे। हालाँकि उन्होंने अपने करियर की शुरुआत में अच्छी फिल्में कीं, लेकिन कई लोगों ने टिप्पणी की कि वह नेपोकिड थे। आलोचनाओं को नजरअंदाज करते हुए उन्होंने अपनी एक खास छवि बनाने के लिए कड़ी मेहनत की और इंडस्ट्री में टॉप पोजीशन पर पहुंचे। ऋतिक रोशन को तीनों खान के स्तर पर फैन फॉलोइंग के साथ सुपरहिट मिला। लेकिन ये सब अतीत की बात है.. अब उनके फैंस सोशल मीडिया पर ऐसे शिकायत कर रहे हैं मानो हालात कुछ और हों.

ऋतिक रोशन अपने करियर की शुरुआत में साल में तीन से चार फिल्में करते थे और बाद में साल में दो फिल्में करते थे। ऋतिक को बतौर हीरो इंडस्ट्री में आए लगभग 15 साल हो गया है। इन सालों में उन्होंने अच्छी फिल्में कीं, लेकिन पिछले दस सालों में उन्होंने सिर्फ सात फिल्में की हैं। हिट रेट ज्यादा होने के बावजूद वे लगातार फिल्में नहीं कर रहे हैं। निजी कारणों से कुछ सालों का ब्रेक लेने वाले ऋतिक रोशन अब भी नई फिल्में चुनने के मामले में उत्साह नहीं दिखा रहे हैं। हर दो साल में एक जैसी फिल्में बन रही हैं. कुछ विश्लेषकों का मानना है कि अगर रितिक जैसे हीरो, जिनकी सफलता दर ऊंची है, ज्यादा फिल्में नहीं करेंगे तो इससे इंडस्ट्री को नुकसान होगा।

फैंस ऋतिक के लगातार फिल्में न करने पर भी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक हैशटैग शेयर किया गया था जिसमें कहा गया था कि अगर आप लगातार फिल्में नहीं करते हैं तो रिटायरमेंट ले लीजिए। हैशटैग राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेंड हुआ। फैन्स के लिए ओरिजिनल हीरो को इस तरह ट्रोल करना दुर्लभ है.

ऋतिक रोशन के फैंस के साथ-साथ इंडस्ट्री और मीडिया के कई लोग भी इस हैशटैग के साथ फिल्में बनाने की अपील कर रहे हैं. देखना होगा कि ऋतिक इस ट्रेंड पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं। मौजूदा फिल्म के अलावा ऋतिक ने किसी नई फिल्म के लिए कमिटमेंट नहीं किया है। फिलहाल पता चला है कि ऋतिक रोशन अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित फिल्म 'वॉर 2' में अभिनय कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर भी अभिनय कर रहे हैं. इस फिल्म की शूटिंग अगले साल की गर्मियों तक पूरी होने की संभावना है.

# क्या विजय के साथ फिर रोमांस करेंगी रश्मिका?


टॉलीवुड के ट्रेंडिंग कपल विजय देवराकोंडा और रश्मिका मंदाना को किसी परिचय की जरूरत नहीं है। गीता गोविंदम फिल्म में इस जोड़ी की पर्दे पर दिखाई गई शानदार केमिस्ट्री ने दर्शकों को इतना प्रभावित किया. इसके बाद से ही इनके बीच खास रिश्ते की खबरें आती रहती हैं। हालांकि दोनों ने समय-समय पर इन खबरों का खंडन किया है, लेकिन ऐसे कई उदाहरण हैं जो इसको बताते हैं। त्यौहार के मौके पर रश्मिका का विजय के घर पर आना और दोनों का एक ही जगह छुट्टियां बिताना जैसी घटनाओं ने प्रशंसकों को यह विश्वास दिलाया कि उनके बीच अच्छे संबंध हैं। हर फैन यही सोच रहा है कि इन्हें दोबारा एक साथ पर्दे पर देखना कितना अच्छा होगा. श्याम सिंह राय से सफलता पाने वाले डायरेक्टर राहुल सांकृत्यायन अब विजय देवराकोंडा को हीरो लेकर फिल्म बनाने जा रहे हैं.

इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट टॉलीवुड प्रशंसकों को काफी उत्साहित कर रहा है. फिल्म यूनिट का मानना है कि इस फिल्म में एक खास गाना है और उस गाने के लिए रश्मिका मंदाना सर्वश्रेष्ठ गायिका होंगी. जबकि रश्मिका वर्तमान में टॉलीवुड में एक अखिल भारतीय स्टार के रूप में उभर रही हैं, ऐसा माना जा रहा है कि विजय के साथ उनकी अच्छी दोस्ती के कारण वह इस गाने के लिए सहमत हो सकती हैं। हालाँकि, चूँकि रश्मिका एक स्टार नायिका हैं, इसलिए उनके एक विशेष गीत में काम करने को लेकर संदेह है, जिसे राहुल सांकृत्यायन द्वारा निर्देशित श्याम सिंगा राय के साथ बड़ी सफलता मिली थी। इस अनुभव के साथ, दर्शकों के बीच विजय देवरकोंडा के साथ उनके आगामी प्रोजेक्ट को लेकर काफी उम्मीदें हैं।



माना जा रहा है कि जनवरी 2025 से शुरू होने वाली यह फिल्म विजय के करियर का एक और अहम पड़ाव होगी। क्या विजय और रश्मिका एक बार फिर पर्दे पर साथ नजर आएंगे? क्या रश्मिका करेंगी ये खास गाना? वे दिलचस्प सवाल बन गए. उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री से प्रभावित फैंस इस जोड़ी को एक बार फिर स्क्रीन पर देखने का इंतजार कर रहे हैं. क्या यह फिल्म विजय देवरकोंडा के करियर में एक नया मील का पत्थर स्थापित करेगी? क्या राहुल सांकृत्यायन का जादू एक बार फिर दोहराया जाएगा? इसका पता लगाने के लिए हमें कुछ और दिन इंतजार करना होगा। अगर रश्मिका ये गाना करती हैं तो फिल्म की टीम को उम्मीद है कि फिल्म की हाइप और भी बढ़ जाएगी. आने वाले दिनों में इस प्रोजेक्ट पर और भी दिलचस्प अपडेट सामने आना तय है।

# सुपरस्टार रजनीकांत अपनी आत्मकथा लिख रहे हैं



सोशल मीडिया पर इस वक्त यह खबर चर्चा में है कि सुपरस्टार रजनीकांत अपनी आत्मकथा लिख रहे हैं। खबर है कि भारतीय फिल्म उद्योग में अपनी असाधारण उपलब्धियों के साथ-साथ सामान्यता को एक आदर्श पाठ में बदलने वाले रजनीकांत अपने जीवन को एक किताब के रूप में उजागर करने जा रहे हैं। ये खबर फैंस को उत्साहित कर रही है. हालांकि, अभी तक रजनीकांत की टीम की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। अफवाहों के मुताबिक, रजनीकांत अपने मौजूदा प्रोजेक्ट्स कुली और जेलर 2 का काम पूरा करने के बाद अपनी आत्मकथा की घोषणा कर सकते हैं। इस आत्मकथा से रजनीकांत के निजी जीवन, फिल्म निर्माण के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान और उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के बारे में स्पष्ट जानकारी मिलने की उम्मीद है।

एक बस कंडक्टर के रूप में शुरुआत करने वाले रजनीकांत के सिनेमाई दिग्गज बनने तक के सफर से लेकर दुनिया भर में उनके प्रशंसक बने, उनका जीवन वास्तव में एक प्रेरणादायक कहानी है। यह फैंस के दिलों में एक नई दीवानगी पैदा करेगा. रजनीकांत के न केवल भारत में बल्कि जापान जैसे देशों में भी बहुत बड़े प्रशंसक हैं और उनका अनोखा प्रशंसक वर्ग उनकी आत्मकथा का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। रजनीकांत की हालिया फिल्म वेट्टायन ने बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल की है कुली और जेलर 2। इन दोनों प्रोजेक्ट्स से काफी उम्मीदें हैं.

इन दो फिल्मों के बाद उनकी आत्मकथा से भी उनके प्रशंसकों को और अधिक खुशी मिलने की उम्मीद है। उनके जीवन, उपलब्धियों और चुनौतियों पर प्रकाश डालने वाली यह आत्मकथा न केवल प्रशंसकों बल्कि आम जनता को भी बड़ी प्रेरणा प्रदान करेगी।

# थाने से 300 मीटर दूरी पर वर्दी का रोब दिखाकर करता था वसूली

### पोल खुली तो अधिकारी भी रह गए हैरान

भोपाल, 19 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के भोपाल में पुलिस ने नकली पुलिस वाले को गिरफ्तार किया है, जो थाने से महज 300 मीटर की दूरी पर वसूली कर रहा था और पुलिसवाला होने का रोब झाड़ रहा था। इसी बीच विवाद हो गया। विवाद की जानकारी किसी ने असली पुलिस को दे दी, तो सूचना पर पहुंची पुलिस की टीम ने नकली पुलिसकर्मी से उसकी आईडी के बारे में पूछा और भंडाफोड़ हो गया। इस तरह नकली पुलिसकर्मी का फर्जीवाड़ा सामने आ गया। पुलिस ने आरोपी के पास से अलग अलग तरह की कई वर्दी बरामद की हैं। पुलिस को शक है कि यह बड़ा जालसाज हो सकता है, जो लोगों को पुलिस होने का रोब दिखाकर उनसे वसूली करता है। इसके साथ ही पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से मिले मोबाइल में कई फोटो ऐसी मिली हैं, जिसमें वह वर्दी पहने हुए नजर आ रहा है। उसने सोशल मीडिया पर भी पुलिस की वर्दी में ही फोटो पोस्ट की हुई हैं। आरोपी इतना शातिर है कि वह पुलिस की गाड़ी या थाने के पास खड़े होकर फोटो खिंचाया करता था। पुलिस को उसके बैंक अकाउंट में संदिग्ध और बड़ा लेनदेन मिला है। उसके बैंक अकाउंट में अब तक कितना लेनदेन हुआ है। बैंक से इसकी भी जानकारी निकाली जा रही है। जब पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसे वर्दी पहनने का शौक है। एसपी अक्षय चौधरी ने बताया कि आरोपी की पहचान आनंद सेन के रूप में हुई है, जो 15 दिन पहले ही शहर आया था। आरोपी ने अशोका गार्डन क्षेत्र में एक कमरा किराए पर लिया हुआ था। अब पुलिस ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी ने अब तक कितने लोगों से वसूली की है।

# कर्नाटक में मुठभेड़ के दौरान खूंखार नक्सली ढेर

### 20 साल से सुरक्षा बलों की आंखों में झोंक रहा था धूल



उडुपी, 19 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के उडुपी जिले में करकला तालुक के ईदु गांव के पास नक्सल विरोधी बल (एएनएफ) ने एक खूंखार नक्सली को मार गिराया। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। मृतक नक्सली की पहचान विक्रम गौड़ा के तौर पर की गई है। राज्य गृह मंत्री जी। परमेश्वर ने बताया कि एएनएफ पिछले 20 साल से विक्रम गौड़ा को पकड़ने की फिराक में थी। उसे एक खूंखार नक्सली करार देते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि वह कई बार भाग चुका था।

**तलाशी अभियान के दौरान नक्सलियों ने की गोलीबारी**

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सोमवार की शाम को तलाशी अभियान के दौरान एएनएफ ने नक्सलियों के एक समूह को देखा। एएनएफ की टीम को देखते ही नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। एएनएफ की टीम ने भी इसका पलटवार किया और नक्सली विक्रम गौड़ा को मार गिराया। हालांकि, इस दौरान अन्य नक्सली भागने में कामयाब रहे। एक अधिकारी ने कहा, विक्रम गौड़ा पिछले दो दशक से दक्षिण भारत में नक्सली अभियानों का नेतृत्व कर रहा था। वह केरल, तमिलनाडु और कई बार कर्नाटक के कोडागु में छिपा था। पत्रकारों से बात करते हुए राज्य गृह मंत्री परमेश्वर ने कहा, अचानक से नक्सली पुलिस वालों पर गोलीबारी करने लगा। पुलिस की तरफ से पलटवार करने पर वह मारा गया। उसके साथ दो-तीन नक्सली थे जो भागने में कामयाब रहे। एएनएफ पुलिस तलाशी अभियान जारी रखेगी। उन्होंने आगे कहा कि विक्रम गौड़ा काफी ज्यादा सक्रिय था और एक राज्य से दूसरे राज्य में घूमता रहता था। एएनएफ उसकी गतिविधियों पर नजर रख रहा था, लेकिन उसे गिरफ्तार करने में असमर्थ थी। एक जानकारी के आधार पर मुठभेड़ हुई। ऐसा लग रहा है राज्य में नक्सली गतिविधियां खत्म हो गई है।

**नक्सल गतिविधियों में शामिल लोगों को बाहर निकालने का प्रयास जारी**

राज्य गृह मंत्री जी। परमेश्वर ने कहा, पिछले हफ्ते दो (नक्सली) राजू और लता को देखा गया था, लेकिन वे भाग निकलने में कामयाब रहे। उन्हें पकड़ने के लिए इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया। अचानक से अधिकारियों को विक्रम गौड़ा के बारे में जानकारी मिली। सभी अधिकारी उसे ढूंढने लगे। यह एनकाउंटर जरूरी था या नहीं इसपर उन्होंने कहा, जैसे ही उसने (विक्रम गौड़ा) पुलिस को देखा गोलियां चलाने लगा, इसलिए पुलिस को भी गोलियां चलानी पड़ी। अभी तक मेरे पास यही जानकारी आई है।

# अलग-अलग गुटों में बंटी कांग्रेस ने प्रचार में एकजुटता से किए वार, अब नतीजे का इंतजार



देहरादून, 19 नवंबर (एजेंसियां)। अलग-अलग गुटों में बंटी कांग्रेस उपचुनाव के प्रचार युद्ध में भाजपा पर पूरी एकजुटता संग वार-पलटवार करती नजर आई। अब उसे मनचाहे नतीजे का इंतजार है। बदरीनाथ व मंगलौर उपचुनाव में जीत का उत्साह केदारनाथ के प्रचार को प्रचंड बनाने में उसके खूब काम आया। कांग्रेस की चाहत केदारनाथ में जीत के साथ 2027 के लिए एक बड़ा संदेश देने की भी है। लोस चुनाव में पांचों सीट हारने के बाद कांग्रेस के हौसले पस्त थे, लेकिन बदरीनाथ व मंगलौर विस उपचुनाव में जीत ने उम्मीदों से भर दिया। उसने मिशन केदारनाथ के लिए प्रचार में पूरी ताकत झोंकी। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने मोर्चा संभाला। वहीं, पूर्व सीएम हरीश रावत भी प्रचार में चिरपरिचित अंदाज में दिखे। प्रचार के दौरान महिला मतदाताओं को साधने के लिए खेत खलियान में भी गए। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक प्रीतम सिंह, चुनाव प्रभारी व विधायक विक्रम सिंह नेगी, पूर्व मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत समेत सभी दिग्गजों ने प्रत्याशी मनोज रावत की जीत के लिए प्रचार किया।

उपचुनाव में कांग्रेस की ताकत केदारनाथ धाम के नाम पर दिल्ली में प्रतीकात्मक मंदिर का निर्माण, धाम से सोना गायब होना, केदारघाटी में आपदा के मुद्दे को ताकत मान रही है। 2017 में केदारनाथ विस जीत कर मनोज रावत ने महिला उम्मीदवार जीतने का मिथक तोड़ा था। कांग्रेस को उम्मीद है कि इस बार भी मनोज रावत मिथक को तोड़ेंगे।

# क्या दिल्ली को भारत की राजधानी रहना चाहिए? वायु गुणवत्ता के संकट पर थरूर का सवाल



नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने सवाल किया कि क्या दिल्ली को भारत की राजधानी बनी रहनी चाहिए, क्योंकि शहर में वायु प्रदूषण 'अत्यधिक गंभीर' स्थिति में पहुंच गया है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से तय दैनिक अधिकतम मात्रा से 60 गुना अधिक है।

जहरीली धुंध (धुएं और कोहरे का एक जहरीला मिश्रण) पिछले कुछ दिनों से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में छायी हुई है। वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआई) 'गंभीर प्लस' श्रेणी में पहुंच गया है। जिससे अधिकारियों को स्कूलों को ऑनलाइन कक्षाओं में बदलने और सख्त वायु प्रदूषण नियंत्रण उपायों को लागू करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। थरूर ने एक्स पर लिखा, दिल्ली आधिकारिक रूप से दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर है।

इसका प्रदूषण का स्तर चार गुना खतरनाक है और यह दुनिया के दूसरे सबसे प्रदूषित शहर ढाका से करीब पांच गुना ज्यादा प्रदूषित है। यह सही नहीं है कि हमारी सरकार वर्षों से इस संकट को देख रही है और कुछ भी नहीं कर रही है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि वह 2015 से विशेषज्ञों और हितधारकों के साथ 'वायु गुणवत्ता गोलमेज' कार्यक्रम करते थे। लेकिन पिछले साल उन्होंने इसे छोड़ दिया क्योंकि कुछ भी बदलाव नहीं दिख रहा था और किसी को भी इसकी परवाह नहीं थी। थरूर ने आगे कहा, यह शहर नवंबर से जनवरी तक पूरी तरह से रहने लायक नहीं है और बाकि साल भी बमुश्किल रहने योग्य है। क्या इसे हमारी राजधानी रहना चाहिए? दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में करीब सात करोड़ लोग रहते हैं और सर्दियों में वायु प्रदूषण के मामले में विश्व रैंकिंग में यह शीर्ष स्थान पर है। इसका कारण है कि ठंडी हवा पड़ोसी राज्यों पंबाज और हरियाणा में किसानों द्वारा जलाई जा रही पराली के धुएं को फंसा देती है, जिससे प्रदूषण का स्तर और भी बढ़ जाता है। दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में आज सुबह एक मोटी जहरीली धुंध की परत छाई रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक करीब 500 तक पहुंच गया।

वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान प्रणाली (सफर) के आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक सुबह 6 बजे 494 दर्ज किया गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे खराब आंकड़ा है।

## जंगल सफारी करने का बढ़ा क्रेज, राजाजी टाइगर रिजर्व की चीला रेंज के गेट खुलते ही स्लॉट बुक

हरिद्वार, 19 नवंबर (एजेंसियां)। राजाजी टाइगर रिजर्व की चीला रेंज में ऑनलाइन बुकिंग कर जंगल सफारी करने का क्रेज बढ़ा है। 70 फीसदी तक सैलानी घर बैठे जंगल सफारी के लिए टिकट बुकिंग कर रहे हैं। ऐसे में जंगल सफारी के लिए रेंज के गेट खुलते ही अधिकांश स्लॉट भी बुक हो गए हैं। राजाजी टाइगर रिजर्व की चीला रेंज हाथियों के लिए प्रसिद्ध है। इसके अलावा बाघ, गुलदार और विभिन्न प्रकार के प्रजातियों के पक्षियों के लिए भी रेंज का नाम जाना जाता है। इसके चलते वाइल्ड लाइफ प्रेमी चीला रेंज में जंगल सफारी कर प्राकृतिक सौंदर्य और जंगली जानवरों का दीदार करने के लिए आते हैं। टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने जंगल सफारी के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग की सुविधा दी है। पिछले साल तक 30 प्रतिशत तक ही सैलानी ऑनलाइन बुकिंग कराते थे। लेकिन इस बार ट्रेंड बदला है और ज्यादातर लोग ऑनलाइन पंजीकरण कराकर जंगल सफारी करना पसंद कर रहे हैं।

# धारपुर मेडिकल कॉलेज में रैगिंग के दौरान छात्र की मौत पर 15 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार





पाटन, 19 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात के पाटन जिले के धारपुर मेडिकल कॉलेज में बीते दिनों दिल दहला देने वाली घटना देखने को मिली थी। दरअसल यहां मेडिकल कॉलेज में हुई रैगिंग के बाद फर्स्ट ईयर के छात्र अनिल की मौत शनिवार को हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज इन तमाम छात्रों को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि छात्र की मौत के बाद जब यह मामला सामने आया तब, कॉलेज ने एंटी रैगिंग कमेटी के रिपोर्ट के आधार पर थर्ड ईयर के 15 छात्रों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी।

**पुलिस ने की आरोपियों की गिरफ्तारी**

दरअसल इन 15 छात्रों के ऊपर ही फर्स्ट ईयर के छात्र के साथ रैगिंग करने और मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगा। इस मामले में गैर इरादतन हत्या को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसी के आधार पर सभी 15 सीनियर छात्रों की गिरफ्तारी पुलिस ने अब कर ली है। पुलिस अब आगे की जांच में जुटी हुई है। हालांकि पुलिस ने इस मामले में सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला है, जिसमें यह बात सामने आई है कि अनिल को करीब 3 घंटे तक खड़ा रखने की वजह से पहले तो वह बेहोश हुआ और फिर उसकी मौत हो गई।

**रैगिंग के बाद हुई मौत**

पुलिस ने इस मामले में बताया कि 18 वर्षीय छात्र की मौत के पहले छात्रों ने उसके संग रैगिंग की थी। पुलिस ने कहा कि सभी आरोपी एमबीबीएस दूसरे साल के छात्र हैं। उन्होंने मृतक छात्र सहित कुछ जूनियर छात्रों को शनिवार रात तीन घंटे से अधिक समय तक हॉस्टल के कमरे में खड़ा रखा था। उन्हें मानसिक और शारीरिक यातना भी दी। पुलिस प्राथमिकी के मुताबिक, शनिवार की रात प्रथम वर्ष के छात्रों को इंट्रोडक्शन के लिए छात्रावास के एक कमरे में बुलाया गया। यहां जूनियर छात्रों को साढ़े तीन घंटे तक खड़ा रखा गया और उन्हें गाने और नाचने को बोला गया। इस दौरान उन्होंने अपशब्द बोलने और कमरे से बाहर न निकलने के लिए मजबूर किया गया। छात्रों की मानसिक और शारीरिक यातना दिए जाने के कारण अनिल की तबीयत बिगड़ गई और वह वहीं बेहोश होकर गिर गया। जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कोलकाता से फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारत में घुसे थे, कर्नाटक में पकड़े गए 6 बांग्लादेशी

चित्रदुर्गा, 19 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के चित्रदुर्गा शहर में पुलिस ने अवैध तरीके से रह रहे छह बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से भारत में घुसे थे और जाली दस्तावेजों के आधार पर यहां रह रहे थे। इन गिरफ्तार आरोपियों के पास से फर्जी आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, श्रमिक कार्ड, बैंक पासबुक, पैन कार्ड और पासपोर्ट भी बरामद किया गया है। चित्रदुर्गा के एसपी कार्यालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि यह गिरफ्तारी 18 नवंबर 2024 को शहर के होलालकेरे रोड पर स्थित अरविंद गारमेंट्स और व्हाइट वॉश गारमेंट्स के पास की गई। पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में इन बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ की। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में सुमन हुसैन, शेख सैफुर रहमान, मजहरुल, अजीजुल शेख, मोहम्मद शाकिब सिकदर और सनोवर हुसैन शामिल हैं। इन आरोपियों ने बताया कि वे भारत में बसने और काम करने के लिए पश्चिम बंगाल के कोलकाता से फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारत में प्रवेश किए थे। इसके बाद उन्होंने विभिन्न राज्यों में काम किया और हाल ही में रोजगार के लिए चित्रदुर्गा शहर पहुंचे थे। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से मिले फर्जी दस्तावेजों को जब्त कर लिया है और अब आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# साइबर फ्रॉड से 2 साल में खरीदी 13 एकड़ जमीन

भोपाल, 19 नवंबर (एजेंसियां)। साइबर ठग गिरोह का सरगना शशिकांत कुमार उर्फ मनीष पूछताछ में लगातार चौंकाने वाला खुलासा कर रहा है। भोपाल से गिरफ्तार सात में से छह साइबर ठगों को जेल भेज दिया गया है। शशिकांत कुमार 20 नवंबर तक रिमांड पर है। उसने एमपी में रहने के दौरान इंदौर में सबसे ज्यादा फर्जी बैंक खाते खोले और बेचे हैं। फर्जीवाड़े से कमाई रकम उसने बिहार में पटना के पास स्थित एक गांव में इन्वेस्ट की। दो साल में उसने यहां 13 एकड़ जमीन सहित एक मकान खरीदा है। एक पुराने मकान को रेनोवेट कराने में भी पैसा खर्च किया है। उसके गिरोह का एक अन्य सदस्य संजय कुमार फर्जी खाते बेचने बिहार गया है। पुलिस की एक टीम उसकी तलाश में बिहार में है। संजय की गिरफ्तारी के बाद गिरोह के और भी काले कारनामे उजागर होने की पुलिस को उम्मीद है। पुलिस की एक और टीम इंदौर में है। आरोपियों ने इंदौर में 400 खाते खोले और बेचे हैं। वहीं, आरोपी हैदराबाद और अहमदाबाद में भी बड़ी संख्या में खाते बेच चुके हैं। यहां भी पुलिस टीम जांच करने जा सकती है। बैंक खाता खोलने से पहले आधार कार्ड के ऑथेंटिकेशन के लिए फिंगर प्रिंट लिए जाते हैं।

मिस मैच होने की हालत में बैंक को मैनुअल वेरिफिकेशन करने का अधिकार है। इसी का फायदा उठाकर आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों से बड़ी संख्या में खाते खुलवा लिए थे। डीसीपी रियाज इकबाल ने बताया कि आरोपी 1800 फर्जी खाते बेच चुके हैं। इनमें से 80 प्रतिशत बैंक अकाउंट बिहार में ही बेचे गए। वहीं, पुलिस को आरोपियों के पास डायरी में बैंक अकाउंट के रिकॉर्ड मिला है। जिसमें इंदौर से करीब 400 और भोपाल से 130 अकाउंट का रिकॉर्ड है। पुलिस ने सभी बैंक अकाउंट को भारत सरकार के साइबर पोर्टल पर फर्जी फोन नंबर और बैंक खातों को बंद करा दिया है।

**400 सिम डी एक्टिवेट कराई**

गिरोह के सरगना आरोपी शशिकांत कुमार ने मुंबई, हैदराबाद जैसे बड़े शहरों में करीब 350-350 फर्जी अकाउंट बनाए हैं। इन अकाउंट को बेचने में जो रकम आरोपी शशिकांत को प्राप्त हुई है, उससे बिहार में प्रॉपर्टी खरीदी गई है। फिलहाल पुलिस इसकी डिटेल निकाल रही है। पुलिस ने आरोपियों से मिली 400 सिमों को डिएक्टिवेट करा दिया है।

# 'एक हैं तो सेफ हैं' पर लालू यादव का बड़ा बयान

### बीजेपी और साधु-संतों पर जताई नाराजगी



पटना, 19 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले तमाम सियासी दलों ने परसेप्शन की लड़ाई में जीत के लिए कई नारे गढ़े हैं। इनमें संविधान को लेकर इंडिया अलायंस का नारा 'संविधान बचाओ' है तो दूसरी ओर जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक हैं तो सेफ हैं' और यूपी के मुख्यंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बंटोगे तो कटोगे' वाला अटैकिंग स्लोगन है। इन दोनों ही राज्यों का चुनाव प्रचार अमूमन इन्हीं नारों के इर्द गिर्द घूमता रहा है। अब जब बुधवार 20 नवंबर को झारखंड और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव चुनाव के लिए वोटिंग होगी तो इसके पहले राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक हैं तो सेफ हैं के नारे पर बड़ा बयान दिया है। लालू यादव ने इस नारे को लेकर साधु-संतों के समर्थन पर भी नाराजगी जताई। लालू यादव ने कहा कि इन लोगों को गरीबी और गुरबत से कोई लेना देना नहीं है, यही सब बोलते रहते हैं।

लालू यादव ने साधु संतों के एक रहोगे तो सेफ रहोगे नारे का समर्थन करने पर भी नाराजगी जताई और कहा कि यह सब गलत बोलते हैं। बीजेपी के लोग रोज यही बकवास करते हैं। वहीं, लालू यादव ने झारखंड विधानसभा और बिहार में चार सीटों पर हुए उपचुनाव में जीत का दावा किया है। जबकि, बिहार में एनडीए में सब ठीक है, वाले सवाल पर लालू यादव ने कहा कि मुझे यह सब नहीं पता रहता है। बता दें कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए चुनाव प्रचार का शोर थम गया। अब सेकंड पेज के लिए 38 सीटों पर बुधवार को वोट डाले जाएंगे। इन 38 सीटों में 23 सीटों पर इंडिया गठबंधन का कब्जा है, जबकि एनडीए के पास इनमें से 15 सीटें हैं। वर्तमान में जिन सीटों पर चुनाव होने हैं उसको मुख्य तौर पर झामुमो, कांग्रेस और राजद का गढ़ माना जाता रहा है। वहीं, एनडीए के पास पिछले चुनाव की तुलना के पास बेहतर करने की चुनौती है। वहीं, कई दिग्गजों की किस्मत भी दांव पर होगी। दूसरे चरण के चुनाव में 12 जिलों की कुल 38 सीटों पर 528 प्रत्याशी चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, इन प्रत्याशियों में 472 पुरुष और 55 महिला के अलावा एक थर्ड जेंडर भी चुनाव मैदान में है। इसके साथ ही कई दिग्गज चुनावी मैदान में हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, बाबूलाल मरांडी, सुदेश महतो, रबीन्द्रनाथ महतो, दीपिका पांडे सिंह, हफीजुल हसन, सीता सोरेन, बसंत सोरेन सहित कई दिग्गज शामिल हैं।

# 'महाराष्ट्र को गुजरात बनाना चाहती है केंद्र सरकार'

### संजय राउत ने वोटिंग से पहले सरकार पर साधा निशाना



मुंबई, 19 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए कल वोटिंग होने वाली है। राज्य की सभी 288 विधानसभा सीटों पर एक साथ वोटिंग हो गई। इससे पहले चुनाव प्रचार का दौर समाप्त हो गया। वहीं शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। संजय राउत ने कहा है कि केंद्र सरकार महाराष्ट्र को गुजरात बनाना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ये लड़ाई महाराष्ट्र को गुजरातियों के अतिक्रमण से बचाने की है। उन्होंने गुजरात और दिल्ली से भेजे गए बीजेपी कार्यकर्ताओं का जिक्र करते हुए कहा कि ये लोग चुनाव को प्रभावित करेंगे। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पहले संजय राउत ने केंद्र सरकार और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा है। संजय राउत ने कहा कि कल होने जा रहे महाराष्ट्र चुनाव को गुजरात और दिल्ली से भेजे गए बीजेपी कार्यकर्ता प्रभावित करेंगे। उन्होंने महाराष्ट्र के सोलापुर में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए ये बात कही। वहीं संजय राउत ने बीजेपी नेता पंकजा मुंडे के बयान का हवाला देते हुए कहा कि, अब महाराष्ट्र में अदानी के बाद बाकी गुजरातियों का अतिक्रमण बढ़ेगा। यही करने के इरादे से कार्यकर्ता तैनात किए गए हैं।

**महाराष्ट्र को गुजरातियों के अतिक्रमण से बचाने की लड़ाई**

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने आगे कहा कि मुंबई में हर बूथ पर 90 हजार गुजराती लोग रहेंगे, क्योंकि केंद्र सरकार महाराष्ट्र को गुजरात बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि पहले अदानी आए हैं, बाद में बाकी गुजरातियों का भी अतिक्रमण बढ़ेगी। यह जो लड़ाई है वो महाराष्ट्र को गुजरातियों के अतिक्रमण से बचाने की लड़ाई है। संजय राउत ने कहा कि सत्ता आती-जाती रहती है। हम लड़ेंगे और जीतेंगे भी, कोई कुछ भी कहे।

**आज होगा मतदान**

बता दें कि महाराष्ट्र में शनिवार को ही मतदान होना है। राज्य में चुनाव प्रचार बंद हो गया है। वहीं वोटिंग से पहले संजय राउत ने ये बयान दिया है और उन्होंने केंद्र सरकार के साथ-साथ बीजेपी पर आरोप लगाया है। दरअसल, वोटिंग के बाद मतों की गणना 23 नवंबर को होगी और इसी दिन नतीजे भी घोषित कर दिए जाएंगे।

## नजीर अहमद वानी गिरफ्तार, 1993 देवबंद धमाके में था मुख्य आरोपी

जम्मू, 19 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश पुलिस ने 1993 के देवबंद बम धमाका मामले में प्रमुख आरोपी नजीर अहमद वानी को जम्मू और कश्मीर के बडगाम जिले से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार, यह गिरफ्तारी मंगलवार को की गई। नजीर अहमद वानी, जो हाल ही में बडगाम विधानसभा सीट से मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के खिलाफ चुनावी मैदान में थे जिसे उत्तर प्रदेश पुलिस की एक टीम ने जम्मू और कश्मीर पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया। 51 वर्षीय वानी जिन्होंने अपने चुनाव हलफनामे में व्यवसाय को अपना पेशा बताया था, 1993 के बम धमाका मामले में जमानत पर बाहर थे। इस मामले में चार लोग घायल हुए थे, जिनमें दो यूपी पुलिस कर्मी भी शामिल थे। वानी को 1993 में गिरफ्तार किया गया था लेकिन 1994 में उन्हें जमानत मिल गई थी।

# हिमाचल भवन कुर्क करने का आदेश, हाईकोर्ट के फैसले से मची खलबली; क्या है पूरा मामला





शिमला, 19 नवंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने आर्बिट्रेशन अवॉर्ड का पालन करने के लिए नई दिल्ली के 27 सिकंदरा रोड मंडी हाउस स्थित हिमाचल भवन को कुर्क करने का आदेश जारी किया है। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने सेली हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी लिमिटेड की ओर से ऊर्जा विभाग के विरुद्ध दायर अनुपालना याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया।

**कोर्ट में जमा नहीं की गई है 64 करोड**

कोर्ट ने ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव को इस बात की तथ्यात्मक जांच करने का आदेश भी दिया कि किस विशेष अधिकारी अथवा अधिकारियों की चूक के कारण 64 करोड़ रुपये की सात प्रतिशत ब्याज सहित अवॉर्ड राशि कोर्ट में जमा नहीं की गई है। कोर्ट ने कहा कि दोषियों का पता लगाना इसलिए आवश्यक है क्योंकि ब्याज को दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों से व्यक्तिगत रूप से वसूलने का आदेश दिया जाएगा।

**15 दिन के भीतर जांच करने का आदेश**

कोर्ट ने 15 दिन के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट अगली तिथि को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश भी दिया। मामले पर सुनवाई छह दिसंबर को होगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 13 जनवरी 2023 को प्रतिवादियों को याचिकाकर्ता की ओर से जमा किए गए 64 करोड़ रुपये के अग्रिम प्रीमियम को याचिका दायर करने की तिथि से इसकी वसूली तक सात प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित वापस करने का निर्देश दिया था।

**हाईकोर्ट ने दिया ये आदेश**

इस निर्णय पर खंडपीठ ने इस शर्त पर रोक लगाई थी कि यदि प्रतिवादी उक्त राशि कोर्ट में जमा करवाने में असमर्थ रहते हैं तो अंतरिम आदेश हटा लिए जाएंगे। राशि जमा न करने पर हाईकोर्ट की खंडपीठ ने 15 जुलाई 2024 को एकलपीठ के निर्णय पर लगाई रोक हटाने का आदेश जारी किया।

इन तथ्यों को देखते हुए कोर्ट ने कहा कि चूंकि प्रतिवादी-राज्य के पक्ष में कोई अंतरिम आदेश नहीं है, इसलिए आर्बिट्रेशन अवॉर्ड को लागू करना इसलिए आवश्यक है क्योंकि सरकार की ओर से अवॉर्ड राशि जमा करने में देरी से दैनिक आधार पर ब्याज लग रहा है, जिसका भुगतान सरकारी खजाने से किया जाना है।

**जयराम ठाकुर ने सरकार पर बोला हमला**

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल भवन प्रदेश की सम्मानजनक प्रॉपर्टी है जहां हम हर हिमाचली सम्मान के साथजाता है। हिमाचल भवन को नीलाम करने के आदेश सरकार के लिए दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार लगातार ऐसे फैसले ले रही है जिससे हिमाचल प्रदेश की फजीहत हो रही है।



# भारत के पीछे-पीछे ब्रिटेन

## इस डील से बुझते दीपक को रोशन करने की आस, मोदी जान रहे मन की बात




नई दिल्ली,19 नवंबर (एजेंसियां)। ब्रिटेन भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर फिर से बातचीत शुरू करेगा। इसके जरिये ब्रिटेन अपनी बुझी अर्थव्यवस्था के चिराग में तेजी का तेल डालना चाहता है। उसे लगता है कि यह समझौता दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा। ब्रिटेन भारत के साथ सुरक्षा, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाने का इच्छुक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस बात को जानते हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने कहा है कि वह भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर नए साल में फिर से बातचीत शुरू करेंगे। दोनों देशों में हुए चुनावों के कारण ये बातचीत कई महीनों से रुकी हुई थी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि स्टार्मर ने ब्राजील में जी-20 शिखर सम्मेलन में अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के साथ भारत के साथ एक नई रणनीतिक साझेदारी की मांग की।

**ग्रोथ में फूंक सकता है जान**

किएर स्टार्मर का मानना है कि कि भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता ब्रिटेन में नौकरियों और तरक्की को बढ़ावा देगा। ब्रिटेन के नेता ने रियो डी जनेरियो में शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात की। स्टार्मर ने शी जिनपिंग से दोनों देशों के बीच 'सुसंगत, टिकाऊ' संबंध स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वह व्यापार, अर्थव्यवस्था और जलवायु जैसे क्षेत्रों में उनके साथ जुड़ना चाहेंगे। स्टार्मर ने जी-7 देशों में सबसे तेजी से आर्थिक विकास हासिल करने का वादा किया है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन ने भविष्यवाणी की है कि 2025 में ब्रिटेन का विकास जी-7 देशों में सबसे कम होगा। पिछली कंजर्वेटिव सरकार ने भारत के साथ कई वर्षों तक व्यापार वार्ता की, लेकिन मार्च में बिना किसी समझौते के ये वार्ता समाप्त हो गई।

**दोनों देशों के बीच कितना व्यापार?**

एक ब्रिटिश अधिकारी ने कहा था कि भारतीय चुनावों से पहले एक समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। दुनिया की पांचवीं और छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं भारत और ब्रिटेन के बीच जून में समाप्त हुए 12 महीनों में कुल व्यापार 42 अरब पाउंड (53.2 अरब डॉलर) का था। इस दौरान भारत को ब्रिटेन का निर्यात 16.6 अरब पाउंड का था। 19 अप्रैल से 1 जून तक हुए आम चुनाव से पहले सरकारी सूत्रों ने कहा था कि अगर मोदी फिर से चुने जाते हैं तो उनके ब्रिटेन और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को पूरा करने को प्राथमिकता देने की संभावना है। ब्रिटिश मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के मुताबिक, भारत ब्रिटेन के लिए महत्वपूर्ण ट्रेड पार्टनर है। उसका मानना है कि यहां एक अच्छा सौदा किया जा सकता है जो दोनों देशों के लिए काम करे। दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता में पिछले कुछ मुद्दों पर मतभेद रहे हैं। इनमें भारत में बिक्री के लिए ब्रिटिश व्हिस्की पर भारी आयात शुल्क और भारतीय छात्रों और व्यवसायों के लिए अधिक वीजा की भारत की मांग शामिल है।

## सेंसेक्स-निफ्टी तेजी के साथ हुआ क्लोज पर आखिरी घंटे में बिकवाली के चलते बाजार ने गंवा दी शानदार बढ़त

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। मंगलवार के कारोबारी सत्र में भले ही भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ हो लेकिन दिन के हाई से सेंसेक्स 1000 अंक और निफ्टी 300 अंक जा लुढ़का। पूरे दिन बाजार में जो शानदार बढ़त गई वो आखिरी घंटे में गंवा दिया। आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 240 अंकों के उछाल के साथ 77,578 अंकों पर क्लोज हुआ है जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 65 अंकों की उछाल के साथ 23,518 अंकों पर बंद हुआ है।

**तेजी और गिरने वाले शेयर्स**

आज के कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में 17 शेयर तेजी के साथ बंद हुए जबकि 13 में गिरावट देखी गई। निफ्टी के 50 शेयरों में 23 तेजी के साथ और 27 गिर बंद हुए। तेजी वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.07 फीसदी, टेक महिंद्रा 1.90 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 1.82 फीसदी, टाइटन 1.58 फीसदी, सन फार्मा 1.46 फीसदी, टाटा मोटर्स 1.34 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.07 फीसदी, पावर ग्रिड 0.77 फीसदी, इंफोसिस 0.66 फीसदी, अडानी पोर्ट्स 0.59 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है। जबकि रिलायंस 1.83 फीसदी, एसबीआई 1.43 फीसदी, बजाज फिनसर्व 1.21 फीसदी, मारुति 1.20 फीसदी, टाटा स्टील 1.17 फीसदी, भारती एयरटेल 0.98 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है। आज के ट्रेड में बैंकिंग, ऑटो, आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, रियल एस्टेट, मीडिया, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और हेल्थकेयर सेक्टर शेयर तेजी के साथ बंद हुए। जबकि ऑयल एंड गैस, कमोडिटीज, एनर्जी, मेटल्स और पीएसयू बैंक के शेयरों के इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। आज के सत्र में निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 503 अंकों की उछाल के साथ 54,548 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 170 अंकों की उछाल के साथ बंद हुआ है।

**निवेशकों की संपत्ति में उछाल**

सेयर बाजार में शानदार तेजी के चलते निवेशकों की संपत्ति में उछाल देखने को मिला है। बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 430.39 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ है जो पिछले सत्र में 429.08 लाख करोड़ रुपये पर क्लोज हुआ था। यानि आज के सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 1.31 लाख करोड़ रुपये का उछाल देखने को मिला है। हालांकि दिन में जब बाजार शानदार तेजी के साथ ट्रेड कर रहा था तब निवेशकों की संपत्ति में 6 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का उछाल देखने को मिला था।

## बारिश, आंधी, भूकंप सबसे बचाएगी ये खास ट्रेन, सरकार ला रही है बुलेट ट्रेन सेवा

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। भारत सरकार की मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत, चलने वाली ट्रेनों को खास तरीके से तैयार किया जा रहा है। रेलवे की मुंबई से अहमदाबाद के बीच चलने वाली बुलेट ट्रेनों में कई सारे सेफ्टी फीचर्स दिए जाएंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खुद इस बारे में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी। इस बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में यात्रियों की सेफ्टी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रोजेक्ट के तहत बनने वाली बुलेट ट्रेनों को भूकंप, आंधी और तेज बारिश से बचाने के लिए खास तरीके से डिजाइन किया जा रहा है। भारत सरकार रेल सुविधाओं को लगातार बेहतर करने की दिशा में काम कर रही है। इसी क्रम में भारतीय रेलवे ने नई बुलेट ट्रेन परियोजना में भूकंप सेंसर, रेनफॉल मॉनिटरिंग सिस्टम और तेज हवाओं के चलने पर ट्रेन की सुरक्षा को लेकर नए सिस्टम अपडेट किए जा रहे हैं।

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में जापानी शिंकानसेन बुलेट ट्रेनों की तकनीकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। मुंबई और गुजरात के बीच में कुल 28 भूकंपमापी सेंसर लगाए जाएंगे, जिनमें से 22 महाराष्ट्र और 8 गुजरात में लगेंगे। ये सेंसर भूकंप तरंगों की निगरानी करेंगे साथ ही भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में ट्रेन के जाने पर खुद-ब-खुद इमरजेंसी ब्रेक लगा देंगे।



**बारिश की निगरानी**

बुलेट ट्रेनों को हैवी रेन से बचाने के लिए नई तकनीकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे जिस इलाके में ट्रेन चलेगी। वहां के मौसम के बारे में आसानी से पता चल जाएगा और बुलेट ट्रेनों को खराब मौसम और भारी बारिश की मार नहीं झेलनी पड़ेगी। कई बार भारी बारिश के चलते ट्रेनें लेट हो जाती हैं। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए रेलवे बुलेट ट्रेनों में बरिश की निगरानी के लिए एक नया सिस्टम लगाएगा।

**तेज गति की हवाओं का पता लगाना**

मुंबई-अहमदाबाद के बीच चलने वाली बुलेट ट्रेनें कई तटीय क्षेत्रों से होकर के गुजरेंगी। इसलिए ट्रेनों पर तेज हवाओं का कोई प्रभाव न पड़े, आंधियों के बारे में पहले ही पता चल जाए। इसके लिए रेलवे ने हवाओं की गति का पता लगाने के लिए वायडक्ट के साथ-साथ 14 जगहों पर एनीमोमीटर लगाएगा, जो 0 से 252 किलोमीटर प्रति घंटा के बीच चलने वाली हवाओं का डेटा देगा, जिससे यदि हवा की रफ्तार 72 किलोमीटर प्रति घंटा से 130 किलोमीटर प्रति घंटा के बीच पहुंचती है तो ट्रेन की स्पीड को कम कर दिया जाएगा।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक | मे |
| चंद्र- | मिथुन | मे |
| मंगल | कर्क | मे |
| बुध- | वृश्चिक | मे |
| गुरु- | वृष | मे |
| शुक्र- | धनु | मे |
| शनि- | कुंभ | मे |
| राहु- | मीन | मे |
| केतु- | कन्या | मे |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| वृश्चिक- | 06-10 | बजे |
| धनु---- | 08-24 | बजे |
| मकर.... | 10-29 | बजे |
| कुंभ-- | 12-20 | बजे |
| मीन-- | 10-58 | बजे |
| मेष--- | 15-34 | बजे |
| वृष--- | 17-19 | बजे |
| मिथुन- | 19-20 | बजे |
| कर्क--- | 21-31 | बजे |
| सिंह--- | 23-44 | बजे |
| कन्या-- | 01-51 | बजे |
| तुला--- | 03-56 | बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय - 06-27
सूर्यास्त. - 17-35
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल -- उत्तर - धनिया खाकर घर से निकले
तिथि- पंचमी 16-49 तक उपरान्त षष्ठी
मास - मार्गशीर्ष कृष्ण , बुधवार 20 November
नक्षत्र - पुनर्वसु 14-50 तक उपरान्त पुष्य
योग - शुभ 13-07 तक उप शुक्ल
करण- तैतिल 16-49 तक उप गर
विशेष:-
व्रत -त्योहार - श्री ॐ मायानंद चैतन्य ज.

विशेषः- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल**
12:02 से
13:26 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| लाभ. | 06:27 - 07:49 | शुभ |
| अमृत. | 07:49 - 09:13 | शुभ |
| काल. | 09:13 - 10:38 | अशुभ |
| शुभ | 10:38 - 12:02 | शुभ |
| रोग | 12:02 - 13:26 | अशुभ |
| उत्पात | 13:26 - 14:50 | अशुभ |
| चंचल | 14:50 - 16:14 | शुभ |
| लाभ | 16:14 - 17:35 | शुभ |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| उत्पात | 17:35 - 19:14 | अशुभ |
| शुभ | 19:14 - 20:50 | शुभ |
| अमृत | 20:50 - 22:26 | शुभ |
| चंचल. | 22:26 - 00:02 | शुभ |
| रोग | 00:02 - 01:38 | अशुभ |
| काल | 01:38 - 03:14 | अशुभ |
| लाभ | 03:14 - 04:50 | शुभ |
| उत्पात | 04:50 - 06:27 | अशुभ |

## एलन मस्क ने 2 हफ्तों में कमाए 5 लाख करोड़, क्या टूट पाएगा 3 साल पुराना रिकॉर्ड?



वाशिंगटन, 19 नवंबर (एजेंसियां)। एलन मस्क के लिए नवंबर का महीना काफी खास रहा है। करीब दो हफ्तों या यूं कहें कि जब से डोनाल्ड ट्रंप जीते हैं, उसके बाद से उनकी नेटवर्थ में 5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा यानी 62 बिलियन डॉलर की बढ़ गई है। मंगलवार को भी उनकी नेटवर्थ में 13 बिलियन डॉलर का इजाफा देखने को मिला है। अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या 3 साल पहले यानी नवंबर 2021 में एलन मस्क का सबसे ज्यादा नेटवर्थ का रिकॉर्ड टूट पाएगा या नहीं। तब एलन मस्क की नेटवर्थ 340 अरब डॉलर पर पहुंच गई थी। जबकि मौजूदा समय में 326 अरब डॉलर है। इसका मतलब है कि एलन मस्क अपना ही रिकॉर्ड तोड़ने में सिर्फ 14 बिलियन डॉलर पीछे हैं। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर मौजूदा समय में एलन मस्क की नेटवर्थ को लेकर किस किस तरह के आंकड़े देखने को मिले हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियस इंडेक्स आंकड़ों के अनुसार 19 नवंबर को एलन मस्क की नेटवर्थ में 12.9 बिलियन डॉलर का इजाफा देखने को मिला है। जिसके बाद उनकी कुल नेटवर्थ 326 बिलियन डॉलर हो गई है। खास बात तो ये है दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की दौलत में मौजूदा साल में 97.2 अरब डॉलर का इजाफा देखने को मिला है। ताज्जुब की बात तो ये है कि मौजूदा समय में इतनी दौलत एशिया के सबसे अमीर कारोबारी मुकेश अंबानी के पास भी नहीं है। मुकेश अंबानी की कुल नेटवर्थ मौजूदा समय में 95 अरब डॉलर से ज्यादा है।

**दो हफ्तों में 62 बिलियन डॉलर का इजाफा**

खास बात तो ये है कि एलन मस्क की दौलत में 62 बिलियन डॉलर यानी 5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का इजाफा सिर्फ दो हफ्तों या यूं कहें कि डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद देखने को मिला है। 5 नवंबर को एलन मस्क की कुल नेटवर्थ 264 अरब डॉलर देखने को मिली थी। तब से अब तक उनकी नेटवर्थ में 62 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी देखने को मिल चुकी है। जानकारों का मानना है कि डोनाल्ड ट्रंप के सबसे बड़े सपोर्टर के रूप में एलन मस्क दिखाई दिए थे। मस्क ने चुनाव के दौरान पॉलिटिकल फंडिंग भी की थी। ऐसे में ट्रंप की जीत के बाद एलन मस्क की कंपनी टेस्ला के शेयरों में इजाफा देखने को मिल रहा है।अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या एलन मस्क सबसे ज्यादा दौलत का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ पाएंगे? जो उन्होंने करीब 3 साल पहले नवंबर 2021 में बनाया था। तब उनकी कुल दौलत 340 अरब डॉलर पर पहुंच गई थी। वैसे करीब एक हफ्ते पहले 12 नवंबर को एलन मस्क की कुल दौलत 335 अरब डॉलर पहुंच गई थी, ऐसा लग रहा था कि अगले कुछ दिनों में ये रिकॉर्ड टूट जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

## जी20 देशों के जीडीपी ग्रोथ रेट में बजा भारत का डंका

### अमेरिका-रूस और चीन को छोड़ा पीछे




नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। दुनियाभर की आर्थिक सुस्ती के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए खुशखबरी है। साल 2024 में जी20 देशों की अनुमानित जीडीपी ग्रोथ रेट में भारत सबसे ऊपर है। भारत की अनुमानित ग्रोथ रेट 7 फीसदी है, जो चीन, रूस और अमेरिका जैसे देशों से ज्यादा है।

**कौन सा देश किस नंबर पर है**

2024 के लिए जी20 देशों की प्रोजेक्टेड जीडीपी ग्रोथ रेट में जहां भारत 7 फीसदी के साथ पहले नंबर पर है। वहीं इंडोनेशिया 5 फीसदी के साथ इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। चीन की बात करें तो ये इस लिस्ट में 4.8 फीसदी के साथ तीसरे नंबर पर है। रूस 3.6 फीसदी के साथ चौथे नंबर पर है और ब्राजील 3 फीसदी के साथ 5वें नंबर पर है। 2024 के लिए अफ्रीका और तुर्किए का भी अनुमानित ग्रोथ रेट 3 फीसदी है। ये दोनों देश इस लिस्ट में 6वें और 7वें नंबर पर हैं।अमेरिका 2.8 फीसदी के साथ इस लिस्ट में 8वें नंबर पर है। 9वें नंबर पर कोरिया है जिसकी अनुमानित जीडीपी ग्रोथ रेट 2.5 फीसदी है। 10वें नंबर पर मेक्सिको है। इसकी अनुमानित जीडीपी ग्रोथ रेट 1.5 फीसदी है। सऊदी अरब इस लिस्ट में 11वें नंबर पर है और इसकी भी अनुमानित जीडीपी ग्रोथ रेट 1.5 फीसदी है।12वें नंबर पर 1.3 फीसदी के साथ कनाडा है और 13वें नंबर पर 1.2 फीसदी के साथ ऑस्ट्रेलिया है। फ्रांस, यूरोपियन यूनियन, यूके और साउथ अफ्रीका की अनुमानित जीडीपी ग्रोथ रेट 1.1 फीसदी है। ये 14,15, 16 और 17वें नंबर पर हैं।

**माइनस में है इस देश की जीडीपी ग्रोथ रेट**

इस लिस्ट में कुछ देश ऐसे भी हैं, जिनकी 2024 के लिए अनुमानित जीडीपी ग्रोथ रेट 1 फीसदी से भी कम है। वहीं एक देश ऐसा है जिसकी अनुमानित जीडीपी ग्रोथ रेट माइनस में है। एक फीसदी से कम प्रोजेक्टेड ग्रोथ रेट वाले देशों की बात करें तो इनमें इटली, जापान और जर्मनी है। जबकि, अर्जेंटीना का अनुमानित ग्रोथ रेट 2024 के लिए माइनस 3.5 फीसदी है।ब्राजील में 19वीं जी20 समिट 18 नवंबर से ही शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसमें भाग लेने के लिए रविवार यानी 17 नवंबर को ही ब्राजील की राजधानी रियो डी जेनेरियो पहुंच चुके हैं। आज यानी 19 नवंबर को 19वीं जी20 समिट का आखिरी दिन है।

## भारत में मेटा को बड़ा झटका, लगाया 213 करोड़ का जुर्माना और 5 साल का बैन!



नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने सोमवार को सोशल मीडिया कंपनी मेटा पर 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। यह जुर्माना 2021 में व्हॉट्सएप प्राइवेसी अपडेट के संबंध में अनुचित व्यावसायिक तरीकों को अपनाने के लिए लगाया गया। इसके अलावा, सीसीआई ने मेटा को प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार को बंद करने और उनसे दूर रहने का निर्देश दिया है। एक आदेश में कहा गया कि प्रतिस्पर्धा नियामक ने सोमवार को मेटा पर अपनी दबदबे का दुरुपयोग करने के लिए 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। सीसीआई ने डॉमिनेंस का दुरुपयोग करने के खिलाफ आदेश पारित करते हुए कहा कि यह जुर्माना इस बात से जुड़ा है कि व्हॉट्सएप की 2021 की निजता नीति को कैसे लागू किया गया, उपयोगकर्ता डेटा कैसे जमा किया गया और इसे मेटा की अन्य कंपनियों के साथ साझा किया गया। वहीं दूसरी ओर सीसीआई ने व्हाट्सएप को अपने प्लेटफॉर्म पर कलेक्ट किए गए यूजर डेटा को विज्ञापन उद्देश्यों के लिए अन्य मेटा प्रोडक्ट्स या कंपनियों के साथ पांच साल की अवधि के लिए शेयर ना करने का भी निर्देश दिया है। सीसीआई के इस आदेश से मेटा या यूं कहें कि व्हाट्सएप को बड़ा झटका लगा है। अकेले व्हाट्सएप के देश में 500 मिलियन से अधिक मंथली एक्टिव यूजर हैं। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर सीसीआई की ओर से और किस तरह की जानकारी दी गई है।

**सीसीआई की जांच में क्या मिला**

सीसीआई ने मार्च 2021 में व्हाट्सएप की रिवाइज्ड प्राइवेसी पॉलिसी की जांच शुरू की, जिसने डेटा कलेक्शन के विस्तारित दायरे के साथ-साथ फेसबुक (अब मेटा) और उसकी कंपनियों के साथ अनिवार्य डेटा शेयरिंग को सक्षम बनाया।


## आकाश अंबानी से कम नहीं सागर अडानी सामने रख दिया 3 लाख करोड़ का प्लान

मुंबई, 19 नवंबर (एजेंसियां)। गौतम अडानी के भतीजे और अडानी ग्रीन एनर्जी के कार्यकारी निदेशक सागर अडानी ने सोमवार को कहा कि ग्रुप देश के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर सोलर, विंड और हाइब्रिड प्लांट स्थापित करने के लिए अगले पांच साल में लगभग 35 अरब डॉलर यानी करीब 3 लाख करोड़ का निवेश करेगा।

उन्होंने कहा कि अडानी ग्रुप दुनिया में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नई परियोजनाओं में निवेश कर रहा है और यह सबसे बड़े निवेश में से एक है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर उपरियोजना का विकास है। हम बड़े पैमाने पर स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए अगले पांच साल में लगभग 35 अरब डॉलर का निवेश करने जा रहे हैं। यह निवेश सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हाइब्रिड (एक साथ सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाएं) परियोजनाओं में किया जाएगा। कंपनी गुजरात के खावड़ा में एक ही स्थान पर 30,000 मेगावाट क्षमता का सौर संयंत्र लगा रही है। सागर अडानी ने यह भी कहा कि देश को परमाणु ऊर्जा और अन्य चीजों के बारे में भी सोचने की जरूरत है। इसके बारे में सरकार सक्रियता से सोच रही है।

## सोने ने पकड़ी रफ्तार, दो दिन में 1500 रुपये महंगा हुआ गोल्ड

**आपके शहर में क्या है सोने की कीमत**




नई दिल्ली,19 नवंबर (एजेंसियां)। सोने में गिरावट का दौर थम गया है। अब यह फिर से रफ्तार भरने लगा है। पिछले दो दिन में सोने की कीमत में 1500 रुपये की तेजी आई है। मंगलवार को एमसीएक्स पर इसमें करीब 450 रुपये से ज्यादा की तेजी आई। इस तेजी के साथ सोना 75 हजार रुपये का आंकड़ा पार गया है। वहीं मंगलवार को चांदी में भी 600 रुपये से ज्यादा की तेजी आई। मंगलवार को दोपहर तक सोना 469 रुपये की तेजी के साथ 75516 रुपये पर पहुंच गया। पिछले 2 दिनों में सोने की कीमतों में प्रति 10 ग्राम 1500 रुपये से ज्यादा की तेजी आई है। वहीं इन दो दिनों में चांदी प्रति किलोग्राम 3000 रुपये से ज्यादा महंगी हुई है।

**टूट गया गिरावट का सिलसिला**

सोने और चांदी की कीमत में गिरावट का सिलसिला टूट गया है। फेस्टिव सीजन से लेकर पिछले हफ्ते तक सोने में 8 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट आई थी। वहीं चांदी 10 हजार रुपये प्रति किलो तक गिर गई थी। लेकिन अब सोने और चांदी, दोनों की कीमत बढ़नी शुरू हो गई है। सोमवार को सोने में करीब 1.50% की तेजी आई थी। इस तेजी के साथ सोना 75,047 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं सोमवार को चांदी में 2.37% की तेजी देखी गई। इस तेजी के साथ चांदी 90,513 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

**आज ऐसी है स्थिति**

मंगलवार को अभी तक सोना 0.62 फीसदी की तेजी के साथ 469 रुपये महंगा हो चुका है। अभी सोने की कीमत 75516 रुपये प्रति 10 ग्राम है।वहीं चांदी 600 रुपये से ज्यादा महंगी हो चुकी है। इसके साथ चांदी की कीमत बढ़कर 91120 रुपये प्रति किलो हो गई है। हालांकि इनकी कीमत में उतार-चढ़ाव जारी रहा।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)
आज आप काल्पनिक से मूड में हैं। अलग अलग भूमिकाएं निभाने और कल्पनाओं में आपको बहुत मजा आता है । आप अपने लिए हर कहीं रोमांस ढूँढ लेते हैं । आपकी सपनों की एक दुनिया है जिसे आपको सच करने का मौका मिल सकता है । आप आज अपनी भावनाओं के वश में होकर संबंधों या करियर में कुछ असंभव सा हासिल करना चाहेंगे हालाँकि बड़े फैसले लेने के लिए यह समय ठीक नही है ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आज सब कुछ आपके मनचाहे तरीके से होगा और आपको अपने प्रयासों में सफलता मिलेगी । आप पुराने नुक्सान की भरपाई भी कर लेंगे । इसके परिणामस्वरूप आप अपनी संभावनाओं के प्रति अधिक आशावादी भी हो सकते हैं ,किसी भी अवसर के बारे में गहरे से सोचे बिना जोखिम ना उठायें । असावधान रहेंगे तो किसी से मुठभेड़ हो सकती है ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
आज का दिन तारीफ और प्रशंसा से भरा रहेगा ।आपके बेहतरीन कामों के लिए पुरस्कार भी मिल सकते हैं । आपकी सच के साथ बने रहने की खासियत से आप अपने से प्रतिस्पर्धा करने वाले कई लोगों के रोल-मॉडल बन पायेंगे । आज कोई फैसला कार्यान्वित करने से पहले एक बार फिर से सोच लें ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
आज आप पायेंगे कि आप कितने ही अच्छे और सही सुझाव दें,कोई आपकी बात मानने को तैयार नही है । इससे आप काफी निराश अनुभव करेंगे लेकिन आपको यह अनुभव करने की जरुरत है कि आपके सुझाव तो बेशक अच्छे हैं , लेकिन आपका रवैया ऐसा है कि जैसे आप किसी पर कृपा कर रहे हैं । इसीलिए लोग आपकी सलाह का उल्टा कर रहें हैं ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
आपकी भीतरी शक्ति आपको एक साथ कई स्तरों पर सोचने की क्षमता देगी । आप किसी भी मुद्दे की तह तक जा पायेंगे । अपने दोस्तों –साथियों का भी सही मूल्याकन कर पायेंगे । जहाँ तर्कशक्ति से बात ना बने,अपने मन की आवाज सुनें । अपनी छिपी क्षमता को बाहर लाने का यह उत्तम समय है । विवादों से बचें,वे बाद में समस्या पैदा कर सकते हैं।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आप आज कल्पनात्मक रहेंगे । कार्यस्थल की ओर से किसी अन्य स्थान की यात्रा का मौका मिल सकता है । आपकी रोमांटिक प्रवृति उजागर होगी । अपने आपको थोड़ी ढील देने का दिन है ,लेकिन काम में व्यवहारिकता भी दिखानी होगी । साथियों के साथ अच्छे मूड में रहेंगे । अपनी मेल देख लें,कोई महत्वपूर्ण मेल आपकी प्रतीक्षा कर रही है ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
अपने सृजनात्मक विचारों को कार्यान्वित करने का यह बहुत अच्छा समय है । अपने विचारों को बड़ा रखें तथा किसी बोद्धिक या व्यवसायिक प्रशिक्षण में हिस्सा लें, इससे आपको औरो पर बढ़त हासिल होगी । हालाँकि ऐसा करते हुए आपको कुछ वित्तीय परेशानियां आ सकती हैं।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
यह समय मजे और स्वतन्त्रता दोनों में से किसी एक को चुनने का है । अगर आप जिम्मेदार हैं तो आपको स्वतंत्रता भी मिल ही जायेगी । हालाँकि अत्यधिक परिश्रम के बाद भी आप अपनी मंजिल पर तो नही पहुंच पायेंगे लेकिन बाद में आपको इसका फल जरुर मिलेगा इसलिए परिश्रम करते रहें । वित्तीय स्थिति के लिए भी परेशान न हों,समय के साथ ठीक होती जायेगी ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
बिजनेस सम्बन्धी किसी मीटिंग में आपके मनमुताबिक मोड़ आने की सम्भावना है । आप आज शांत किन्तु दृढ हैं । आपने खूब सोच समझकर फैसले लिए हैं । कार्यस्थल पर सकारात्मक बदलाव होंगें । किसी पुराने दोस्त से मुलाकात संभव है । घर पर शांत और संतुष्ट बने रहेंगे । बोद्धिक उन्नति होगी ,प्रियजनों की और से कोई खुश कर देने वाली खबर मिलेगी ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आज आप सामान्य से अधिक भावनात्मक हैं ,दूसरे इसका फायदा उठा सकते हैं । कार्यस्थल पर कार्य का दबाव रहेगा,जिससे थकान का अनुभव करेंगे । कुछ कार्य सहकर्मियों को दे दें या कल के लिए बचा रखें । काम थोडा भले ही करें लेकिन गुणवत्ता बनाये रखें । आज किसी ख़ास व्यक्ति के साथ स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ़ उठा सकते हैं ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आज आपको दूसरों पर विश्वास करना होगा । यह आपका कोई करीबी या कोई दोस्त हो सकता है और वः आपकी किसी ऐसे विशेष काम में मदद करेगा जिससे आपके भविष्य पर काफी प्रभाव पड़ेगा । लेकिन इसके लिए सबसे जरुरी यह होगा की आप उस व्यक्ति में विश्वास बनाये रखें । आपको अपनी ही तरफ से विश्वास की पहल करनी होगी ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
आपके पिछले कुछ समय से अपने करियर तथा निजी जीवन सम्बन्धी किये गये प्रयासों का फल मिलने का समय आ गया है । ऐसा घटनाक्रम बनेगा कि आपको कोई बड़ी सफलता हाथ लगेगी । आपको प्रयासों और परिश्रम को आपके सीनियर ध्यान से देखेंगे और वे आपके जबरदस्त समर्थक भी बन जायेंगे । आपके दुश्मन आज असहाय अनुभव करेंगे ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# हिजबुल्लाह के कैप्टागन और शाबू से जंग लड़ रहा सऊदी अरब

## क्राउन प्रिंस सलमान के लिए पाकिस्तानी बने मुसीबत

रियाद, 19 नवंबर (एक्सक्लूसिव डेस्क)। साल 2022 का अप्रैल महीना। एक खबर ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया। सऊदी अरब के पूर्वी प्रांत में नशीली दवा लेने वाले एक व्यक्ति ने भयानक हत्याकांड को अंजाम दिया। उसने रमजान के दौरान अपने घर में आग लगा दी, जिसमें उसके परिवार के 4 लोग जलकर खाक हो गए। सऊदी पुलिस के अनुसार, आरोपी व्यक्ति एक ड्रग्स मेथामफेटामाइन जिसे आमतौर पर लोग शाबू कहते हैं, उसके प्रभाव में था।

हाल ही में आई एक खबर के बारे में। सऊदी अरब ने इस साल अब तक 101 विदेशियों को मौत की सजा दी, जो मौत की सजा के मामले में एक रिकॉर्ड बन गया। 2023 और 2022 34-34 विदेशियों को मौत के घाट उतारा गया था। इन मौत की सजा के मामलों में सबसे ज्यादा नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों से जुड़े थे।

इस साल नशीली दवाओं के अपराधों से जुड़ी 92 फांसी में से 69 में विदेशी नागरिक शामिल थे। जानते हैं सऊदी अरब में ड्रग्स को लेकर पाकिस्तानी जैसे विदेशियों को सबसे ज्यादा मौत की सजा क्यों मिलती है? यह भी जानते हैं कि क्राउन प्रिंस सलमान का वह दावा क्या था, जिसे झूठा बताया जा रहा है।

**ड्रग्स डीलर के जाल में फंस रहे विदेशी लोग**

यूरोपीय-सऊदी ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स (ईएसओएचआर) के कानूनी निदेशक ताहा अल-हज्जी के अनुसार, सऊदी अरब में विदेशी लोग सबसे कमजोर समूह हैं। वे अक्सर ड्रग डीलरों के शिकार होते हैं और उन्हें यह अंजाम भुगतना पड़ता है। जैसे-जैसे फांसी की संख्या बढ़ती जा रही है, मौत की सजा पाए लोगों के परिवारों में दहशत का माहौल है। सबको यही लगता है कि अगला नंबर उन्हीं का है।

सऊदी में ड्रग्स को लेकर मौत की सजा तक का सख्त प्रावधान है। पाकिस्तानी जैसे कई विदेशी इन ड्रग डीलरों के जाल में अक्सर पैसे की लालच में आकर फंस जाते हैं।

**पाकिस्तान के नागरिकों को सबसे ज्यादा मौत की सजा**

इस साल जिन विदेशियों को फांसी दी गई उनमें पाकिस्तान के 21, यमन के 20, सीरिया के 14, नाइजीरिया के 10, मिस्र के 9, जॉर्डन के 8 और इथियोपिया के 7 लोग शामिल हैं। इनमें सूडान, भारत और अफगानिस्तान से तीन-तीन और श्रीलंका, इरिट्रिया और फिलीपींस से एक-एक व्यक्ति शामिल था।

**चीन और ईरान के बाद सऊदी में सबसे ज्यादा मौत की सजा**

सऊदी में मौत की सजा को लेकर अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां जांच कर रही हैं और सवाल भी खड़े कर रही हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसे अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने सऊदी अरब को चीन और ईरान के बाद दुनिया भर में कैदियों को फांसी देने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश बताया है।

**क्या झूठ बोल रहे हैं सऊदी क्राउन प्रिंस सलमान**

इस साल अब तक इतने बड़े पैमाने पर मौत की सजा को लेकर यह बहस भी छिड़ गई है कि क्या सऊदी अरब के वास्तविक शासक क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान झूठ बोल रहे हैं, जिन्होंने 2022 में द अटलांटिक के साथ एक इंटरव्यू में कहा था कि सऊदी ने हत्या जैसे अपराध करने वाले व्यक्तियों से जुड़े मामलों को छोड़कर मौत की सजा को समाप्त कर दिया है।




ओसिनडेक्स.नेट के अनुसार, सऊदी में नशीली दवाओं को लेकर अक्सर भंडाफोड़ होते रहे हैं। 2022 में ही सऊदी अधिकारियों ने देश के इतिहास में अवैध नशीले ड्रग्स की सबसे बड़ी जब्ती की थी। उस दौरान करीब 4.7 करोड़ एम्फैटेमिन गोलियां आटे की खेप में छिपाकर सऊदी लाई गई थीं, जिन्हें राजधानी रियाद के एक गोदाम में रखा गया था। इन गोलियों को कैप्टागन भी कहा जाता है। इससे पहले 2021 में करीब 3 करोड़ गोलियां जब्त की गई थीं।

**सऊदी अरब बन रहा मध्य पूर्व के ड्रग्स की राजधानी**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी में रिकॉर्ड की जब्ती दर्शाती है कि विशेषज्ञ मध्य पूर्व की ड्रग राजधानी के रूप में सऊदी अरब की भूमिका बढ़ रही है। इस डिमांड को बढ़ाने में सीरिया और लेबनान के तस्करों का हाथ है, जो इसे ड्रग्स के लिए पॉपुलर डेस्टिनेशन मानते हैं। दिसंबर, 2021 में लेबनान के आंतरिक सुरक्षा बलों ने जॉर्डन के रास्ते रियाद में कॉफी बैग में छिपाकर 40 लाख कैप्टागन गोलियों की तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया था।

सऊदी अरब में कैप्टागन गोलियों की तस्करी का भंडाफोड़ आम बात हो गई है। बताया जा रहा है कि ये गोलियां आकार में छोटी और बनाने में आसान होने की वजह से सऊदी के ड्रग्स मार्केट में इनकी काफी डिमांड है। इन गोलियों को सीरिया और लेबनान में बड़े पैमाने पर बनाया जाता है, जहां से चोरी-छिपे इन्हें सऊदी अरब लाया जाता है। यहां इनकी खपत सबसे ज्यादा है। ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) के अनुसार, 2015 और 2019 के बीच मध्य पूर्व में जब्त किए गए सभी कैप्टागन का आधे से अधिक हिस्सा सऊदी अरब में था। सऊदी अरब भले ही अरब देशों का मुखिया बनता हो, मगर उसकी असली लड़ाई कैप्टागन और शाबू जैसे ड्रग्स के खिलाफ है। मूड बढ़ाने, जगाने में माहिर इस ड्रग्स की वजह से लोग मर रहे हैं। उन्हें सेहत से जुड़ी गंभीर बीमारियां हो जाती हैं। उनकी इम्यूनिटी भी कमजोर हो जाती है। कैप्टागन पहली बार सीरियाई संकट के दौरान अरब क्षेत्र में तब पॉपुलर हुआ, जब गृहयुद्ध के लड़ाके यहां आए। वो यह नशा करते और लंबी लड़ाई लड़ते। बाद में अमेरिका और सऊदी अरब की पाबंदी लगी, मगर तब तक इस नए दुश्मन ने अरब जगत में अपनी गहरी पैठ बना ली। सीरियाई सरकार पर नशीली दवाओं की तस्करी में सक्रिय रूप से शामिल होने का आरोप लगाया गया।

सीरिया और लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के नियंत्रण वाले क्षेत्र इस दवा के प्रमुख उत्पादन केंद्र बन गए। 2019 में सीरिया और लेबनान का इस ड्रग्स का संयुक्त रूप से निर्यात 5 बिलियन डॉलर के करीब था। सऊदी सरकार को डर है कि ये दवाएं उनके खिलाफ आतंकी समूहों की मदद कर रही हैं और उन लोगों को पैसे मुहैया करा रही हैं, जो सऊदी के दुश्मन हैं। सऊदी सरकार ने संकेतों में यह भी कहा है कि देश में भांग और कैप्टागन के मार्केट के पीछे हिजबुल्लाह का हाथ है। ये ड्रग्स सऊदी के 12 से 22 साल की उम्र वाले बच्चों को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। वहीं, 40 प्रतिशत सऊदी ड्रग एडिक्ट कैप्टागन का इस्तेमाल करते हैं।

**अंडरग्राउंड पार्टियों में खूब हो रहा इस्तेमाल**

सऊदी अरब में अंडरग्राउंड पार्टियों में कैप्टागन की मांग कई गुना बढ़ गई है। इसे बनाने में कैनाबिस कई रास्तों से होकर सऊदी तक पहुंचता है। यह फगानिस्तान से ईरान, इराक, लेबनान और सीरिया से होते हुए अक्सर जॉर्डन के रास्ते सऊदी अरब पहुंचता है। वहीं, यमन के रास्ते सऊदी अरब में गांजा लाया जा रहा है।

# सुसाइड से पहले डॉक्टर ने प्रेमी को किया आखिरी मैसेज

## बोली–तुम्हारे लायक नहीं हूं, धोखा दे रही हूं, फिर सिम्स के हॉस्टल में लगा ली फांसी

बिलासपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। बिलासपुर के छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सीआईएमएस) के गर्ल्स हॉस्टल में इंटर्न डॉक्टर के सुसाइड मामले में जांच जारी है। डॉक्टर ने सुसाइड करने से पहले अपने प्रेमी को आखिरी मैसेज किया था। डॉक्टर ने फांसी लगाने के पहले अपने दोस्तों को मैसेज भी किया, जिसमें लिखा कि मैं सभी को धोखा दे रही हूं।

साथ ही अपने प्रेमी डॉक्टर को मैसेज कर बोली कि मैं तुम्हारे लायक नहीं हूं, धोखा दे रही हूं। इस मैसेज के बाद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस डॉक्टर के मोबाइल को जब्त कर मामले की जांच कर रही है। दरअसल, सिम्स के गर्ल्स हास्टल में फांसी लगाने वाली डॉ भानुप्रिया सिंह अंबिकापुर से बिलासपुर आई थी। यहां वो किसी रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने आई थी। रविवार को वह सिम्स के गर्ल्स हॉस्टल में अपनी



सहेलियों से मिलने पहुंची थी। इसकी जानकारी डॉक्टर के परिजनों को भी थी। डॉक्टर ने बिलासपुर में कमर दर्द का इलाज कराने की बात कही थी, जिसके बाद सहेली की शादी में सारंगढ़ जाने वाली थी। बताया जा रहा है कि डॉक्टर भानुप्रिया बीते 14 नवंबर को बिलासपुर आ गई थी। इस दौरान वो सिम्स के गर्ल्स हॉस्टल में रुकी थी। इस दौरान उन्होंने सिम्स के एमआरडी में ओपीडी पर्ची कटाकर आर्थोपेडिक डिपार्टमेंट और मनोरोग वार्ड में जांच भी कराई। यहां दो दिन रहने के बाद 17 नवंबर की दोपहर उसने गर्ल्स हास्टल में फांसी लगा ली। पुलिस के अनुसार डॉ भानुप्रिया का पेंड्रा निवासी डॉ नीरज कंवर से प्रेम संबंध था, जो वर्तमान में दिल्ली मेडिकल कॉलेज में पदस्थ हैं। सुसाइड करने से पहले डॉक्टर भानुप्रिया ने नीरज को मोबाइल पर मैसेज किया। इसमे लिखा कि मैं तुम्हारे लायक नहीं हूं, मैं तुम्हे धोखा दे रही हूं। मुझे माफ करना।

यह मैसेज देखने के बाद डॉ नीरज ने तत्काल डॉ भानुप्रिया को फोन लगाया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। इसके बाद डॉ अंकित ने उसे फोन कर बताया कि भानुप्रिया ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मृतका डॉक्टर के मोबाइल की जांच के लिए उसे जब्त किया है। शव का पोस्टमॉर्टम के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। जिसके बाद परिजन शव लेकर रवाना हो गए। डॉ भानुप्रिया के पिता उमेश सिंह ने बताया वह कमर दर्द से काफी दिनों से परेशान थी। मुझसे ज्यादा बातें नहीं करती थी, अपनी मां से ज्यादा बात करती थी। कुछ दिन पहले उसने अपनी मां से कहा था कि मैं मर जाउंगी, तो तुम क्या करोगी। उमेश सिंह ने बताया उनके 2 बेटे और भानुप्रिया इकलौती बेटी थी।

डॉक्टर के भाई अखिलेश सिंह ने बताया कि वह अंबिकापुर में कार्यरत थी और काम को लेकर भी परेशान रहती थी। नया काम था इसलिए काम का दबाव था। इसी तरह वह कमर दर्द से भी परेशान चल रही थी, लेकिन उसके बात से यह कभी पता नहीं चलता था कि वह आत्महत्या कर लेगी। जानकारी के मुताबिक मृतका भानुप्रिया सिंह साल 2018 बैच की एमबीबीएस छात्रा थी।

# कारोबारी ने बेटे-बहू को डिप्टी कलेक्टर बनाने 45 लाख रुपये दिए

## रिश्वत लेने वाले सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन सोनवानी गिरफ्तार, बजरंग-पावर के डायरेक्टर भी अरेस्ट

रायपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) के पूर्व प्रमुख आईएएस अफसर टामन सिंह सोनवानी को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। सोनवानी पर सीजीपीएससी भर्ती में गड़बड़ी का आरोप है। इसके अलावा बजरंग पावर के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल को भी गिरफ्तार किया गया है।

दोनों आरोपियों को सीबीआई स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया है। फिलहाल रिमांड को लेकर सुनवाई चल रही है। आरोप है कि गोयल ने अपने बेटे शशांक गोयल और बहू भूमिका को नौकरी दिलाने के लिए चेयरमैन सोनवानी के करीबी के एनजीओ को सीएसआर फंड से 45 लाख दिए थे। पैसे सोनवानी को पहुंचे। इसकी पुष्टि के बाद कार्रवाई की गई। सीबीआई के मुताबिक सोनवानी के कार्यकाल में पीएससी में हुई भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। आरोप है कि उन्होंने अपने कई करीबी


टामन सिंह सोनवानी

रिश्तेदारों और कांग्रेस नेताओं और अधिकारियों के 18 रिश्तेदारों की नौकरी लगवाई है। जांच में पैसों के लेन-देन के पुख्ता सबूत मिले हैं। ये भी आरोप है कि, पैसे लेकर कुछ नेताओं और अधिकारियों के बच्चों को डिप्टी कलेक्टर और डीएसपी जैसे पदों पर सिलेक्ट किया गया था। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, टामन के अलावा आने वाले दिनों में सीबीआई कुछ और अफसरों को भी अरेस्ट कर सकती है। सीबीआई की तरफ से कहा गया है कि भर्ती घोटाले में टामन सोनवानी और श्रवण गोयल इन दोनों की भूमिका रही। चर्चा है कि गोयल ने बड़ी तादाद में रुपयों का लेन-देन अफसरों से किया है। मामले में सीबीआई जल्द कई बड़े खुलासे कर सकती है।

डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी समेत कई पदों के लिए साल 2020 से 2022 के दौरान परीक्षा/साक्षात्कार में कुछ वीआईपी लोगों के करीबी रिश्तेदारों के चयन पर सवाल उठे थे। इन्हीं आरोपों के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। इस केस की जांच जारी है।

सीजीपीएससी 2019 से 2022 तक की भर्ती में कुछ अभ्यर्थियों के चयन को लेकर विवाद है। ईओडब्ल्यू और अर्जुंदा पुलिस ने भ्रष्टाचार-अनियमितता के आरोप में केस दर्ज किया है। पीएससी ने 2020 में 175 पदों पर और 2021 में 171 पदों पर परीक्षा ली थी। इन्हीं भर्तियों को लेकर ज्यादा विवाद है। आरोप है कि तत्कालीन चेयरमैन सोनवानी ने अपने रिश्तेदारों समेत कांग्रेसी नेता और ब्यूरोक्रेट्स के बच्चों की नौकरी लगवाई है। सीजीपीएससी परीक्षा 2021 में 171 पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। प्री-एग्जाम 13 फरवरी 2022 को कराया गया। इसमें 2 हजार 565 पास हुए थे। इसके बाद 26, 27, 28 और 29 मई 2022 को हुई मेंस परीक्षा में 509 अभ्यर्थी पास हुए। इंटरव्यू के बाद 11 मई 2023 को 170 अभ्यर्थियों की सिलेक्शन लिस्ट जारी हुई। इस मामले को लेकर बीजेपी प्रवक्ता गौरी शंकर श्रीवास ने विपक्ष में रहते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। श्रीवास ने कहा कि, सीबीआई सभी अपराधियों पर सख्ती से कार्रवाई करेगी। जिन लोगों ने भी पैसों के लिए मेहनतकश युवाओं के सपनों से खिलवाड़ किया है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

# लड़की से बात करने पर छात्रों के बीच मारपीट

रायपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। रायपुर के एमिटी यूनिवर्सिटी में एक लड़की से बात करने को लेकर हॉस्टल में छात्रों के दो गुटों में मारपीट हो गई। जिसमें कई लड़के घायल हो गए। घटना तीन दिन पुरानी बताई जा रही है। वहीं, तीन दिन से छात्र इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों के अनुसार, बीबीए फर्स्ट ईयर के छात्र हर्ष चंद्रसेन और फैजल खान के बीच क्लास में एक लड़की से बात करने को लेकर पुराना विवाद था। फैजल ने हर्ष को उस लड़की से बात करने से मना किया था यहीं से विवाद शुरू हुआ।

मना करने के बाद भी हर्ष ने फैजल की बात नहीं मानी। जिसके बाद 15-16 नवंबर की रात फैजल अपने दो दोस्तों फहाद और श्रीजन अख्तर के साथ बॉयज हॉस्टल में हर्ष के कमरे में पहुंचा, वहां विवाद हुआ। दोनों के बीच विवाद बढ़ता देख बाकी छात्रों ने हर्ष को उसके कमरे में बंद कर दिया। छात्रों ने मारपीट के बाद एक वीडियो बनाया है। जिसमें खिड़की से कांच के टुकड़े पूरे कमरे में बिखरे पड़े हैं। हर्ष नाम के एक छात्र के सिर पर भी चोट आई है। उस पर कमरे में बाकी सामान तोड़फोड़ करने का आरोप है। हॉस्टल के छात्रों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि, विवाद वाली रात हॉस्टल में आए लड़के लाठी-डंडे के साथ देसी कट्टा भी लेकर आए थे। चाकू लहराने के साथ ही दूसरे पक्ष के छात्र ने कट्टा लहराया। हमने कॉलेज प्रबंधन से इसकी शिकायत की है। इस विवाद के बाद हर्ष को फोन कर जान से मरने की धमकी दी जा रही है। फ़ोन पर एक शख्स कहता हुआ नजर आ रहा है कि जल्द से जल्द कोम्प्रो कर लो, वरना जिंदा गाड दूंगा। विवि रजिस्ट्रार डॉ सुरेश ध्यानी ने बताया कि, इस घटना की शिकायत मिली थी। इसको लेकर 4 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। मुझे फिलहाल पूरी घटना की जानकारी नहीं है, जो दोषी हैं उन पर कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने एमिटी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार को आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि दोषी पक्ष एमिटी यूनिवर्सिटी के डिप्टी डायरेक्टर बिमलेश सिंह चौहान का बेहद करीबी है। डिप्टी डायरेक्टर से करीबी होने के कारण छात्रों की लगातार शिकायत के बाद भी अब तक न तो दोषी पक्ष को निलंबित किया गया न ही कार्रवाई की गई। जो छात्रों पर उनके कमरों में घुसकर चाकू, रॉड और बंदूक से हमला कर रहे थे।

# चिकन कारोबारी से 5 लाख रुपए की मांगी रंगदारी

## दुकान के बाहर धमकी भरा पत्र मिला लिखा– तुम्हारे घर में बम लगा दिया है

जमशेदपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। पूर्वी सिंहभूम में चिकन कारोबारी को धमकी भरा लेटर भेज कर 5 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई। लेटर के नीचे एमआईपी आतंकवादी लिखा हुआ है। चिट्ठी में यह बात लिखी गई है कि अगर पैसे नहीं दिए तो तुम्हारे घर में बम लगा देंगे। मामला श्यामसुंदरपुर का है। पीड़ित केरूकोचा गांव निवासी रवि पाल ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। रवि पाल ने जब सुबह दुकान पहुंचे तो उसके बाहर उन्हें यह धमकी भरा पत्र मिला। पत्र में लिखा गया कि केरूकोचा में मुर्गा काटना बंद करो, नहीं तो तुम्हें हाट में ही शूट कर दिया जाएगा। पत्र में यह भी लिखा गया कि आपके घर में बम फीट किया गया है। अगर दुकान बंद नहीं की, तो पूरा परिवार मारा जाएगा। साथ ही हाट के अन्य सदस्यों को भी चेतावनी दी गई कि अगर रवि ने दुकान बंद नहीं की, तो पूरे हाट को बम से उड़ा दिया जाएगा। मामले को लेकर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि पुलिस ने धमकी भरे पत्र की जानकारी मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि रवि का हाट के कुछ लोगों से विवाद था, जो उसकी दुकान बंद करवाना चाहते है। आशंका है कि किसी शरारती तत्व ने डराने के लिए यह पत्र लिखा है।

# तहसीलदार-इंजीनियर भाई को आधीरात पुलिस ने पीटा

## अधिकारी संघ का भड़का आक्रोश, कहा– पीठ पर पड़े निशान, टीआई ने झूठा केस बनाया

बिलासपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में बस्तर जिले के करपावंड में पदस्थ नायब तहसीलदार और उसके इंजीनियर भाई से पुलिसकर्मियों ने मारपीट की है। तहसीलदार की पीठ पर मारपीट के निशान हैं। उन्होंने पुलिस पर झूठे केस में फंसाने एफआईआर करने का आरोप लगाया है। एसपी, आईजी और डीजीपी से भी शिकायत की है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। वहीं एफआईआर और मारपीट को लेकर कनिष्ठ अधिकारी संघ ने मोर्चा खोल दिया है। टीआई के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। इस पर पुलिस का कहना है कि तहसीलदार के इंजीनियर भाई ने पुलिसकर्मियों को जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद एफआईआर की गई है। सरकंडा निवासी पुष्पराज मिश्रा ने अपनी शिकायत में बताया कि वह बस्तर जिले के करपावंड में नायब तहसीलदार के पद पर कार्यरत है। 16 नवंबर की रात वह ट्रेन से बिलासपुर स्टेशन पहुंचे। वह अपने पिता और छोटे भाई के साथ बाइक पर घर जा रहे थे। देर रात 2.10 बजे तीनों डीएलएस कॉलेज स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचे थे। इस दौरान उन्हें 2 आरक्षकों ने रोका। वहां पास अंधेरा होने की वजह से उन्होंने दूर में गाड़ी रोकी। इतने में आरक्षक गाली-गलौज करने लगे। तहसीलदार पुष्पराज मिश्रा ने उन्हें परिचय दिया, फिर भी दुर्व्यवहार कर 112 को बुलाया। पिता और भाई को घर भेज दिया, लेकिन उसे गाड़ी में बैठाकर थाने ले गए। नायब तहसीलदार का आरोप है कि टीआई ने गाली गलौज कर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। तहसीलदार को एल्कोहल मुलाहिजा के लिए अस्पताल ले गए। वहां तहसीलदार पुष्पराज ने नियमानुसार 2 लोगों के सामने मेडिकल करने की बात कही। इसके बाद पुलिस वाले उसे वापस थाने ले आए। इसके बाद तहसीलदार का इंजीनियर भाई पुष्पेंद्र मिश्रा देर रात थाने पहुंचे। थाने में गलत होता देख वीडियो बनाने लगा। इस दौरान टीआई और आरक्षकों ने तहसीलदार के इंजीनियर भाई से गाली गलौज कर मारपीट की। मोबाइल छीनकर वीडियो और अन्य दस्तावेज भी डिलीट कर दिए। थाने में पुलिसकर्मियों की दबंगई और झूठा केस बनाते देख इंजीनियर पुष्पेंद्र मिश्रा ने कलेक्टर अवनीश शरण को रात में फोन किया।

# बहन से था नाराज, भांजे का किया मर्डर


## आरोपी 10 साल के बच्चे का शव बोरे में बंद कर हुआ फरार, दुर्गंध आने पर मिली लाश

पलामू, 19 नवंबर (एजेंसियां)। पलामू में एक मामा ने अपने 10 वर्षीय भांजे की हत्या कर दी। घटना विश्रामपुर थाना क्षेत्र के घासीदाग गांव की है। बहन के मायके में रहने से उसका भाई लाला सिंह नाराज था। इसलिए उसने बहन के बेटे की हत्या कर दी और शव बोरे में छिपा दिया। दुर्गंध आने पर लोगों ने बोरा खोला तो बच्चे की लाश मिली। आरोपी फिलहाल फरार है। मंगलवार को बच्चे अंजय की डेड बॉडी का पोस्टमॉर्टम मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में हुआ। शव घर के पीछे केले के पेड़ के नीचे बोरे में बंद मिला। परिजन गला दबाकर बच्चे की हत्या करने की बात कह रहे हैं। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। एमएमसीएच में मृतक के बड़े मामा बृजमोहन सिंह ने बताया कि उसकी बहन सुगिया देवी मायके में ही रहती थी। इसका छोटा भाई लाला सिंह विरोध करता था और घर से चले जाने के लिए दबाव बनाता था। 14 नवंबर को इस बात को लेकर छोटे भाई और भांजे अंजय के बीच विवाद हुआ था। लाला ने भांजे को हत्या की धमकी दी थी। 14 नवंबर की शाम से अंजय लापता था। लाला भी घर से फरार हो गया था। सोमवार शाम घर के पीछे स्थित केला के पेड़ के नीचे से दुर्गंध आ रही थी। वहां जाकर देखा तो वहां पुआल से ढ़का बोरा पड़ा था।

# बाबूलाल ने अफसरों को चेताया, सुधर जाओ

## बोले– हेमंत के कार्यकर्ता न बनें सरकारी अधिकारी, सरकार बनते ही करेंगे सस्पेंड

रांची, 19 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा चुनाव के ठीक एक दिन पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार के अधिकारियों को चेताया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि सरकारी अधिकारी हेमंत सोरेन के कार्यकर्ता की तरह काम नहीं करें। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी अपनी हरकतों से बाज आएं। भाजपा सरकार बनते ही उन्हें बिना देर किए सस्पेंड किया जाएगा। उन्होंने यह बात अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखी है। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि विश्वसनीय सूत्रों से यह जानकारी मिल रही है कि झारखंड सरकार के कुछ अधिकारी हेमंत सोरेन जी के कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। ये भ्रष्ट अधिकारी



किसी भी तरह से धनवार विधानसभा समेत अन्य महत्वपूर्ण विधानसभाओं में बीजेपी के पक्ष में मतदान प्रतिशत को कम करने की कोशिश में लगे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि ये अधिकारी इसके लिए विभिन्न प्रकार के हथकंडे अपना रहे हैं। वे भाजपा समर्थक मतदाताओं को मतदान क्षेत्र में जाने से रोकना, भ्रम फैलाना, भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकाना, बूथ पर मतदाताओं को प्रभावित करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग और राज्य के डीजीपी को टैग करते हुए लिखा है कि वे ऐसे अधिकारियों की साजिश और प्रपंच को रोकें। उन्होंने निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने में मदद करने की अपील भी की है। इस शिकायत तो भाजपा नेता अमर बाउरी ने भी लियाा है। उन्होंने लिखा कि चंदनकियारी में चुनाव को प्रभावित करने के लिए हेमंत सोरेन के एजेंट के रूप में कार्य कर रहे भ्रष्ट अधिकारी कान खोल कर सुन ले, आप सब के बारे में हमें जानकारी है।

# आपसी विवाद में चली दिनदहाड़े गोली

चाईबासा, 19 नवंबर (एजेंसियां)। पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर के श्यामराईडीह चौक में दिन दहाड़े गोली चलने की घटना हुई है। दो युवकों में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। इसमें से एक ने अपने पास रखे पिस्टल से गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली किसी को लगी नहीं। वहीं, गोली चलने की आवाज सुनकर चौक में अफरातफरी मच गई। घटना के बाद युवक भाग निकले। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके से खोखा, स्कूटी और बाइक को जब्त की है। जिस स्थान पर गोली चलाई गई थी, वहां पर एक पोल में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। लेकिन पिछले कुछ दिनों से कैमरे खराब पड़े थे।

# जग्गी हत्याकांड, 6 दोषियों को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

रायपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में एनसीपी नेता राम अवतार जग्गी हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट ने 6 दोषियों को जमानत दे दी है। हत्याकांड में दोषी पूर्व पुलिस अधिकारी एएस गिल, वीके पांडे और आरसी त्रिवेदी समेत 6 लोगों को राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया है। यह सभी 6 दोषी पांच साल से ज्यादा जेल में बिता चुके हैं। 7 महीने पहले छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को लेकर जग्गी हत्याकांड में सभी दोषियों की सजा बरकरार रखी थी। जिसके बाद दोषियों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। 4 जून 2003 को एनसीपी नेता रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 31 आरोपी बनाए गए थे। जिसमें से बलटू पाठक और सुरेंद्र सिंह सरकारी गवाह बन गए थे। अमित जोगी को छोड़कर बाकी 28 लोगों को दोषी करार दिया गया था। हालांकि बाद में अमित जोगी को बरी कर दिया गया था। अमित जोगी को बरी किए जाने के खिलाफ रामावतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। जिस पर अमित के पक्ष में स्टे है। कारोबारी बैकग्राउंड वाले रामावतार जग्गी देश के बड़े नेताओं में शुमार पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के बेहद करीबी थे। जब शुक्ल कांग्रेस छोड़कर एनसीपी में शामिल हुए तो जग्गी भी उनके साथ-साथ गए।

# भारत बनाम चीन की रेस तेज

## अमेरिकी सेना के जनरल से समझें हाइपरसोनिक मिसाइलों की ताकत, बदलेगा जंग का नक्शा




नई दिल्ली/बीजिंग, 19 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के पहले हाइपरसोनिक मिसाइल टेस्ट की गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। अमेरिका से लेकर पाकिस्तान तक की मीडिया में भारतीय मिसाइल की चर्चा है। भारत के इस हाइपरसोनिक मिसाइल से 1500 किमी तक तूफानी रफ्तार से हमला किया जा सकता है। यह मिसाइल परमाणु बम से लेकर परंपरागत वारहेड ले जा सकती है। भारत के इस मिसाइल टेस्ट से जहां पाकिस्तानी सहमे हुए हैं, वहीं चीन में भी खलबली है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत ने चीन को ध्यान में रखकर ही इस हाइपरसोनिक मिसाइल का निर्माण किया है। रूस के बाद चीन के पास सबसे ज्यादा हाइपरसोनिक मिसाइलों का जखीरा है। यूक्रेन युद्ध में पहली बार हाइपरसोनिक मिसाइलों का रूस ने सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया है। अब चीन भी बहुत तेजी से इस ब्रह्मास्त्र का निर्माण कर रहा है। चीन ने रूस के रास्ते पर बढ़ते हुए डीएफ-17 हाइपरसोनिक मिसाइल का निर्माण किया है। इस किलर मिसाइल की रेंज 1600 से लेकर 2400 किमी तक है। यह मिसाइल कई परीक्षणों के बाद अब तैनाती के लिए तैयार है। चीन ने इसे अमेरिकी परमाणु एयरक्राफ्ट कैरियर को तबाह करने के लिए बनाया है। चीन ने डीएफ-41 अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल भी बनाई है जो परमाणु बम या परंपरागत वारहेड से लैस हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल को लॉन्च कर सकती है। चीन ने साल 2014 से लेकर अब तक 9 बार डीएफ-जडएफ हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल का परीक्षण किया है। अमेरिकी रक्षा अधिकारियों का अनुमान है कि इस मिसाइल की रेंज 1900 किमी तक है। यह चीनी मिसाइल हवा में ही अपना रास्ता बदलने में माहिर है। इसे साल 2020 में ही तैनात कर दिया गया था। चीन ने हाइपरसोनिक मिसाइलों पर रूस की तरह से ही अमेरिका के डर से काम करना शुरू किया था। चीन को डर है कि अमेरिका पहले हमला करके उसके परमाणु बमों के ठिकाने और इन्फ्रास्ट्रक्चर को तबाह कर सकता है। वहीं अमेरिका अपने एयर डिफेंस की मदद से चीन के जवाबी हमले को सीमित कर सकता है। इसी वजह से चीन ने हाइपरसोनिक मिसाइलों पर काम तेज किया जिसे एयर डिफेंस सिस्टम मैक-5 या उससे ज्यादा की रफ्तार होने की वजह से तबाह नहीं कर सकते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि अब भारत ने चीन के खतरे को देखते हुए हाइपरसोनिक मिसाइल का निर्माण किया और अब सफल टेस्ट भी कर लिया है। अमेरिका की चर्चित हथियार निर्माता कंपनी लॉकहीड मार्टिन का कहना है कि हाइपरसोनिक मिसाइलें गेमचेंजर होती हैं।

# खलीफा एर्दोगान के तुर्की में इस्लाम के पहले क्या था?

## 2600 पुराने शिलालेख से बड़ा खुलासा, मिला देवी का नाम

अंकारा, 19 नवंबर (एजेंसियां)। तुर्की के 2,600 साल पुराने स्मारक पर खुदे हुए एक प्राचीन क्षतिग्रस्त शिलालेख को समझ लेने का दावा किया गया है। शोधकर्ता मार्क मुन का मानना है कि वह इस प्राचीन शिलालेख वाले स्मारक को समझने में कामयाब हो गए हैं, जिसे अर्सलान काया (शेर की चट्टान) कहा जाता है। इस स्मारक पर शेरों और स्फिंक्स की छवियां उकेरी गई हैं। शोधकर्ता ने इस स्मारक पर रिसर्च के जरिए बताया है कि प्राचीन तुर्की में यानी इस्लाम के आगमन से पहले किस तरह की पूजा पद्धति प्रचलन में थी।

लाइव साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक, इस शिलालेख में 'मटेरन' नाम का उल्लेख है, जो फ्रीजियंस की एक देवी है। इस देवी को करीब 1200 से 600 ईसा पूर्व तक तुर्की में पूजा जाता था। पेंसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी में प्राचीन यूनानी इतिहास और पुरातत्व के प्रोफेसर मार्क मुन ने




इस शिलालेख पर रिसर्च की है। उनका कहना है कि मटेरन देवी को 'मां' के रूप में जाना जाता था। तुर्की ही नहीं दूसरी प्राचीन संस्कृतियां भी मटेरन का सम्मान करती थीं। मार्क मुन ने कहा, 'यूनानी लोग उन्हें देवताओं की माता के रूप में जानते थे। रोमन उन्हें मैग्ना मेटर या महान माता कहते थे। इस स्मारक का निर्माण जिस समय में किया गया, उस समय लिडिया नाम से जाना जाने वाला एक राज्य का इस क्षेत्र पर शासन था। वह भी मेटेरन के लिए उच्च सम्मान रखता था। इस स्मारक को मौसम और लूटपाट से भारी क्षति हुई है। ऐसे में इस शिलालेख को पढ़ना कठिन है और लंबे समय से बहस में रहा है। मुन ने कहा कि उन्होंने शिलालेख की 25 अप्रैल, 2024 की तेज रोशनी में तस्वीरें लीं और अध्ययन किया। मुन्न ने कहा, यह समझ में आता है कि स्मारक पर मटेरन का नाम होगा, क्योंकि इसमें देवी की एक छवि भी है। मेटेरन का नाम एक बड़े शिलालेख का हिस्सा रहा होगा, जिसमें बताया गया है कि शिलालेख किसने बनवाया था और मेटरन कौन था। मुन ने स्मारक की शैली के विवरणों की भी जांच की, जो छठी शताब्दी ईसा पूर्व में शिलालेख की तारीख का समर्थन करते हैं।

**तुर्की मे इस्लाम से पहले मटेरन की पूजा?**

तुर्की के क्षेत्रों में इस्लाम धर्म की शुरुआत 7वीं शताब्दी की शुरुआत में मानी जाती है। वहीं आधुनिक तुर्की के क्षेत्र में इस्लाम की मजबूत उपस्थिति 11वीं शताब्दी में होती है। आज के समय में इस्लाम तुर्की का सबसे बड़ा धर्म है। तुर्की की तकरीबन 99 फीसदी आबादी इस्लाम धर्म के सुन्नी फिरके को मानती है। वहीं इस नई रिसर्च के हिसाब से प्राचीन तुर्की में मरेटन देवी की पूजा भी होती थी।

# हॉन्ग कॉन्ग में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े केस में 45 लोगों को सजा

## 10 साल तक की हुई जेल

हॉन्ग कॉन्ग, 19 नवंबर (एजेंसियां)। हॉन्ग कॉन्ग के सबसे बड़े राष्ट्रीय सुरक्षा मामले में बीजिंग द्वारा लगाए गए एक व्यापक कानून के तहत मंगलवार को दर्जनों प्रदर्शनकारियों को 10 साल के लिए जेल में डाल दिया गया। इन सभी के खिलाफ 2020 के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत एक अनऔपचारिक चुनाव में उनकी भागीदारी के लिए 2021 में मुकदमा चलाया गया था। उनपर हॉन्ग कॉन्ग की सरकार को अपंग बनाने और बहुमत हासिल करने वाले नेता को इस्तीफा देने के लिए मजबूर करने और सरकारी बजट अंधाधुंध तरीके से अवरुद्ध करने की कोशिश करा आरोप लगाया गया है।

न्यायाधीशों ने फैसले में कहा कि चुनाव के माध्यम से परिवर्तन की कोशिश ने सरकार के अधिकार को कमजोर कर दिया होगा और इसेस संवैधानिक संकट पैदा हुआ होगा।

# मस्क के रॉकेट ने इसरो का सैटेलाइट जीसाट-एन2 लॉन्च किया

## इससे कम्युनिकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर और इंप्रूव होगा हवाई यात्रा के दौरान इंटरनेट का इस्तेमाल कर सकेंगे

फ्लोरिडा, 19 नवंबर (एजेंसियां)। एलन मस्क की स्पेसएक्स कंपनी ने 18 नवंबर की आधी रात फाल्कन 9 रॉकेट से भारत के जीसाट-एन2 कम्युनिकेशन सैटेलाइट को लॉन्च किया। 4700 किलो वजनी सैटेलाइट 14 साल के मिशन के लिए बनाया गया है। इसे जियो स्टेशनरी ट्रांसफर ऑर्बिट से स्थापित किया गया है। यह सैटेलाइट हाई स्पीड ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्टिविटी और डिजिटल वीडियो-ऑडियो ट्रांसमिशन उपलब्ध कराएगा। जीसाट-एन2 को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिससे हवाई जहाज में उड़ान में दौरान मोबाइल इंटरनेट की सुविधा मिल सकेगी। यह पहला मौका है जब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पहली बार किसी अमेरिकी कारोबारी की कंपनी की मदद से अपना कम्युनिकेशन सैटेलाइट अंतरिक्ष



में भेजा है।


गौतरलब है कि जीसाट-एन2, 1990 के बाद से अमेरिकी प्रक्षेपण यान से अंतरिक्ष में भेजा जाने वाला पहला इसरो अंतरिक्ष यान है, इससे पहले इनसाट-1डी प्रक्षेपित किया गया था। जीसाट-20 सैटेलाइट को विशेष रूप से दूरदराज के इलाकों में संचार व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसरो ने कहा- जीसाट 20 सैटेलाइट का नाम जीसाट-एन2 होगा और यह अनिवार्य रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट सुविधा देगा। इस सैटेलाइट का वजन 4700 किलोग्राम है। यह 48जीपीबीएस की स्पीड से इंटरनेट सुविधा देगा। यह सैटेलाइट अंडमान-निकोबार आईलैंड, जम्मू-कश्मीर और लक्षद्वीप सहित दूरदराज के भारतीय क्षेत्रों में संचार सेवाएं देगा। कक्षा में स्थापित किए जाने के बाद, हसन में भारत के मास्टर कंट्रोल फैसिलिटी, जो इसरो का ही हिस्सा है, उसने सैटेलाइट का कंट्रोल अपने हाथ में ले लिया। कुछ दिनों में यह भारत से 36 हजार किमी पहुंच जाएगा। ऐसा पहली बार हुआ है जब इसरो ने अपने किसी मिशन को लॉन्च करने के लिए स्पेस-X के फॉल्कन-9 हेवी लिफ्ट लांचर का इस्तेमाल किया। इस लॉन्चिंग की जानकारी इसरो के कॉमर्शियल पार्टनर न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) ने जनवरी 2024 में दी थी। दरअसल, भारत के रॉकेट्स में 4 टन से ज्यादा भारी सैटेलाइट्स को लॉन्च करने की क्षमता नहीं है।

# वालमार्ट स्टोर के ओवन में जलने वाली भारतीय लड़की की मौत पर संशय बरकरार

## पुलिस ने भी खड़े किए हाथ

ओटावा, 19 नवंबर (एजेंसियां)। कनाडा के हुई एक भारतीय युवती की मौत के मामले में कनाडा पुलिस ने अपनी जांच पूरी कर ली है। पुलिस ने अपने बयान में कहा है कि युवती की मौत में किसी दूसरे व्यक्ति की संलिप्तता के सबूत नहीं मिले हैं। गौरतलब है कि बीते अक्तूबर में कनाडा के वालमार्ट के एक स्टोर में भारतीय युवती गुरसिमरन कौर की लाश मिली थी। यह लाश स्टोर में बिक्री के लिए रखे एक ओवन में जली हुई हालत में मिली थी। अब कनाडा पुलिस ने अपनी जांच के बाद गुरसिमरन की मौत में किसी दूसरे व्यक्ति के शामिल होने की आशंका से इनकार कर दिया है। पुलिस ने कहा कि किसी तरह की साजिश के उन्हें सबूत नहीं मिले हैं। पुलिस ने कहा कि 'हम जानते हैं कि घटना को लेकर कई सवाल हैं कि आखिर






उस वक्त क्या हुआ था। लेकिन जांच, कई लोगों से पूछताछ और वीडियो फुटेज देखने के बाद हम कह सकते हैं कि घटना में कोई संदिग्ध नहीं है। हमें नहीं लगता कि घटना में कोई दूसरा व्यक्ति शामिल था। हमें ये भी लगता है कि कई ऐसे सवाल हैं, जिनके जवाब शायद अब कभी नहीं मिलेंगे।' उल्लेखनीय है कि कनाडा के हेलीफेक्स इलाके में स्थित एक वालमार्ट स्टोर में भारतीय युवती गुरसिमरन कौर नौकरी करती थी। उसी स्टोर में गुरसिमरन की मां भी नौकरी करती थी। बीते अक्तूबर में स्टोर में रखे एक ओवन में गुरसिमरन बंद हो गई और कई घंटे बाद उसकी जली हुई लाश ओवन से बरामद की गई थी। स्टोर में काम करने वाले अन्य सहकर्मियों ने बताया था कि शायद गुरसिमरन उस ओवन में बंद हो गई थी, लेकिन उनका ये भी कहना है कि कर्मचारियों को ओवन में जाने की कोई मजबूरी नहीं है और ओवन का गेट भी ओटोमैटिक नहीं है।

# भारतीय 'चाणक्य' जयशंकर से मिले चीनी विदेश मंत्री

## एलएसी समझौते के बाद पहली मुलाकात, भारत से कर डाली 4 मांग

बीजिंग, 19 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की है। अक्टूबर में भारत और चीन के बीच बॉर्डर विवाद में सेनाओं के पीछे हटने को लेकर समझौता होने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली बैठक है। जयशंकर और वांग की ये मुलाकात मंगलवार को ब्राजील के रियो डी जनेरियो में हुई है। दोनों नेता जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए ब्राजील में हैं। जी20 शिखर सम्मेलन से इतर दोनों मिले हैं। बैठक के दौरान डायरेक्ट फ्लाइट समेत चीन की ओर से भारत से तीन मांग की गई हैं। चीन और भारत के नेताओं ने बैठक के दौरान दूसरे वैश्विक मुद्दों के अलावा सीमा पर सैनिकों की वापसी की प्रगति पर चर्चा की है। बैठक पर टिप्पणी करते हुए एस जयशंकर ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर योजना के अनुसार सीमा समझौते का जमीनी कार्यान्वयन



चल रहा है। उन्होंने कहा कि जी20 और ब्रिक्स मंचों पर दोनों देशों के योगदान ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में देशों के महत्व को उजागर किया और द्विपक्षीय संबंधों के महत्व को रेखांकित किया है। एस जयशंकर ने एक्स पर तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'रियो में जी20 शिखर सम्मेलन के मौके पर सीपीसी पोलित ब्यूरो सदस्य और चीन के एफएम वांग यी से मुलाकात की। हमने भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में सैनिकों की वापसी की प्रगति पर गौर किया और द्विपक्षीय संबंधों में अगले कदमों पर विचारों का आदान-प्रदान करते हुए वैश्विक स्थिति पर भी चर्चा की।' डॉक्टर जयशंकर के साथ मुलाकात के बाद चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने बताया कि उन्होंने भारतीय विदेश मंत्री के साथ बैठक के दौरान कुछ मुद्दे रखे हैं। चीन की ओर से खासतौर से चार बातों पर जोर दिया गया है। इनमें चीन और भारत के बीच सीधी फ्लाइट फिर से शुरू करने, पत्रकारों के लिए एक-दूसरे देश जाने में आसानी और वीजा सुविधा बेहतर करना शामिल है।

# डोनाल्ड ट्रंप ने सीन डफी को नियुक्त किया परिवहन मंत्री

वॉशिंगटन, 19 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को पूर्व सांसद सीन डफी को परिवहन मंत्री नियुक्त किया। बड़ी सरकारी योजनाओं, जैसे ढांचागत खर्च और यातायात नियमों का रखरखाव डफी की जिम्मेदारी होगी। ट्रंप ने अपने एलान में डफी के कांग्रेस में किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि डफी ने कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में डेमोक्रेटिक पार्टी के सहयोगियों के साथ मिलकर एक बड़ी सड़क और पुल परियोजना तैयार की थी और अब वह अमेरिका के ढांचागत सुधार और रखरखाव में अहम भूमिका निभाएंगे।

ट्रंप प्रशासन की सरकारी खर्चों में कटौती करने की योजना है। ट्रंप ने कहा कि डफी उन पहलों को खत्म करेंगे जो नस्लीय विविधत बढ़ाने के लिए पायलट और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स के लिए शुरू की गई थीं।

# यूक्रेन-रूस युद्ध के 1000 दिन

## यह समय शांति हासिल करने का, बर्बादी के बीच शांति की मांग

कीव, 19 नवंबर (एजेंसियां)। यूक्रेन पर रूसी सैन्य बलों के आक्रमण को एक हजार दिन पूरे हो रहे हैं। मगर देश में लाखों नागरिक अब भी व्यापक पैमाने पर मौतों, विध्वंस और हताशा से जूझ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में राजनैतिक एवं शांतिनिर्माण मामलों के लिए प्रमुख रोजमैरी डीकार्लो ने सोमवार को सुरक्षा परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए हिंसक टकराव का अंत करने के लिए राजनैतिक इच्छाशक्ति व एकजुट प्रयासों का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि रूसी महासंघ ने फरवरी 2022 में पूर्ण स्तर पर यूक्रेन पर यह आक्रमण, संयुक्त राष्ट्र चार्टर व अन्तरराष्ट्रीय क़ानून का खुलेआम उल्लंघन करते हुए किया था। एक हजार दिन बीत चुके हैं, यह युद्ध जारी है, बिना रुके। घातक लड़ाई पूर्वी व दक्षिणी यूक्रेन के ज्यादा से ज्यादा हिस्सों को अपने लपेटे में ले रही है। व्यापक मौतों, तबाही और हताशा के 1,000 दिन, जोकि लाखों यूक्रेनी नागरिकों के



लिए बदस्तूर जारी हैं। अब तक कम से कम 12 हजार 164 आम लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें 600 से अधिक बच्चे हैं। 26 हजार से अधिक घायल हुए हैं, लेकिन हताहतों का वास्तविक आंकड़ा इससे कहीं अधिक होने की आशंका है। यूएन अवर महासचिव रोजमैरी डीकार्लो ने बताया कि इस सप्ताहांत रूस ने यूक्रेन के सभी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। 120 मिसाइलों व 90 ड्रोन के जरिये ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया, जिससे जान-माल का भीषण नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में अति-महत्वपूर्ण नागरिक व ऊर्जा प्रतिष्ठानों को व्यवस्थागत ढंग से निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें तबाह किया जा रहा है, जोकि अनेक यूक्रेनी नागरिकों को बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित कर रहा है। करीब 580 मेडिकल केंद्र क्षतिग्रस्त या बर्बाद हुए हैं और बड़ी संख्या में चिकित्साकर्मियों व अग्रिम मोर्चे पर डटे राहतकर्मियों के हताहत होने की खबरें हैं। कम से कम 1,358 शैक्षणिक केंद्रों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बीती रात मीडिया में खबरों के हवाले से कहा कि यूक्रेन के सहयोगी देशों ने रूस के भीतर लम्बी दूरी से मिसाइल हमलों के लिए हथियारों के इस्तेमाल को स्वीकृति दी है। इसके मद्देनजर रोजमैरी डीकार्लो ने जोर देकर कहा कि सभी पक्षों को आम नागरिकों की सुरक्षा, उनका बचाव सुनिश्चित करना होगा, भले ही वे कहीं भी हों।

अवर महासचिव ने चिंता जताई कि यूक्रेन युद्ध से पर्यावरण को गहरा नुकसान पहुंचा है। कखोवा बांध के ध्वस्त होने से आई से स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्रों व यूक्रेन में कृषि को क्षति हुई है। यूक्रेन अब उन देशों की सूची में हैं, जहां बड़े पैमाने पर बारूरी सुरंग का इस्तेमाल किया गया है। एक अनुमान के अनुसार, देश के एक चौथाई हिस्से में बारूदी सुरंग बिछी होने की आशंका है, जोकि स्विट्जरलैंड के आकार का चार गुना क्षेत्र है।

# चाकू से हमले में दो की मौत, एक घायल

न्यूयॉर्क, 19 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क सिटी पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसने मैनहट्टन में कथित तौर पर चाकू से हमले में दो लोगों की हत्या कर दी और तीसरे को गंभीर रूप से घायल कर दिया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। न्यूयॉर्क के पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) के मुताबिक, हमला सोमवार की सुबह हुआ। एक 36 वर्षीय व्यक्ति को सुबह 8.20 बजे चाकू से गोदा गया। यह हमला एक निर्माण स्थल पर हुआ, जहां व्यक्ति 19वीं स्ट्रीट पर काम कर रहा था। पहले हमले के करीब दो घंटे बाद ईस्ट 30वीं स्ट्रीट पर एक 68 वर्षीय व्यक्ति को कई बार चाकू से गोदा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। तीसरा हमला सुबह करीब 11 बजे हुआ। एक महिला को मिडटाउन में 42वीं स्ट्रीट पर चाकू मारा गया। महिला की हालत गंभीर थी और उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने कहा कि उसने हमले में इस्तेमाल किए गए खून से सने हुए रसोई के चाकू बरामद किए हैं। न्यूयॉर्क पुलिस के प्रमुख जोसेफ केनी ने कहा कि इन हमलों में दो बेगुनाह लोग मारे गए हैं और एक महिला अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रही है। पुलिस का मानना है कि इस हमले में किसी अन्य हमलावर का हाथ नहीं था। आरोपी (51 वर्षीय) ईस्ट 30वीं स्ट्रीट पर एक शेल्टर में रहता था। वह उनके पास गया और अचानक उसने चाकू से हमला करना शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को 46वीं स्ट्रीट पर पकड़ा गया।

# जलवायु वित्त को लेकर नहीं बन रही सहमति

## विकसित-विकासशील देश आमने-सामने, इस मुद्दे पर अटकी बात

बाकू, 19 नवंबर (एजेंसियां)। अजरबैजान की राजधानी बाकू में चल रहे कोप29 सम्मेलन में भी जलवायु वित्त को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। दरअसल विकासशील देश जहां कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए पहले विकसित देशों द्वारा वित्तीय मदद देने की मांग पर अड़े हैं। वहीं विकसित देशों का कहना है कि धनी विकासशील देशों को भी वित्तीय मदद में योगदान देना चाहिए। विकासशील देशों का कहना है कि जब तक विकसित देश वित्तीय मदद देने पर कोई फैसला नहीं करते हैं, तब तक आगे कोई बात नहीं होगी। इसकी वजह से बाकू में चल रहे जलवायु सम्मेलन में कोई सहमति नहीं बन पा रही है। संयुक्त राष्ट्र के जलवायु मामलों के प्रमुख ने चेतावनी दी है कि अगर दुनिया के देश समझौता नहीं करेंगे तो इससे



बातचीत उल्टी दिशा में भी जा सकती है। दरअसल जलवायु वित्त वह अंतरराष्ट्रीय वित्तपोषण है, जिसकी मांग विकासशील देशों द्वारा की जा रही है। विकासशील देशों का कहना है कि अगर उन्हें कार्बन उत्सर्जन कम करना है तो इसके लिए उन्हें वैकल्पिक संसाधनों की जरूरत होगी, जिसके लिए उन्हें वित्तीय मदद मिलनी चाहिए ताकि पृथ्वी के औसत तापमान में वृद्धि को दो डिग्री सेल्सियस से कम तक सीमित किया जा सके। यह वित्तीय मदद विकसित देशों द्वारा दिए जाने की मांग की जा रही है क्योंकि औद्योगिकरण का सबसे ज्यादा फायदा विकसित देशों ने उठाया है, जिसकी वजह से जलवायु परिवर्तन की समस्या हुई। अब जब विकासशील देशों को अपने विकास के लिए औद्योगिकरण की जरूरत है तो उन्हें कार्बन उत्सर्जन में कटौती के लिए कहा जा रहा है। यही वजह है कि विकासशील देशों ने कार्बन उत्सर्जन में कटौती के लिए वित्तपोषण दिए जाने की मांग की है। विकासशील देशों को जलवायु के बिगड़ते प्रभावों से निपटने के लिए सालाना कम से कम 1.3 खरब अमेरिकी डॉलर की जरूरत है। विकसित देशों के रुख में थोड़ा बदलाव आया है। पहले जहां वे विकासशील देशों को वित्त पोषित करने पर ही एकमत नहीं थे, अब उन्होंने अपने रुख में थोड़ी नरमी लाते हुए वित्तपोषित करने वाले देशों में उन विकासशील देशों को भी शामिल करने की मांग की है, जो धनी हैं, जैसे सऊदी अरब और चीन आदि।

# जूनियर ट्रम्प का आरोप-तीसरा विश्व युद्ध छेड़ना चाहते हैं बाइडेन

न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन, 19 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपना पद छोड़ने से दो महीने पहले एक बड़ा फैसला लेते हुए यूक्रेन को रूस के ठिकानों पर हमले करने के लिए लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग करने की मंजूरी दे दी है।

इन मिसाइलों का इस्तेमाल पश्चिमी रूस के कुर्स्क में रूसी और उत्तर कोरियाई हमलों के खिलाफ यूक्रेनी सेना की रक्षा के लिए किया जा सकता है। बाइडेन के इस फैसले की रिपब्लिकन पार्टी ने कड़ी आलोचना की है।

डोनाल्ड ट्रम्प के सबसे बड़े बेटे ट्रम्प जूनियर ने कहा कि मेरे पिता को शांति स्थापित करने और जीवन बचाने का मौका मिलने से पहले सैन्य औद्योगिक परिसर यह सुनिश्चित करना चाहता है कि तीसरा विश्व युद्ध शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि हार से बौखलाए बाइडेन जानबूझकर युद्ध भड़काने में जुटे हैं। अमेरिकी कारोबारी इलॉन मस्क सहित कई नेताओं ने गुस्सा जताया है। अब यूक्रेन आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम (एटीएसीएमएस) का प्रयोग कर सकेगी। इस मिसाइल का शॉर्ट नेम अटैक-देम्स भी है। अटैक-देम्स मिसाइल सिस्टम एक सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है। जो 300 किमी तक के लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। हर मिसाइल की कीमत लगभग 12.66 करोड़ रुपए है। लॉकहीड मार्टिन द्वारा निर्मित इन मिसाइलों को या तो ट्रैक्ड एम270 मल्टिपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम (एमएलआरएस) या एम142 हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम (एचआईएमएआरएस) से दागा जाता है।



# उपचुनाव नतीजों के बाद सरकार के चार बडे फैसलों का इंतजार

## राजनीतिक रूप से हैं अहम

जयपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान की भाजपा सरकार विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद कुछ बड़े फैसले ले सकती है। इनमें सबसे संवेदनशील निर्णय एसआई भर्ती परीक्षा को लेकर लेना होगा। हालांकि हाईकोर्ट ने एक दिन पहले ही भर्ती परीक्षा को लेकर बड़ा निर्णय दिया है। जिसमें कोर्ट ने इस भर्ती परीक्षा में ट्रेनीज की पॉसिंग आउट परेड और फील्ड पोस्टिंग पर स्टे लगा दिया है। दूसरा, पिछली सरकार के समय बने नए जिले और तीसरा पिछली सरकार के कार्यकाल के अंतिम समय में हुए फैसले। इनके साथ ही प्रदेश में वन स्टेट वन इलेक्शन के मामले में भी तस्वीर साफ होने की उम्मीद की जा रही है।

राज्य सरकार ने उपरोक्त तीनों फैसलों के लिए मंत्रियों की कमेटियां गठित की हुई है। ये कमेटियां अपना काम लगभग पूरा भी कर चुकी हैं। एसआई भर्ती परीक्षा को लेकर को कमेटी की रिपोर्ट मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तक पहुंच भी चुकी है। माना जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में इन तीनों ही मामलों पर सरकार का फैसला सामने आ जाएगा। इस बीच सरकार के गठन के एक वर्ष के कार्यक्रम भी शुरू होने हैं और राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट भी होनी है। ऐसे में कुछ फैसले इन दो बडे. आयोजनों से पहले और कुछ बाद में आ सकते हैं।



### एसआई भर्ती परीक्षा

एसआई भर्ती परीक्षा रद्द की जानी या नहीं, इस मामले में विधि मंत्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में गठित मंत्रियों की कमेटी का काम पूरा हो चुका है और सूत्रों की मानें तो कमेटी अपनी रिपोर्ट सीएम भजनलाल शर्मा को सौंप भी चुकी है। फैसला सीएम के स्तर पर ही होना है। माना जा रहा है कि इस रिपोर्ट पर कैबिनेट की आगामी बैठक में चर्चा हो सकती है और यह फैसला कभी भी सामने आ सकता है। इस मामले में सरकर की दुविधा यही है कि परीक्षा रद्द की जाती है तो चयनित अभ्यर्थी कोर्ट का रूख करेंगे। वहीं रद्द नहीं किए जाने की स्थिति में बड़ी संख्या में युवाओं और सरकार के मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की नाराजगी सामने आ सकती है।

### नए जिलों पर फैसला

पिछली सरकार के समय बनाए गए 17 नये जिलों के भविष्य को लेकर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में गठित मंत्रियों की समिति भी अपना काम लगभग पूरा कर चुकी है। बताया जा रहा है कि पांच छोटे जिलों को फिर से पुराने जिलों में मर्ज किया जा सकता है। इस बारे में सरकार को 31 दिसंबर तक हर हाल में अपना फैसला करना है, क्योंकि इस के बाद जनगणना कार्य के लिए जिलों की सीमाएं सील कर दी जाएंगी। माना जा रहा है कि चूंकि इस फैसले का कुछ विरोध सामने आ सकता है, इसलिए सरकार की पहली वर्षगांठ के आयोजन पूरे होने के बाद इस बारे में फैसला सार्वजनिक किया जा सकता है।

### पिछली सरकार के फैसलों को निरस्त करना

पिछली सरकार के कार्यकाल के अंतिम समय में किए गए फैसलों की समीक्षा के लिए चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिह खींवसर की अध्यक्षता में गठित समिति का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। समिति जल्द ही अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। समिति ने पिछली सरकार के समय हुए भूमि आवंटनों सहित कई फैसलों को देखा है। सामाजिक संस्थाओं को छोड़ कर भूमि आवंटन से ज्यादातर मामलों पर सरकार की गाज गिर सकती है।

### वन स्टेट वन इलेक्शन

निकाय चुनावों से पहले वन स्टेट वन इलेक्शन को लेकर भी राज्य सरकार को फैसला करना है, हालांकि इस फैसले के लिए अभी सरकार के पास कुछ समय रहेगा। प्रदेश की जिन 49 निकायों का कार्यकाल इस माह पूरा हो रहा है उनमें प्रशासक लगना लगभग तय है, क्योंकि अब चुनाव का समय ही नहीं बचा है। वहीं, जनवरी में छह हजार से ज्यादा पंचायतों का कार्यकाल भी समाप्त हो जाएगा। माना जा रहा है कि इनमें भी सरकार प्रशासक लगा कर इसके बाद इस वन स्टेट वन इलेक्शन पर फैसला कर सकती है।

# हनुमान बेनीवाल बोले- अच्छा हुआ, मेरा काम नरेश ने कर दिया, एक नहीं तीन-चार और धरने चाहिए थे

जोधपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। आरएलपी सुप्रीमो व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल देवली-उनियारा से निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा के समर्थन में उतर आए हैं। समरावता एसडीएम थप्पड़ कांड को लेकर बेनीवाल ने नरेश मीणा का समर्थन करते हुए कहा- नरेश ने सही किया, उसे तो तीन-चार थप्पड़ मारने चाहिए थे। बेनीवाल जोधपुर में अनीता चौधरी हत्याकांड के विरोध सभा में बोल रहे थे।

इस दौरान बेनीवाल ने अपने समर्थकों से कहा- ये अमित (एसडीएम) मेरे नागौर में रहा हुआ है। इसने मेरे लोगों को कितना तंग किया, तुम्हें पता है? किस तरह माइनिंग पर रेड पड़ी थी, बंद किया था। बेनीवाल बोले कि इस घटना को जाट वर्सेज मीणा बनाने की क्या आवश्यकता है? अच्छा हुआ इसके एक झापड़ (थप्पड़) मारा, उसके तीन-चार झापड़ धरने चाहिए थे। अच्छा रहा। मैं मार नहीं पाया। मेरे वाला काम नरेश ने कर दिया। ठीक किया। अब हर जगह मैं ही थोड़े मारता घूमूंगा।




बेनीवाल ने कहा- आप सोशल मीडिया पर क्यों समाज की बात कर रहे हो? आप जानते हो, उसके बारे में कौन है? कहां का रहने वाला है? उसकी क्या हिस्ट्री है? जबरदस्ती जाट मीणा बना रहे हो। जिसने थप्पड़ खाया और जिसने थप्पड़ मारा, वो कैसा है। उन दोनों के बारे में पता तो होना चाहिए। जोधपुर में हनुमान बेनीवाल की सभा में पहुंचे लोग।

अनीता चौधरी हत्याकांड को कमजोर करने की कोशिश हो रही

बेनीवाल ने कहा अनीता चौधरी हत्याकांड में समाज के धरने को खत्म करवाने के लिए सरकार समाज के ही थानेदार, सीआई को भेजकर टास्क दे रही है। उन्हें भी अच्छी पोस्टिंग की चाहत है। हमारे ही समाज के अफसर अच्छी पोस्टिंग के प्रलोभन में इसे कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। हमारे समाज के ही अफसरों को भेजकर धरना समाप्त कराया जा रहा है। यह बहुत बड़ी कमी है। यही दुर्भाग्य है। अफसर सस्पेंड होते हैं, तब समाज याद आता है सांसद बेनीवाल ने कहा- आज जो अफसर सरकार को खुश करने के लिए धरना समाप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। इन्हें नंबर बढ़ाने हैं। अच्छी पोस्टिंग का लालच है। ये ही अफसर जब फंसते हैं तो लाखों देते हैं। जब ये सस्पेंड होते हैं, तब इन्हें समाज याद आता है। यही तो दुर्गति है।

# सरकार का बड़ा फैसला, अचानक बंद कर दी 3000 माइंस-इंडस्ट्रीज

अलवर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। अलवर जिले में प्रदूषण के हालात भयावह हो गए हैं। अलवर का एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 295 और भिवाड़ी का एक्यूआई 442 के पार पहुंच गया। एनसीआर में आने वाले राजस्थान के अलवर और भरतपुर जिले में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चौथे चरण (जीआरएपी 4) की पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। राजस्थान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने मंगलवार सुबह आदेश जारी करते हुए इन दो शहरों में 3000 माइंस और इंडस्ट्रीज को बंद कर दिया है। साथ ही इन इलाकों में चल रहे निर्माण कार्य पर भी रोक लगा दी है।

### ग्रेप-4 में ये रहेंगी पाबंदियां

दिल्ली में बाहर से आने वाले ट्रकों के प्रवेश पर पाबंदी। हालांकि जरूरी सामान लाने वाले व सीएनजी और इलेक्ट्रिक ट्रकों पर पाबंदी से छूट दी गई है।

दिल्ली में पंजीकृत मध्यम व भारी डीजल संचालित माल वाहनों पर प्रतिबंध। जरूरी सामान वाले वाहनों को छूट मिलेगी।

एनसीटी दिल्ली व एनसीआर में डीजल चलित चारपहिया वाहनों पर रोक। हालांकि, आपातकालीन वाहनों को छूट दी गई है। इस श्रेणी में केवल बीएस-6 वाहन चल सकते हैं।

एनसीआर में उद्योगों पर पाबंदी। जहां पीएनजी ईंधन की सुविधा नहीं है और सरकार द्वारा अधिकृत सूची से बाहर के ईंधन का उपयोग किया जा रहा है तो रोक लगेगी। हालांकि, दूध व डेयरी उत्पादों और मेडिकल उपकरणों से जुड़े उद्योगों को छूट दी जाएगी। निर्माण व विध्वंस गतिविधियों पर रोक। इसके अलावा फ्लाईओवर, राजमार्ग, पुल व पाइपलाइन समेत अन्य गतिविधियों पर रोक। केंद्र सरकार केंद्रीय कर्मचारियों को घरों से काम करने की छूट दे सकती है।

एनसीआर राज्य सरकारें सार्वजनिक, निगम और निजी दफ्तरों में 50 फीसदी क्षमता के साथ घरों से काम करने की छूट दे सकती है।

राज्य सरकारें स्कूल व कॉलेज को बंद करने के साथ गैर आपातकालीन वाणिज्यिक गतिविधियों को बंद कर सकती है। राज्य सरकार लागू कर सकती है ऑड-ईवन योजना। डीजल जनरेटर सेट पर प्रतिबंध ।

### ये हैं वायु गुणवत्ता इंडेक्स के मानक

एक्यूआई 0-50 के बीच अच्छा, 51-100 के बीच संतोषजनक, 101-200 के बीच मध्यम, 201-300 के बीच खराब, 301-400 के बीच बहुत खराब, और 401-500 के बीच गंभीर श्रेणी।

# वन विभाग का बड़ा एक्शन, जंगली सुअर का मांस पकाते 4 गिरफ्तार

## खाल सहित कच्चा मांस जब्त

सवाई माधोपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। सवाई माधोपुर में रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान बाघ परियोजना में वन्य जीवों के शिकार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। अब वनकर्मियों ने तालेड़ा रेंज के भूरिपहाड़ी इलाके में सुअर का मांस पकाते 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके पर सुअर की खाल सहित कच्चा और पका मांस भी मिला है। जिसे वनकर्मियों ने जब्त कर लिया है। वन विभाग की टीम ने मनराज (26) पुत्र जोरिया प्रजापत, ओमप्रकाश (26) पुत्र चिरंजी लाल मीना, बुद्धि प्रकाश उर्फ सेतराम (31) पुत्र चिरंजी लाल मीना व रामराज (28) पुत्र जोरिया प्रजापत निवासी बसो कला तहसील खंडार को गिरफ्तार किया है।



तालेड़ा रेंज के बसो व भूरिपहाड़ी इलाके में वन्य जीवों के शिकार की लगातार शिकायत मिल रही थी। शिकायत के आधार पर तालेड़ा रेंज के कार्यवाहक रेंजर राम खिलाड़ी मीणा ने वन्य जीव का शिकार करने वालों को पकड़ने के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। शाम को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोगों ने सुअर का शिकार किया है तथा जंगल की दीवार के पास एक मकान में पार्टी कर रहे हैं।

जिस पर कुंडेरा रेंजर मनीष कुमार कुलदीप के नेतृत्व में नाका प्रभारी पूरी पहाड़ी भूपेंद्र सिंह, नाका प्रभारी बसो मोहनलाल सैनी, मानसिंह वनरक्षक, तारेश कुमार वनरक्षक व बार्डर होमगार्ड टीम का गठन किया गया। रात 12 बजे मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी। जहां आरोपी सुअर का मांस पका कर खा रहे थे। पास में खाल सहित कच्चा मांस भी रखा था। इस पर सभी आरोपियों को पकड़ कर कच्चा व पका मांस जब्त कर लिया।

# मिशन ओलंपिक पर खर्च होंगे 100 करोड़ रुपए

## खेलों में अग्रणी बनाने की दिशा में काम हो

जयपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चार दिवसीय महाराष्ट्र दौरे से जयपुर लौट आए हैं। उन्होंने आते ही विभिन्न विभागों की बैठक ली। राइजिंग राजस्थान की तैयारियों की समीक्षा भी की। सीएम ने खेल एवं युवा मामलात विभाग की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश को खेलों में अग्रणी बनाने की दिशा में काम हो। सरकार की यह प्राथमिकता है कि खेलों में राजस्थान आगे बढ़े।

सीएमओ में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं और खिलाड़ियों की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण हो इसके लिए जल्द ही युवा एवं खेल नीति जारी की जाएगी। इस नीति में विज्ञान, विश्लेषण, काउंसलिंग, पोषण यानी खिलाड़ियों की डाइट पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

सीएम ने कहा कि प्रदेश में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तर्ज पर खेलो राजस्थान यूथ गेम्स आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण युवाओं को खेल प्रतियोगिता के लिए तैयार करने की दृष्टि से प्रथम चरण में दस हजार की आबादी वाली 163 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। यहां ओपन जिम और खेल मैदान बनाए जाएंगे।

### मिशन ओलंपिक पर खर्च होंगे 100 करोड़ रुपए

सीएम ने कहा कि प्रदेश में खेलों को शिखर पर ले जाने के लिए मिशन ओलंपिक 2028 की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से प्रदेश के पचास प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को ओलंपिक खेलों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके लिए जयपुर में 100 करोड़ रुपए की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फोर स्पोर्ट्स का निर्माण किया जाएगा।

# राज्यमंत्री ने नए जिले को लेकर दिया बड़ा बयान

## बोले- 'जिला है.. जिला रहेगा'

भरतपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। जिले के अस्तित्व पर मंडरा रहे संकट के बादल प्रदेश के गृह राज्यमंत्री के एक बयान के बाद छंट गए हैं। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि डीग जिला था, जिला है और जिला रहेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने कांग्रेस सरकार में गठित नए जिलों की समीक्षा के लिए कमेटी गठित की थी। कमेटी की समीक्षा का कामकाज पूरा हो चुका है।

कमेटी फाइनल रिपोर्ट जल्द ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सौंपेगी। जिसे 20 नवंबर को आयोजित केबिनेट की बैठक में रखा जा सकता है। जिसमें सरकार कुछ नवगठित जिलों को रद्द करने का फैसला ले सकती है। लेकिन उससे पहले जिले के अस्तित्व को लेकर बातचीत में प्रदेश के गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने डीग जिले के यथावत जिला बरकरार रखने की बात कही।



दशकों पुराने संघर्ष का परिणाम है जिला

डीग जिला बनने के संघर्ष की कहानी दशकों पुरानी है। तकरीबन 14 साल पहले जन-जागरण विकास मंच एवं राष्ट्रीय एकता संस्थान की ओर से 6 जुलाई 2010 से 5 नवंबर 2010 तक शहर के पुराना बस स्टैंड चिकित्सालय के सामने 123 दिन धरना दिया गया था। वहीं बार एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं की ओर से तकरीबन 119 दिन सांकेतिक धरना दिया गया। धरने के समर्थन में 4 जनवरी 2023 को व्यापार महासंघ के सहयोग से डीग के बाजारों को ऐतिहासिक बंद रखा गया। भाजपा के पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी भी अधिवक्ताओं के धरने को समर्थन दे चुके हैं।

प्रदेश में गठित नए जिलों की समीक्षा के लिए सरकार की ओर से गठित की गई समिति जिले के अस्तित्व को बरकरार रखने के लिए लगातार इसे मुद्दा बनाकर प्रमुखता से खबरें प्रकाशित की।

# *रीट पेपर लीक:* तीन साल से चकमा दे रही इमरती गिरफ्तार

## पिता के ढाबे में छिपी थी, ग्राहक बनकर पहुंची पुलिस



जोधपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। जोधपुर रेंज की स्पेशल साइक्लोनर टीम ने 2021 के बहुचर्चित रीट पेपर लीक घोटाले में तीन साल से फरार चल रही इमरती बिश्नोई को गिरफ्तार कर लिया है। इमरती अपने पिता के ढाबे पर छिपकर रह रही थी। पुलिस के लिए ये एक बड़ी गिरफ्तारी है, क्योंकि इमरती तीन बार पुलिस को चकमा देकर भाग चुकी है। उस पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया जा चुका है। इस बार इमरती को पकड़ने के लिए पुलिस ने बड़ी चालाकी से काम लिया। इस बार पुलिस ने दो-दो सदस्यीय टीमों को ग्राहक बनाकर ढाबे पर भेजा। ढाबे के पीछे रहने के लिए इमरती ने एक छिपा हुआ ठिकाना बना रखा था। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से मौके पर पहुंचकर इमरती को दबोच लिया।

जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि उमरलाई निवासी इमरती बिश्नोई के खिलाफ 2021 की रीट परीक्षा के दौरान फर्जीवाड़े का मामला दर्ज हुआ था। मौके से पुलिस ने उसके दस्तावेज और परीक्षा प्रवेश पत्र बरामद किए थे, जिसमें कंप्यूटर की मदद से छेड़छाड़ की गई थी।

जांच में सामने आया कि इमरती से पहले परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थी बैठाने का ठेका छमी बिश्नोई ने लिया था। छमी को पुलिस ने तीन महीने पहले वृंदावन से गिरफ्तार किया था। इस मामले में पूर्व में संगीता, किरण और भंवरी सहित कई अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने पकड़ा था।

# दो ऑटो की भिड़ंत में व्यक्ति की मौत, चार घायल

सिरोही, 19 नवंबर (एजेंसियां)। आबूरोड शहर के मानपुर मार्ग पर पांच बंगला के समीप बीती रात दो ऑटो की आमने सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि इसमें चार अन्य लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर आबूरोड शहर पुलिस थानाधिकारी बंशीलाल एवं यातायात पुलिस के हेड कांस्टेबल किशोरीलाल अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे तथा क्षतिग्रस्त ऑटो को एक साइड में खड़े करवाकर घायलों को 108 एंबुलेंस से आकराभट्टा सरकारी अस्पताल पहुंचाया। यहां आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को मोर्चरी में रखवाकर घायलों का इलाज किया गया। मंगलवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। आबूरोड शहर के मानपुर मार्ग पर हुआ यह सड़क हादसा इतना भीषण था कि इसमें दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। ऑटो में सवार लोगों की चिल्लाने और ऑटो के भिड़ने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे।

# प्रियंका गांधी परिवार सहित सवाईमाधोपुर में

## 23 नवंबर को पहुंचेगी जयपुर



सवाई माधोपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी मंगलवार को सवाईमाधोपुर दौरे पर आ रही हैं। वे परिवार सहित दिल्ली से सड़क मार्ग के जरिए रणथंभौर पहुंचेंगी। प्रियंका 19 से 21 नवंबर तक ठहरेंगी। इसके बाद जयपुर पहुंचेंगी, जहां पर वे 23 नवंबर तक एक होटल में रुकेंगी। उनका दौरा निजी बताया जा रहा है। इस दौरान वे किसी से भी कोई मुलाकात नहीं करेंगी। पार्टी नेताओं की मानें तो दिल्ली में वायु प्रदूषण के चलते प्रियंका आ रही हैं। पिछले साल भी वायु प्रदूषण के चलते वे कुछ दिन जयपुर में निजी दौरे पर रुकी थीं।

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण, धुंध और स्मॉग के कारण हालात और विकट हो गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में हवा डब्ल्यूएचओ की निर्धारित सीमा से 60 गुना ज्यादा जहरीली हो गई है। सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में धुंध की मोटी परत छाई रहने से विमान और रेल सेवाएं गड़बड़ा गईं। दिल्ली में आज न्यूनतम तापमान 16.05 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच दिल्ली में सुबह-सुबह से कोहरा छाया रहा और एक्यूआई का लेवल गंभीर श्रेणी का बना हुआ है। धूप निकली है, लेकिन सूर्यदेव स्मॉग की चादर के पीछे छिपे हैं।

# चिकित्सक के पास मनी लॉन्ड्रिंग के 6 करोड़

## पुलिस को खुद दिखाए सीबीआई और कोर्ट के दस्तावेज

केकड़ी, 19 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण का अधिकारी बनकर केकड़ी में एक चिकित्सक से लाखों रुपये ऐंठने की कोशिश किये जाने का मामला सामने आया है। राजकीय जिला अस्पताल के पूर्व पीएमओ डॉ. जे एल मेघवाल एक साइबर फ्रॉड का शिकार होते होते बच गए। चिकित्सक जे एल मेघवाल ने इस सम्बंध में केकड़ी सिटी पुलिस को जानकारी दी है।

इस संबंध में राजकीय जिला अस्पताल के पूर्व पीएमओ डॉ. जे. एल. मेघवाल ने केकड़ी सीटी थानाधिकारी को बताया कि उनके पास एक फोन आया, जिसमें कॉलर ने खुद को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके आधार कार्ड से मुम्बई में एक बैंक खाता खुला हुआ है, जिसमें मनीलॉन्ड्रिंग का पैसा ट्रांसफर हुआ है।

### राशि ट्रांसफर करो, नहीं तो फंस जाओगे

इसके बाद कॉलर ने डॉ. मेघवाल से उनके बैंक खातों की जानकारी ली। फिर कथित तौर पर एक सीबीआई ऑफिसर को कॉल ट्रांसफर कर उनकी बात कराई। यह भी कहा कि आपके बैंक खातों की सारी राशि आरबीआई को ट्रांसफर करवाई जाएगी। कथित अधिकारी ने उन्हें एक खाता नंबर दिया और उन पर दबाव बनाते हुए उनके खाते में जितनी भी राशि जमा है वह दिए गए खाता नंबर में ट्रांसफर करने की बात कही। दबाव बनाने के लिए चिकित्सक को कथित मनी लॉन्ड्रिंग केस से संबंधित सीबीआई और सुप्रीम कोर्ट के दस्तावेज भी भेजे गए। आरबीआई के नाम पर रुपये जमा करवाने के लिए डाला गया खाता नंबर चिकित्सक द्वारा गौर करने पर आरबीआई का ना होकर किसी अन्य प्राइवेट बैंक का नजर आया। डॉ. मेघवाल को शंका हुई और उन्होंने राशि ट्रांसफर नहीं की। इस पर कॉलर ने उन पर दबाव डाला कि राशि ट्रांसफर करो, नहीं तो फंस जाओगे।

### अकाउंट से 6 करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन

जब डॉ. मेघवाल ने उनसे कहा कि मुंबई में उनका कोई खाता ही नहीं है। इस पर कॉलर ने कहा कि आपके आधार कार्ड से सिम अलॉट हुई है, जिसका इस्तेमाल करने वाले ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में भूमिका निभाई है। उसने कहा कि इस संबंध में मुंबई के अंधेरी थाने में केस भी दर्ज हुआ है। कॉलर ने फोन पर उन्हें अंधेरी पुलिस थाने आने की बात कही और कहा कि आपकी वीडियो रिकार्डिंग कर केस सीबीआई को भेजा जाएगा। आधार कार्ड के बेस पर मुंबई में खाता खुला हुआ है। इस अकाउंट से 6 करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन हुआ है। उसने कहा कि मनीलॉन्ड्रिंग केस में उनके समेत 53 आरोपी हैं। मुख्य आरोपी ने उन्हें 10 प्रतिशत कमीशन दिया है। कॉलर ने यह भी कहा गया कि मुख्य आरोपी आपके बच्चे को किडनैप कर सकता है।

# साजिश रचने वाले सलाखों के पीछे होंगे : रेवंत रेड्डी

## वारंगल के विकास के लिए 6,000 करोड़ रुपये आवंटित



हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने हनमकोंडा के आर्ट्स कॉलेज में मंगलवार को प्रजा पालना विजयोत्सव में भाग लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने आज 'लौह महिला' श्रीमती इंदिरा गांधी को उनकी 107वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि सरकार 'इंदिराम्मा' शासन में महिलाओं को करोड़पति के रूप में बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह कार्यक्रम महिला समुदाय को समर्पित है। महिला समुदाय के आशीर्वाद से ही मैं मुख्यमंत्री बना और आप सभी के सामने इस पद पर खड़ा हुआ। वारंगल की महिला नेताओं को राज्य मंत्रिमंडल में प्रमुख पद दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी महिला नेता ने एक 'राक्षस' को हराकर पालकुर्थी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का परचम लहराया है। एक महिला अधिकारी को राज्य सरकार का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है।

हमें गर्व से यह कहने का अवसर दिया कि यह सरकार महिलाओं की सरकार है। महिला समूहों को जल्द ही टाटा और बिड़ला कंपनियों के बराबर उद्यमी के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है। कुछ नेताओं ने कहा कि हमने उस इमारत का उद्घाटन किया जो पिछले शासकों ने बनाई थी। पिछली सरकार ने अपने दस साल के शासन के दौरान कालोजी कलाक्षेत्रम को पूरा न करके अपनी पोल खोल दी थी। बीआरएस सरकार ने काम पूरा नहीं किया और कांग्रेस सरकार ने पूरा किया। वारंगल में किसान घोषणा के साथ कांग्रेस पार्टी की छवि बदल गई है। 'ओरुगल्लू' के संघर्ष से राज्य में सरकार बनाई। राज्य के विकास में सरकार को बाधा न डालें। अगले विधानसभा चुनाव में विपक्ष जमानत जब्त करवाएगा।

सरकार ने वारंगल को हैदराबाद के बराबर विकसित करने का फैसला किया। ऐतिहासिक शहर वारंगल को हैदराबाद के बराबर विकसित करने के लिए कदम उठाए। यही कारण है कि सरकार ने वारंगल के विकास के लिए लगभग 6,000 करोड़ रुपये आवंटित किए। तेलंगाना राज्य का आधा हिस्सा तभी विकसित माना जाता है जब वारंगल बड़ा हो जाए। जब तक वारंगल विकसित नहीं हो जाता, तब तक नींद नहीं आएगी। विपक्ष साजिश रच रहा है। हम उन साजिशों की पहचान करेंगे और उन्हें सलाखों के पीछे डालेंगे। सीएम रेवंत रेड्डी ने केसीआर को करारा जवाब देते हुए कहा कि एक नेता ने टिप्पणी की कि तेलंगाना को दस महीने में एहसास हो गया कि उन्होंने क्या खो दिया है। तेलंगाना में पिछले 10 महीनों में महिलाओं को आजादी मिली है। आज महिलाएं सोलर पावर प्लांट लगाने के मुकाम पर पहुंच गई हैं, जिसे सिर्फ अडानी और अंबानी समूह ने ही लगाया है। महिलाओं को 10 महीने तक मुफ्त बस यात्रा की सुविधा दी गई है। महिलाओं को सिर्फ 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर मिल रहा है। गरीब तबके को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है, जो देश में कहीं नहीं है। केसीआर से अपील की कि वे फार्महाउस में रहें और आपको जो चाहिए, मैं वहां भेज दूंगा।


केसीआर ने तेलंगाना को 'शराबी' राज्य के रूप में प्रचारित किया। 10 महीने में सिर्फ चार लोगों की नौकरी गई और कुछ नहीं हुआ। 10 महीने में 50,000 नौकरियां भरीं। 22 लाख किसान परिवारों को लाभ पहुंचाने वाले 18,000 करोड़ रुपये के कर्ज माफ करने का श्रेय हमारी सरकार को जाता है। भद्रकाली और सम्मक्का सरक्का देवताओं की उपस्थिति में किसानों के ऋण माफ करने का वचन दिया और 15 अगस्त तक उसे पूरा किया। हमने वादा किया और उसे पूरा किया। इस मंच पर अपना वचन दे रहा हूं। बाकी सभी के ऋण माफ करना मेरी जिम्मेदारी है। कांग्रेस ने कभी पीछे नहीं हटी और जो कहा, उसे पूरा किया, भले ही सिर कटा हो। विपक्ष हमें कोस रहा है। उसके पास हमें बधाई देने का दिल नहीं है। केसीआर ने कहा कि धान की खेती हमारे लिए फांसी के अलावा और कुछ नहीं है। किसानों ने 66 लाख एकड़ में धान की खेती की। राज्य में 1 करोड़ 53 लाख मीट्रिक टन धान की बंपर फसल हुई। देश के किसी भी राज्य ने कभी इस स्तर पर चावल का उत्पादन नहीं किया। आपको क्या दुख है।

आपका दर्द क्या है? विधानसभा में आइए। आइए हम बहस करें। लोगों के पास आइए और बोलिए। अगर केसीआर द्वारा उठाए गए मुद्दे सही हैं तो सरकार सुधार करने के लिए तैयार है। केसीआर बाहर नहीं आएंगे, लेकिन दो घटिया लोगों को भेज दिया। केसीआर नहीं आ रहे हैं, लेकिन दो 'छोटे लोग' परेशानी खड़ी कर रहे हैं। हम केसीआर नामक पौधे को फिर से उगने नहीं देंगे। इसे लिख लें। देखते हैं केसीआर क्या करते हैं। केसीआर फार्महाउस में सो रहे हैं और मुझे वहां सब पता है। फिर से दोहरा रहा हूं।

सीएम रेवंत रेड्डी ने किशन रेड्डी को जवाब देते हुए कहा कि केटीआर की टिप्पणी के अगले दिन किशन रेड्डी बोल रहे हैं। किशन रेड्डी ने कहा कि मैं सोनिया गांधी का 'गुलाम' हूं। 60 साल तक लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सोनिया गांधी को 'तेलंगाना की मां' कहा जाता है। 'सोनियाम्मा मेरी मां हैं'। वह चार करोड़ तेलंगानावासियों की मां हैं। हम मां के पैर धोने और अपने सिर पर छिड़कने के लिए तैयार हैं। यह हमारा अपमान नहीं है और यह हमारा स्वाभिमान है। सोनिया गांधी न होतीं तो तेलंगाना का अस्तित्व ही नहीं होता। अगर किशन रेड्डी सोनिया गांधी के पैर धोकर अपने सिर पर जल छिड़क लें तो मोदी की गुलामी का पाप कुछ हद तक कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी तेलंगाना के गद्दार हैं जिन्होंने तेलंगाना का मजाक उड़ाया। किशन रेड्डी मोदी के गुलाम बन गए हैं और उन्हें तेलंगाना में रहने का कोई अधिकार नहीं है। सिकंदराबाद की जनता ने किशन रेड्डी को सांसद चुना है।

# दो से अधिक बच्चों वाले लोग भी लड़ सकेंगे निकाय चुनाव

## आंध्र की नायुडू सरकार ने खत्म किया कानून



अमरावती, 19 नवंबर (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायुडू ने सोमवार को एपी पंचायत राज और नगरपालिका अधिनियमों में संशोधन करने के लिए विधेयक पारित किया। जिससे तीन दशक पुरानी नीति को प्रभावी रूप से समाप्त कर दिया गया, जिसके तहत दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्तियों को स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। राज्य सरकार द्वारा कानून में किए गए संशोधनों के अनुसार, अब कोई भी व्यक्ति चाहे उसके कितने भी बच्चे हों, स्थानीय निकाय चुनाव लड़ सकता है।

बता दें कि 1994 में तत्कालीन मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायुडू की सरकार द्वारा शुरू किए गए दो-बच्चों के नियम का उद्देश्य जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करना था। जिससे दो से अधिक बच्चों वाले उम्मीदवारों को ग्राम पंचायतों, मंडल प्रजा परिषदों और जिला परिषदों के लिए चुनाव लड़ने से रोक दिया। वहीं दो बच्चों के नियम के तहत कुछ सरकारी नौकरियां और कुछ मामलों में विशिष्ट लाभ प्राप्त करना भी शामिल था।

**राज्य सरकार का तर्क :**

टीडीपी के वरिष्ठ नेता ने इस मामले में बताया कि राज्य सरकार द्वारा उठाए गया ये कदम प्रदेश में 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की घटती आबादी को देखते हुए है। जिसके लिए सरकार ने तर्क दिया है कि दो बच्चों का मानदंड अब अनावश्यक और उलटा है।

**एक नजर नियम बदलाव पर :**

बिल में कहा गया है चूंकि घटती प्रजनन दर जनसंख्या स्थिरीकरण और बदलती सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियां पुरानी और प्रतिकूल साबित हुईं इसलिए सरकार को लगा कि जनसंख्या को नियंत्रित करने के उद्देश्य से बनाई गई धाराओं को निरस्त करने से समावेशी शासन को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही इस कानून के जरिए समकालीन सामाजिक मूल्यों को प्रतिबिंबित किया जा सकेगा और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं और जनसांख्यिकीय रुझानों के साथ तालमेल बिठाया जा सकेगा।



रामपल्ली नागारम स्थित शर्मा परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय सुन्दरकान्ड पाठ प्रस्तुत करते हुए कन्हैयालाल वैष्णव। कार्यक्रम का लाभ लेते हुए विकास शर्मा, आनन्द शर्मा, कपिल, सुनिल, दुलीचन्द शर्मा, नारायणसिंह निमाज, सतपाल जाट, ढगलाराम सेपटा व भक्तगण।

## ट्रक और ऑटो के बीच टक्कर में 9 दिहाड़ी मजदूर घायल

आदिलाबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। महाराष्ट्र के 5 दिहाड़ी मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि 4 अन्य को मामूली चोटें आईं, जब मंगलवार को नेराडिगोंडा मंडल के चिंचोली गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर एक लॉरी ने एक ऑटो-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिसमें वे यात्रा कर रहे थे। नेराडिगोंडा पुलिस ने बताया कि मंदिर के पास ट्रक की ऑटो से टक्कर होने से 5 दिहाड़ी मजदूरों को गंभीर चोटें आईं, जबकि 4 अन्य को मामूली चोटें आईं। सभी महाराष्ट्र के दिहाड़ी मजदूर थे।

घायलों को राजीव गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) आदिलाबाद में भर्ती कराया गया है। 5 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के समय ये मजदूर आदिलाबाद जिले के ग्रामीण इलाकों में कपास की गेंदें चुनने के लिए जा रहे थे। तिपहिया वाहन में 11 यात्री सवार थे।

## मंचेरियल में ऑटो रिक्शा चालक के साथ मारपीट

मंचेरियल, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ऑटो रिक्शा चालक संघ के एक नेता ने आरोप लगाया है कि मंगलवार को कस्बे में वाहन चलाने पर चार चालकों और दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन पर हमला किया। बेल्लमपल्ली निवासी एसोसिएशन के नेता मिट्टा श्रीनिवास ने बताया कि जिला मुख्यालय में वाहन चलाने पर कुमार, प्रवीण, तिरुपति, मल्लेश और दो अज्ञात लोगों ने उनकी पिटाई की।

उन्होंने कहा कि हमलावरों को यह बात बुरी लगी कि उन्होंने शहर के अन्य चालकों के लिए निर्धारित स्थान पर तिपहिया वाहन चलाया था। नेता ने आगे बताया कि उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनका जिला केंद्र के सरकारी सामान्य अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि बेल्लमपल्ली और जिले के अन्य हिस्सों के ऑटो-रिक्शा चालकों को स्थानीय चालकों द्वारा यात्रियों को वाहन किराए पर देने के कारण निशाना बनाया जा रहा है।

## एसबीआई से 10 करोड़ रुपये के आभूषण चोरी

वारंगल, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। चोरों ने सोमवार आधी रात के आसपास भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की रायपर्ती मंडल शाखा से 10 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के आभूषण चुरा लिए। रिपोर्ट के मुताबिक, चोर गैस कटर से खिड़की काटकर बैंक में घुसे और लॉकर तोड़कर सोने के जेवरात ले गए। घटना का पता तब चला जब मंगलवार सुबह बैंक कर्मचारियों ने दरवाजा खुला और लॉकर टूटे हुए देखे। बैंक मैनेजर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए आस-पास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट सुराग लगाने में उनकी मदद कर रहे हैं।

# नियमित ट्रेनों में एक हजार सामान्य श्रेणी के कोच जोड़े जाएंगे : दिलीप कुमार

## भारतीय रेलवे ने पिछले तीन महीनों में 600 कोच जोड़े

हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रेल यात्रा के प्रति आम जनता की लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए भारतीय रेलवे तदनुसार सुविधाओं के विस्तार में तेजी ला रहा है। इस संबंध में रेलवे ने पिछले तीन महीनों में अपने नेटवर्क में चलने वाली विभिन्न ट्रेनों में करीब छह सौ नए अतिरिक्त सामान्य श्रेणी के कोच जोड़े हैं। ये सभी कोच नियमित ट्रेनों में जोड़े गए हैं। इसके अलावा, नवंबर 2024 के अंत तक करीब 370 नियमित ट्रेनों में जनरल श्रेणी के एक हजार से अधिक ऐसे कोच जोड़े जाएंगे। रेलवे के बेड़े में इन नए जनरल श्रेणी के कोचों के जुड़ने से रोजाना करीब एक लाख यात्रियों को फायदा होगा। इनके अलावा, अगले दो वर्षों में रेलवे के बेड़े में बड़ी संख्या में नॉन एसी श्रेणी के कोच शामिल करने के लिए भी तेजी से काम चल रहा है। रेलवे बोर्ड नई दिल्ली के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा कि जनरल श्रेणी के यात्री रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। रेलवे इस वर्ग के यात्रियों को आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए प्रयास कर रहा है। इसके तहत भारतीय रेलवे की 370 नियमित ट्रेनों में कुल 1000 नए जनरल कोच जोड़े जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन कोचों के शामिल होने से हर दिन करीब एक लाख अतिरिक्त यात्री रेल यात्रा का लाभ उठा सकेंगे। कार्यकारी निदेशक ने कहा कि जनरल श्रेणी के यात्रियों को अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करने के मद्देनजर नए जीएस कोचों का निर्माण तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में रेलवे बेड़े में दस हजार से अधिक ऐसे नॉन एसी जनरल श्रेणी के कोच शामिल किए जाएंगे। इनमें छह हजार से अधिक जीएस कोच होंगे, जबकि बाकी कोच स्लीपर श्रेणी के होंगे। इतनी बड़ी संख्या में नॉन एसी कोच शामिल होने से जनरल श्रेणी के करीब आठ लाख अतिरिक्त यात्री प्रतिदिन ट्रेन से यात्रा कर सकेंगे। ये सभी नवनिर्मित जीएस श्रेणी के कोच एलएचबी के होंगे। ये यात्रा को आरामदायक और सुविधाजनक बनाने के अलावा इसे सुरक्षित और तेज बनाने में भी मदद करेंगे। पारंपरिक आईसीएफ रेल कोचों की तुलना में ये नए एलएचबी कोच अपेक्षाकृत हल्के और मजबूत हैं। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में होने वाला नुकसान न्यूनतम है।

## तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

पेड्डापल्ली, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने मंगलवार को अंथरगांव के तहसीलदार वैयापु रमेश और राजस्व निरीक्षक श्रीधर को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वे कथित तौर पर तहसीलदार कार्यालय में एक व्यक्ति से 12,000 रुपये की रिश्वत ले रहे थे। तहसीलदार और आरआई ने कथित तौर पर रामागुंडम निवासी अलकुंटा श्रीकांत से एक काम करने के लिए रिश्वत की मांग की थी। श्रीकांत रिश्वत देने के पक्ष में नहीं थे, इसलिए उन्होंने एसीबी से संपर्क किया, जिन्होंने अधिकारियों को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया।



स्व-स्वरूप संप्रदाय जिला सेवा समिति, रंगारेड्डी द्वारा निकाली गयी पादुका शोभायात्रा में भाग लेते गुरु भक्त। साथ में समिति के निरीक्षक दिलीप पांचाल, अध्यक्ष मधुकर, कर्नल संगमेश, युवा-दिगंबर बिरादर, संजीवनी प्रमुख आनंद नलगिरे, सचिव गणेश पंवार, धर्मक्षेत्र प्रमुख भीमराव जाधव व अन्य।

## तेलंगाना मराठा मंडल का दशहरा-दीपावली स्नेह सम्मेलन 24 को



हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्री छत्रपति शिवाजी मराठा सांस्कृतिक ट्रस्ट व तेलंगाना मराठा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में दशहरा दीपावली स्नेह सम्मेलन का आयोजन 24 नवंबर को सुबह 11 बजे से काटेदान के जलपल्ली स्थित मराठा भवन में किया जाएगा।

मंडल के अध्यक्ष प्रकाश पाटिल, महासचिव दिलीप जगताप व छत्रपति शिवाजी मराठा नवयुवक मंडल के अध्यक्ष मधुकर (मदन) जाधव के नेतृत्व में आयोजित बैठक में सम्मेलन को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जीएचएमसी के एल.बी. नगर जोनल कमिश्नर आईएएस अधिकारी हेमंत केशव पाटिल तथा विशेष अतिथि के रूप में साउथ ईस्ट जोन डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस कांतिलाल सुभाष पाटिल उपस्थित होंगे। समाज के होनहार विद्यार्थियों का एवं खेल जगत में प्रतिभावान छात्र तथा गायन एवं नृत्य प्रतियोगिताओं में विजयी रहे प्रतिभागियों को भी सम्मान किया जाएगा। अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। सहयोगी संस्थाओं में श्री छत्रपति शिवाजी मराठा नवयुवक मंडल, तेलंगाना मराठा भगिनी (महिला) मंडल, तेलंगाना मराठा वारकरी भजन मंडल व तेलंगाना मराठा गोल्ड एंड सिल्वर रिफाइनरीज एसोसिएशन शामिल हैं।

## 7 साल पहले मर चुके व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर

मेदक, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस की घोर लापरवाही का एक उत्कृष्ट उदाहरण यह सामने आया है कि नरसापुर पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की, जिसकी मृत्यु सात वर्ष पहले हो चुकी थी। हाल ही में जब पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच के लिए घर का दौरा किया तो उन्हें पता चला कि वह व्यक्ति मर चुका है। यह विचित्र घटना नारायणपुर गांव के एक छोटे से गांव लच्छिराम थांडा में हुई। गांव के 2 आदिवासी परिवारों के बीच लंबे समय से जमीन का विवाद चल रहा था। 2 महीने पहले जब इसी बात को लेकर उनमें झगड़ा हुआ तो दोनों परिवारों में से एक ने देव सिंह, सूर्या, अंजनेयुलु और पथलोथ विट्ठल के खिलाफ मामला दर्ज कराया। विट्ठल की मौत 7 साल पहले हो चुकी थी। हालांकि, एसआई ने विट्ठल को चौथा आरोपी बताते हुए चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। विट्ठल के परिवार वालों ने आरोप लगाया कि एफआईआर दर्ज करने वाले एसआई लिंगम उनके प्रतिद्वंद्वियों का पक्ष ले रहे हैं।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने अपने परिवार के एक नाबालिग को हिरासत में ले लिया था क्योंकि वह विवादित भूमि पर उनके प्रतिद्वंद्वियों द्वारा अतिक्रमण किए जाने के दौरान तस्वीरें खींच रहा था। उन्होंने कहा कि एक मृत व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करना यह साबित करता है कि एसआई लिंगम ने अपने प्रतिद्वंद्वियों की बातों पर कितनी आँख मूंदकर विश्वास किया। संपर्क किए जाने पर, एसआई ने कहा कि पुलिस आमतौर पर शिकायत मिलने के बाद एफआईआर दर्ज करती है।

## चोरी के आरोपी वाचमैन गिरफ्तार, आभूषण बरामद

हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जुबली हिल्स पुलिस ने चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने करीब 10 लाख रुपये के सोने, चांदी और हीरे के आभूषणों की चोरी की थी। तीनों आरोपी जुबली हिल्स, हैदराबाद में चौकीदार के तौर पर काम करते थे।

पैसों की जरूरत और अपने पैतृक स्थान पर अपने घरों के नवीनीकरण के लिए तीनों ने कार्यस्थल से चोरी की। बाद में जुबलीहिल्स पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों और रिसीवर से 10 लाख रुपये मूल्य के सोने, चांदी और हीरे के गहने बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों में गोपाल नगर, हफीजपेट निवासी गोविंद, माधापुर निवासी अविति पल्ला राव, चंदू नायक थांडा, माधापुर, साइबराबाद निवासी तूती सुब्बा राव, जुबलीहिल्स निवासी रसीवर योगेश शांतिलाल जैन शामिल हैं।

# दमरे ने अखिल भारतीय रेलवे बास्केटबॉल चैंपियनशिप जीती



हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड के तत्वावधान में दक्षिण मध्य रेलवे खेल संघ द्वारा 15 नवंबर से 19 नवंबर तक रेलवे खेल परिसर मैदान में आयोजित की गई। 47वीं अखिल भारतीय रेलवे महिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप-2024 का आज समापन हुआ। भारतीय रेलवे की 12 टीमों ने चैंपियनशिप में भाग लिया, जिसमें दक्षिण मध्य रेलवे, मध्य रेलवे, पश्चिम रेलवे, उत्तर रेलवे, पूर्वी रेलवे, पूर्व मध्य रेलवे, उत्तर पूर्वी रेलवे, उत्तर सीमांत रेलवे, दक्षिणी रेलवे, दक्षिण पश्चिम रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे और उत्तर पश्चिम रेलवे शामिल थे। ये मैच लीग-कम-नॉकआउट राउंड में खेले गए। आज दक्षिण मध्य रेलवे और दक्षिण पश्चिम रेलवे की टीमों के बीच फाइनल मैच खेला गया। रोमांचक फाइनल में दक्षिण मध्य रेलवे की महिला टीम ने दक्षिण पश्चिम रेलवे की टीम को 73-58 के स्कोर से हराकर चैंपियनशिप जीत ली।

अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, एससीआर समापन समारोह में मुख्य अतिथि थे और उन्होंने विजेता टीम के खिलाड़ियों को विजेता ट्रॉफी प्रदान की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि बास्केटबॉल टूर्नामेंट जैसे खेल आयोजनों से नैतिक भावना को बढ़ावा मिलेगा और संगठन की सेवा के प्रति प्रतिबद्धता में सुधार होगा। ईमानदारी और कड़ी मेहनत से खेल में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने और अच्छे परिणाम प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर नीरज अग्रवाल, अतिरिक्त महाप्रबंधक, एससीआर, सी. मधुसदन राव, अध्यक्ष, दक्षिण मध्य रेलवे खेल संघ (एससीआरएसए) और प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, एससीआर पी.बी.एस.राठौर, महासचिव, एससीआरएसए एवं सीईएलई/एससीआर, अरोमा सिंह, आईजी-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, एससीआर, ए.के. श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।


## दक्षिण मध्य रेलवे

हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**नं.वाय/सी.210/हाल्ट/नोटिफिकेशन्स/2024-25, दि.15/11/2024**

PUB/1154

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, हैदराबाद डिवीजन, सिकंदराबाद-500025 द्वारा निम्न विवरित अवधि हेतु संविदा आधार पर, योग्य व्यक्तियों, प्रधान रूप से, जहां पर संबंधित हाल्ट स्टेशन स्थित है से जुडे, तत्संबंधित क्षेत्र के स्थायी निवासियों से, हाल्ट एजेन्ट पद की नियुक्ति के लिए, आवेदन आमंत्रित हैं। हाल्ट एजेन्ट की नियुक्ति हेतु तत्संबंधित हाल्ट स्टेशनों का विवरण नीचे दिया गया है।

| क्रम सं | हाल्ट स्टेशन का नाम/कोड- | समीपीय स्टेशन - | तत्संबंधित स्टेशनों के मध्य स्थित - | सेक्शन- | संविदा या ठेका अवधि- |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीनिवास नगर(एसएचएएन) | मसाईपेट | मसाईपेट से वाडियारम | सिकंदराबाद-मुदखेड | (5) पांच वर्ष |
| 2 | अलवाल(एएलडब्ल्यू) | बोलारम | मलकाजगिरी से बोलारम | सिकंदराबाद-मुदखेड | |
| 3 | बोलारम बाजार(बीओजेड) | बोलारम | , मलकाजगिरी से बोलारम | सिकंदराबाद-मुदखेड | |
| 4 | अप्पाइपल्ली(एपीएमआर) | गजवेल | मनोहराबाद से गजवेल | मनोहराबाद-सिद्दीपेट | |
| 5 | बुरगुला (बीआरजीएल) | बालानगर | शादनगर से बालानगर | सिकंदराबाद-ढोणे | |
| 6 | नाचारम(एनसीआरएम) | मनोहराबाद | मनोहराबाद से गजवेल | मनोहराबाद-सिद्दीपेट | तात्कालिक-- ब्लाक स्टेशनों के रूप में, स्टेशनों के स्थापित (कमिशनीं) होने तक |
| 7 | लखुदरम (एलकेडीएम) | गजवेल | गजवेल से सिद्दीपेट | मनोहराबाद-सिद्दीपेट | |
| 8 | डुड्डेडा (डीडीडी) | सिद्दीपेट, | गजवेल से सिद्दीपेट | मनोहराबाद-सिद्दीपेट | |
| 9 | कुन्सी(केयुएसआई), | | मगनूर से कृष्णा | देवरकद्रा-कृष्णा | (5) पांच वर्ष |
| 10 | दसराडोड्डी(डीडीडीआ) | मगनूर, मगनूर | जकलैर से मगनूर | देवरकद्रा-कृष्णा | |

आवेदन करने की प्रक्रिया: यथावत रूप से पूर्ण किये हुए आवेदनों को, तत्संबंधित सभी संलग्नकों सहित उचित तौर पर मुहरबंद करने के बाद, निम्न लिखित स्थान पर रखे हुए ड्राप बाक्स में डाल देना चाहिए।

| | |
|---|---|
| पता/स्थान | : टेन्डर हाल, डीआरएम/एचवायबी कम्पाउण्ड, ओल्ड आरपीएफ आफिस, हैदराबाद भवन के बाजू, सिकंदराबाद-500025 |
| तिथि | 16.12.2024 |
| समय | सुबह 10.00 से दोपहर 12.00 बजे तक |

दि. 16-12-2024 के दोपहर 12.00 बजे के बाद, प्राप्त आवेदनों को अस्वीकार किया जायेगा।

उपरोक्त निविदा से संबंधित किसी भी स्पष्टीकरण तथा विवरण हेतु, तत्संबंधित आवेदक, व्यापारिक समय के दौरान किसी भी कार्यालयीन दिनों में, विभागीय रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक) का कार्यालय, हैदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद-500025 पर संपर्क कर सकते हैं।


तत्संबंधित आवेदनों को, दक्षिण मध्य रेलवे के वेबसाइट (www.scr.indianrailways.gov.in) से भी डाउनलोड कर सकते हैं।

A1473 वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, हैदराबाद

# मोहम्मद शमी नहीं जाएंगे ऑस्ट्रेलिया!

## टीम इंडिया में वापसी से पहले मिली बड़ी जिम्मेदारी

मुंबई, 19 नवंबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया और इसके हर एक फैन को यही इंतजार है कि कप्तान रोहित शर्मा और स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी आखिर कब ऑस्ट्रेलिया जाएंगे. रोहित जहां अपने बेटे के जन्म के कारण फिलहाल परिवार के साथ मुंबई में ही हैं और पर्थ टेस्ट नहीं खेल पाएंगे. वहीं चोट के कारण एक साल तक बाहर रहने वाले मोहम्मद शमी भी पर्थ टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे. रोहित का तो दूसरे टेस्ट से लौटना तय है लेकिन शमी कब लौटेंगे, इसको लेकर स्थिति साफ नहीं है. यही कारण है कि रणजी ट्रॉफी में दमदार वापसी के बावजूद उन्हें फिलहाल ऑस्ट्रेलिया नहीं भेजा जा रहा है और अब शमी को बंगाल क्रिकेट टीम में शामिल कर लिया गया है, जहां वो सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलते दिखेंगे.



**मुश्ताक अली ट्रॉफी खेलेंगे शमी**

बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन ने टी20 टूर्नामेंट के लिए अपने स्क्वॉड का ऐलान किया, जिसमें 35 साल के स्टार तेज गेंदबाज को भी शामिल किया गया है. इससे ये साफ हो गया है कि शमी को ऑस्ट्रेलिया जाने में अभी वक्त लगेगा. टूर्नामेंट की शुरुआत 23 नवंबर से होगी, जहां बंगाल का पहला मैच पंजाब के साथ होगा. वहीं 25 नवंबर को अगले मैच में टीम का सामना हैदराबाद से होगा. ऐसे में ये संभव है कि शमी ये दोनों मैच खेलेंगे और वहां उनकी फिटनेस को देखकर उन्हें ऑस्ट्रेलिया भेजे जाने पर फैसला हो सकता है.

**रणजी ट्रॉफी से दमदार वापसी**

पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप के दौरान चोटिल होने वाले शमी पिछले एक साल से ही मैदान से बाहर चल रहे थे. उनकी फिटनेस को लेकर बने संदेह के कारण ही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए चुने गए स्क्वॉड में चयन नहीं हुआ था. हालांकि, शमी ने पिछले हफ्ते ही रणजी ट्रॉफी में अपने राज्य बंगाल की ओर से मैदान पर वापसी की थी. मध्य प्रदेश के खिलाफ हुए मुकाबले में शमी ने करीब 45 ओवर की गेंदबाजी करते हुए 7 विकेट झटके थे और टीम को जीत दिलाई थी. शमी के इस प्रदर्शन ने न सिर्फ उनकी फिटनेस को लेकर शक दूर किया, बल्कि ये भी दिखा दिया कि वो अभी भी धारदार गेंदबाजी कर रहे हैं.

**क्यों नहीं भेजा जा रहा ऑस्ट्रेलिया?**

ऐसे में यही माना जा रहा था कि शमी को तुरंत ही ऑस्ट्रेलिया रवाना कर दिया जाएगा, जहां वो टीम इंडिया के साथ दूसरे टेस्ट से जुड़ जाएंगे लेकिन फिलहाल ऐसा होता नहीं दिख रहा है. एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि बीसीसीआई और टीम मैनेजमेंट शमी को लेकर किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं करना चाहता और उनकी फिटनेस को पूरी तरह परखना चाहता है, जिसके बाद से ही उनके सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलने की संभावना बढ़ गई थी. अगर शमी इन मुकाबलों में भी फिट नजर आते हैं तो वो दूसरे टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया रवाना हो सकते हैं.

## 32 साल बाद होने जा रहा ऐसा

# यशस्वी जायसवाल के लिए बड़ा मौका खतरे में विराट- स्मिथ का रिकॉर्ड

पर्थ, 19 नवंबर (एजेंसियां)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज में इस बार 32 साल के बाद जो होने जा रहा है वो यशस्वी जायसवाल को एक बड़े रिकॉर्ड का मालिक बना सकता है. हम जिस चीज की बात कर रहे हैं, वो भारत-ऑस्ट्रेलिया की सीरीज से ही जुड़ी हैं. दरअसल, 1992 के बाद ये पहली बार होगा जब दोनों देशों के बीच 5 टेस्ट की सीरीज होगी. यानी, पिछले दौरों के मुकाबले इस बार एक टेस्ट मैच ज्यादा खेला जाएगा. अब ज्यादा टेस्ट यानी ज्यादा मौके. यशस्वी जायसवाल को उसी मौके को सीरीज में भुनाना है, ताकि वो विराट कोहली और स्टीव स्मिथ दोनों का रिकॉर्ड तोड़ सकें.

**विराट और स्मिथ का रिकॉर्ड है क्या?**

अब पहले तो ये समझिए कि विराट और स्मिथ का रिकॉर्ड है क्या? इसके तार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की एक सीरीज में उन दोनों के बनाए रनों की संख्या से जुड़े हैं. विराट कोहली एक BGT सीरीज में जहां सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय हैं तो वहीं ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ के नाम ओवरऑल रिकॉर्ड है. विराट कोहली ने 2014-15 की BGT सीरीज में



86.50 की औसत से 692 रन बनाए थे. वहीं स्टीव स्मिथ ने उसी सीरीज में 128.16 की औसत से 769 रन बनाए थे. लेकिन, यशस्वी जायसवाल अब इन दोनों को पीछे कर सकते हैं. और, इसकी वजह है टेस्ट में उनका मौजूदा फॉर्म.

**यशस्वी का इस साल टेस्ट रिकॉर्ड**

यशस्वी जायसवाल ने साल 2024 में अब तक खेले 11 टेस्ट में 55.95 की औसत से 1119 रन बनाए हैं. इस दौरान उन्होंने 2 शतक जड़े हैं, जिसमें एक दोहरा शतक है. यशस्वी इस साल टेस्ट क्रिकेट में 1000 से ज्यादा रन बनाने वाले इंग्लैंड के जो रूट के बाद सिर्फ दूसरे बल्लेबाज हैं. बेशक, यशस्वी ऑस्ट्रेलिया में पहली बार खेलने जा रहे हैं लेकिन ये जो रनों का ढेर उन्होंने लगाया है उससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा.

**यशस्वी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरा अहम**

क्रिकेट के कई दिग्गज इस बात को मान रहे हैं कि ये ऑस्ट्रेलिया दौरा यशस्वी जायस्वाल के करियर का माइलस्टोन बन सकता है. और, यशस्वी ऐसा कर सकते हैं तो सिर्फ अपने बल्ले से रनों की बौछार कर. अगर वो ऑस्ट्रेलिया में अपना फॉर्म बरकरार रखने में कामयाब रहे तो फिर उनके लिए 5 टेस्ट की 10 पारियों में विराट और स्मिथ के रनों के फीगर से आगे निकलना मुश्किल नहीं होगा.

# ऋषभ पंत ने दिल्ली कैपिटल्स से अलग होने पर तोड़ी चुप्पी

## कहा- मेरे रिटेंशन का पैसों से लेना-देना नहीं



नई दिल्ली, , 19 नवंबर (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के ऑक्शन में अब गिनती के दिन बचे हैं. उससे पहले ऋषभ पंत ने चुप्पी तोड़ी है. और, ऐसा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स से खुद के अलग होने की वजह बताने की कोशिश की है. ऋषभ पंत ने ऐसा सोशल मीडिया का सहारा लेते हुए किया. पंत ने दरअसल ये बात सोशल मीडिया पर सीधे तौर पर नहीं लिखी. बल्कि, एक कार्यक्रम में सुनील गावस्कर को उस मामले पर टिप्पणी करते देख खुद की बात रखी. सीधे शब्दों में कहें तो पंत ने गावस्कर को करेक्ट करने की कोशिश की है. दिल्ली कैपिटल्स ने ऋषभ पंत को क्यों रिटेन नहीं किया, इस मसले पर सुनील गावस्कर स्टार स्पोर्ट्स पर टिप्पणी कर रहे थे. कार्यक्रम में गावस्कर ने कहा कि पंत को ना रिटेन किया जाना मैच फीस से जुड़ा मसला हो सकता है. गावस्कर को सुनने के बाद पंत ने एक्स हैंडल पर ये बताया कि कम से कम ये पैसों से जुड़ा मामला तो नहीं हो सकता. ऋषभ पंत ने कार्यक्रम के वीडियो पर रिप्लाई करते हुए लिखा- एक बात मैं दावे से कह सकता हूं कि मेरे रिटेंशन का पैसों से कोई लेना-देना नहीं है. वीडियो में हालांकि सुनील गावस्कर ने ये भी उम्मीद जताई है कि दिल्ली कैपिटल्स उन्हें वापस से लेने की कोशिश कर सकती है. ऐसे इसलिए क्योंकि वो एक विकेटकीपर बल्लेबाज तो हैं ही साथ ही साथ कप्तानी के मैटेरियल भी हैं. आईपीएल 2025 के रिटेंशन में ऋषभ पंत की बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये हैं. इस बार के ऑक्शन में कई फ्रेंचाइजियों को कप्तान की भी तलाश है. ऐसे में ऋषभ पंत डिमांड में हो सकते हैं. उन पर पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स जैसी टीमों की भी नजर होगी. ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स के लिए उन्हें रिलीज करने के बाद फिर से जोड़ना मुश्किल टास्क होने वाला है.

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान

मुंबई, 19 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय महिला सिलेक्शन कमिटी ने मंगलवार को महिला टीम का ऐलान कर दिया गया है। दोनों टीमों के बीच वनडे सीरीज का 5 दिसंबर से आगाज होगा। इसके बाद 8 दिसंबर को दूसरा जबकि 11 दिसंबर को सीरीज का आखिरी मैच खेला जाएगा। पहले दो वनडे मैच ब्रिसबेन के एलन बॉर्डर फील्ड में खेले जाएंगे, जिसके बाद सीरीज का आखिरी मैच पर्थ के वाका ग्राउंड में खेला जाएगा, जो आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा है।

हरमनप्रीत के हाथों में टीम की कमान

इस सीरीज के लिए टीम इंडिया की कमान हरमनप्रीत के हाथों में है, जबकि उप-कप्तान की भूमिका में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना रहेंगी। सिलेक्शन कमिटी ने विकेटकीपर के तौर पर टीम में



यास्तिका भाटिया और ऋचा घोष को जगह दी है।

एक साल बाद हरलीन की वापसी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए हरलीन देओल को भी टीम में जगह मिली है, जो लगभग एक साल के बाद नेशनल टीम में जगह बनाने में सफल रही हैं। देओल ने आखिरी बार दिसंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही तीन मैचों की घरेलू वनडे सीरीज में भाग लिया था। उन्हें इस सीजन में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था।

भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज का पूरा शेड्यूल-

भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, पहला वनडेः 5 दिसंबर, ब्रिसबेन (सुबह 9:50 बजे )

भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, दूसरा वनडेः 8 दिसंबर, ब्रिसबेन (सुबह 5:50 बजे )

भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, तीसरा वनडे- 11 दिसंबर, पर्थ (सुबह 9:50 बजे)

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीमः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रिया पुनिया, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, साइमा ठाकोर।

# साउथ अफ्रीका दौरे के लिए श्रीलंका ने किया टीम का ऐलान

कोलंबो, 19 नवंबर (एजेंसियां)। श्रीलंका क्रिकेट चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 17 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा कर दी है। दो मैचों की यह टेस्ट सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। ये सीरीज 27 नवंबर को किंग्समीड, डरबन में शुरू होगी। जबकि दूसरा टेस्ट 5 दिसंबर को सेंट जॉर्ज पार्क में खेला जाएगा।



**10 खिलाड़ी पहले ही हो गए थे साउथ अफ्रीका रवाना**

पिछले सप्ताह, 10 श्रीलंकाई खिलाड़ी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले प्री-सीरीज शिविर में भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका रवाना हुए थे। श्रीलंका के टेस्ट कप्तान धनंजय डी सिल्वा, दिमुथ करुणारत्ने, एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांडीमल और प्रभात जयसूर्या उन 10 खिलाड़ियों में शामिल हैं जो दक्षिण अफ्रीका के डरबन के लिए रवाना हुए थे। यहां पर खिलाड़ियों के ट्रेनिंग की व्यवस्था की गई थी। टीम में लसिथ एम्बुलडेनिया की भी वापसी हुई है।उन्होंने अपना आखिरी मैच 2022 में खेला था।

**22 नवंबर को रवाना होंगे बाकी के खिलाड़ी**

श्रीलंका क्रिकेट ने कहा कि शेष खिलाड़ी 22 नवंबर 2024 को दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होंगे। इसके बाद ये खिलाड़ी अभ्यास शुरू कर देंगे। हाल के समय में श्रीलंका का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीती थी। इसके अलावा उन्होंने हाल में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज भी जीती है। ऐसे में श्रीलंका के पास इतिहास रचने का मौका है।

अगर वो साउथ अफ्रीका को हरा देते हैं तो उनकी डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने की उम्मीद और ज्यादा बढ़ जाएगी। श्रीलंका की टीम इस समय पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान पर है। गौरतलब है कि सनथ जयसूर्या के कोच बनने के बाद श्रीलंका की टीम में काफी ज्यादा बदलाव हुआ है। ऐसे में अब उनकी नजर साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज जितने पर होगी।

श्रीलंका टीमः धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), पथुम निसांका, दिमुथ करुणारत्ने, दिनेश चंडीमल, एंजेलो मैथ्यूज, कुसल मेंडिस, कामिंदु मेंडिस, ओशादा फर्नांडो, सदीरा समरविक्रमा, प्रभात जयसूर्या, निशान पेइरिस, लसिथ एम्बुलडेनिया, मिलन रथनायके, असिथा फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा, कसुन राजिथा।

# पश्चिम बंगाल ने राष्ट्रीय फिनस्विमिंग में जीती चैंपियनशिप, उत्तराखंड तीसरे स्थान पर रहा

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के तैराकों ने चौथी राष्ट्रीय फिनस्विमिंग में कुल 151 पदकों के साथ टीम चैंपियनशिप का ताज जीता। उसके खाते में 67 स्वर्ण, 43 रजत और 41 कांस्य पदक रहे। उपविजेता कर्नाटक (50 पदक) के तैराकों ने 17 स्वर्ण, 18 रजत और 15 कांस्य पदक जीते। 21 पदकों के साथ उत्तराखंड को तीसरा स्थान मिला। उन्होंने 8 स्वर्ण, 6 रजत और 7 कांस्य पदक जीते।

हरियाणा ने भी 21 पदक (6 स्वर्ण, 10 रजत और 5 कांस्य) जीते लेकिन उत्तराखंड से 2 स्वर्ण कम जीतने के कारण उसे चौथा स्थान मिला। मेजबान दिल्ली ने 11 पदक (3 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य) जीते और पदक तालिका में सातवां स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि द्रोणाचार्य अवार्डी हॉकी कोच डॉ. ए के बंसल ने विजेताओं को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए। अंडरवाटर स्पोर्ट्स फेडरेशन (यूएसएफआई) द्वारा युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय चैंपियनशिप में 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 1500 प्रतिभागियों ने प्रतिनिधित्व किया। 19 राज्यों की टीमों के तैराकों ने एक या अधिक पदक जीते हैं। यूएसएफआई के सचिव डॉ. तपन पाणिग्रही ने पदक विजेताओं को बधाई दी।



# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान से सीरीज 3-0 से जीती

## तीसरे टी-20 में 7 विकेट से हराया, स्टोइनिस की फिफ्टी; बाबर ने 41 रन बनाए

होबार्ट, 19 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान को तीसरे टी-20 में 7 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ कंगारुओं ने सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। स्टोइनिस को नाबाद 61 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और स्पेंसर जॉनसन को सीरीज में 8 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

होबार्ट में खेले गए मैच में पाक टीम की कप्तानी मोहम्मद रिजवान की जगह आगा सलमान ने की। इस मुकाबले में पाकिस्तानी टीम पहले बैटिंग करते हुए 18.1 ओवर में 117 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 118 रन का टारगेट मिला और टीम ने 11.2 ओवर में 3 विकेट खोकर मैच जीत लिया।




**मार्कस स्टोइनिस का नाबाद अर्धशतक**

ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 118 रन का टारगेट मिला। ओपनर मैथ्यू शॉर्ट को 2 रन पर शाहीन अफरीदी ने आउट किया। इसके बाद जैक फ्रेजर 18 रन और कप्तान जोश इंग्लिस 27 रन बनाकर आउट हो गए।

मार्कस स्टोइनिस ने 27 गेंदों पर 5 छक्के और 5 चौकों की मदद से नाबाद 61 रन की पारी खेलते हुए टीम को जीत दिला दी। टिम डेविड भी 7 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान के लिए शाहीन अफरीदी, अब्बास अफरीदी और जहानदाद खान ने एक-एक विकेट लिया।

**बाबर आजम पाकिस्तान के टॉप स्कोरर**

पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने शानदार बॉलिंग की। पाक टीम के लिए बाबर आजम ने सबसे ज्यादा 41 रन की पारी खेली। इसके अलावा हसीबुल्ला खान ने 24, शाहीन अफरीदी ने 16 और इरफान खान ने 10 रन बनाए। 7 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाए।

ऑस्ट्रेलिया के लिए एरोन हार्डी ने 3 जबकि स्पेंसर जॉनसन व एडम जंपा ने 2-2 विकेट लिए। वहीं जैवियर बार्टलेट और नाथन एलिस को एक-एक सफलता मिली।

# कीवी पेसर डग ब्रेसवेल पर एक महीने का बैन लगा


## मैच के दौरान कोकीन लेने का आरोप; न्यूजीलैंड के लिए 28 टेस्ट खेले

खेल डेस्क, 19 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज डग ब्रेसवेल पर कोकीन लेने के आरोप में एक महीने का बैन लगाया गया है। इस साल जनवरी में सेंट्रल स्टैग्स और वेलिंगटन के बीच खेले गए टी20 मैच के बाद वे कोकीन लेकर खेलने की वजह से पॉजिटिव पाए गए थे।

इस मैच में ब्रेसवेल ने मैच विनिंग पारी खेली थी, उन्होंने पहले गेंदबाजी करते हुए दो विकेट चटकाए थे, उसके बाद 11 गेंद में 30 रन बनाए। जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया था।

**स्पोर्ट्स इंटीग्रिटी कमीशन ने लगाया बैन**

स्पोर्ट्स इंटीग्रिटी कमीशन ते काहू रौनुई ने न्यूजीलैंड के क्रिकेटर पर प्रतिबंध लगाया।



हालांकि, कोकीन का सेवन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले किया गया था और इसलिए, उन्हें कम सजा मिली।

शुरू में तीन महीने की सजा को घटाकर एक महीने का कर दिया गय। जिसके बाद एक महीने का निलंबन अप्रैल 2024 तक के लिए रोक दिया गया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ने पहले ही अपना प्रतिबंध पूरा कर लिया है, जिससे वह किसी भी समय क्रिकेट खेलना फिर से शुरू कर सकते हैं।

2023 में न्यूजीलैंड के लिए खेला था आखिरी टेस्ट मैच

डग ब्रेसवेल पूर्व क्रिकेटर माइकल ब्रेसवेल के भाई हैं। उन्होंने आखिरी बार न्यूजीलैंड के लिए मार्च 2023 में वेलिंगटन में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट खेला था। ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड के लिए 28 टेस्ट, 21 वनडे और 20 टी-20 मैच खेले हैं। 28 टेस्ट मैच में उन्होंने 74 विकेट चटकाए हैं। 21 वनडे मैच में उनके नाम 26 और 20 टी-20 मैच में उनके नाम 20 विकेट हैं।

**शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप**

ब्रेसवेल का करियर ऑफ-फील्ड घटनाओं से जुड़ा रहा है। 2008 में 18 साल की उम्र में उन्हें शराब पीकर गाड़ी चलाने पर सजा मिली थी। इन सब के बाद भी, ब्रेसवेल ने 2011 में अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया।

# भट्टी ने इंदिरा गांधी के इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने की निंदा की




हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने की कड़ी निंदा की। इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती के अवसर पर भट्टी विक्रमार्क ने मंगलवार को यहां गांधी भवन में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी। मीडिया से बात करते हुए भट्टी विक्रमार्क ने इस बात पर जोर दिया कि देश की एकता और अखंडता के लिए इंदिरा गांधी के बलिदान की विरासत का पूरा सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी से भारत के विकास और सामाजिक समानता में उनके अद्वितीय योगदान को पहचानने का आग्रह किया। इंदिरा गांधी की परिवर्तनकारी नीतियों पर प्रकाश डालते हुए उपमुख्यमंत्री ने उन्हें भूमि सुधार शुरू करने, बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने, रियासतों के विशेषाधिकारों को खत्म करने और 20 सूत्री कार्यक्रम को लागू करने का श्रेय दिया, जिसने एक निष्पक्ष और न्यायपूर्ण समाज की नींव रखी।

उन्होंने कहा कि उनकी दूरदर्शी विदेश नीति, जिसने भारत को वैश्विक मंच पर एक शक्तिशाली और स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में स्थापित किया, की भी प्रशंसा की गई। भट्टी विक्रमार्क ने इंदिरा गांधी को एक एकीकृत शक्ति के रूप में वर्णित किया, जिन्होंने राष्ट्र को सद्भाव और स्थिरता के मार्ग पर मार्गदर्शन करने के लिए विभिन्न राज्यों और समुदायों को एक साथ लाया।


उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दृष्टिकोण के अनुरूप, सरकार के कार्यभार संभालने के तुरंत बाद शुरू की गई जाति जनगणना के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना के लिए वैज्ञानिक और समावेशी दृष्टिकोण का उद्देश्य सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने वाली नीतियों को आकार देना है, जिसमें तेलंगाना राष्ट्र के लिए एक आदर्श बनने के लिए तैयार है। भट्टी विक्रमार्क ने किसानों को गुमराह करके और राजनीतिक लाभ के लिए अधिकारियों पर हमले करवाकर लागाचेरला में हिंसा भड़काने के लिए विपक्षी दलों की भी आलोचना की। सरकार द्वारा जबरन भूमि अधिग्रहण के आरोपों का खंडन करते हुए उपमुख्यमंत्री ने पिछली बीआरएस सरकार पर हैदराबाद के आसपास हजारों एकड़ जमीन को जबरन जब्त करके और उसे मुनाफे के लिए बेचकर किसानों का शोषण करने का आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के विकासोन्मुखी नेतृत्व पर जोर देते हुए उन्होंने इसकी तुलना विपक्ष की विघटनकारी रणनीति से की। भट्टी विक्रमार्क ने समावेशी विकास, सामाजिक समानता और महिला सशक्तीकरण के इंदिरा गांधी के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जिससे तेलंगाना की स्थिति एक प्रगतिशील राज्य के रूप में सुनिश्चित हो सके।

## बीआरएस ने लागाचेरला घटना पर झूठा प्रचार किया

हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस विधायक टी राम मोहन रेड्डी ने लागाचेरला घटना पर झूठा प्रचार करने के लिए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेताओं की आलोचना की है। मंगलवार को विधानसभा परिसर में कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के मीडिया हॉल में पत्रकारों से बात करते हुए राम मोहन रेड्डी ने स्पष्ट किया कि लागाचेरला में अभी तक एक एकड़ भी अधिग्रहण नहीं किया गया है, लेकिन बीआरएस भूमि अधिग्रहण के बारे में झूठा प्रचार कर रही है।

परिगी विधायक राम मोहन रेड्डी ने आगे कहा कि लागाचेरला घटना के सिलसिले में अब तक 7 अनुसूचित जाति और 14 पिछड़े वर्ग के लोगों को गिरफ्तार किया गया है और प्रस्तावित कुल भूमि अधिग्रहण के तहत केवल 11 प्रतिशत भूमि ही अनुसूचित जनजाति समुदायों की है। उन्होंने खुलासा किया कि राज्य सरकार किसानों से जबरन भूमि अधिग्रहण नहीं कर रही है। इसने प्रति परिवार 35 लाख रुपये के मुआवजे का पैकेज तय किया है, जिसमें आउटसोर्सिंग नौकरियां और अपनी जमीन खोने वालों के लिए इंदिराम्मा आवास शामिल हैं।



भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर छावनी विधायक गणेश और अन्य नेता उपस्थित रहे।

## मंत्री ने इंदिरा गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। इंदिरा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में, वन, पर्यावरण और धर्मार्थ मंत्री कोंडा सुरेखा ने वारंगल जिले के काशीबुग्गा के 19वें डिवीजन में इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंत्री सुरेखा ने कहा कि इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री के रूप में क्रांतिकारी सुधार लाए थे। आज देश उन क्रांतिकारी सुधारों की राह पर आगे बढ़ रहा है। मंत्री सुरेखा ने कहा कि कांग्रेस पीपुल्स सरकार इंदिरा गांधी की आकांक्षाओं के अनुरूप महिलाओं को आत्मनिर्भर शक्ति बनाने के



उद्देश्य से काम कर रही है। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पीपुल्स सरकार करोड़ों महिलाओं को करोड़पति बनाने के लक्ष्य से गतिविधियां चला रही है। आज इंदिराम्मा जयंती के दिन मंत्री सुरेखा ने घोषणा की कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी आज 22 जिलों में बनने वाले नए इंदिरा महिला शक्ति भवनों के लिए वारंगल की धरती पर भूमि पूजन समारोह आयोजित करेंगे।

## सीएम रेवंत के दौरे से पहले बीआरएस नेता हिरासत में

हनमकोंडा, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के हनमकोंडा दौरे के मद्देनजर पुलिस ने मंगलवार की सुबह से ही तेलंगाना कार्यकर्ताओं, बीआरएस और लांबाडा अधिकार नेताओं को हिरासत में ले लिया गया। रिपोर्टों के अनुसार, मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए पुलिस ने कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया और उन्हें काकतीय विश्वविद्यालय, हनमकोंडा और एनुमामुला पुलिस थानों में स्थानांतरित कर दिया। कई प्रमुख व्यक्ति और विपक्षी नेता पुलिस की कार्रवाई की आलोचना कर रहे हैं और इसे लोकतंत्र की सच्ची भावना के खिलाफ़ कार्रवाई बता रहे हैं।

## दिल्ली में डटे रहे लागाचेरला आदिवासी

### राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात की मांग

हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। लागाचेरला घटना के पीड़ित परिवारों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की मांग की है ताकि वे अपने परिवारों को होने वाली पीड़ा और तकलीफ के बारे में बता सकें। उन्होंने राष्ट्रपति द्वारा समय दिए जाने तक दिल्ली में ही रहने का फैसला किया है। उनकी ओर से बीआरएस ने इस संबंध में राष्ट्रपति कार्यालय से मुलाकात का समय मांगा। जवाब में राष्ट्रपति कार्यालय ने लागाचेरला में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचारों से संबंधित जानकारी मांगी।



एक ज्ञापन में बीआरएस ने भूमि अधिग्रहण के जबरन प्रयासों, पुलिस द्वारा मध्य रात्रि में की गई छापेमारी, आदिवासी महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने के अलावा जिला कलेक्टर और अन्य अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में आदिवासी पुरुषों की अवैध गिरफ्तारी के बारे में बताया।

लागाचेरला की आदिवासी महिलाएं रविवार को दिल्ली गई थीं और सोमवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के साथ-साथ राष्ट्रीय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला आयोगों से मुलाकात की थी। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा जबरन उनकी ज़मीनों पर कब्ज़ा करने के प्रयासों और उसके बाद मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के भाई ए तिरुपति रेड्डी और पुलिस की मनमानी के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि उनके परिवार के कई लोग पुलिस की हिरासत में हैं, जबकि कई अन्य अपनी जान के डर से छिप गए हैं।

## चार दिनों तक हैदराबाद में चलेगा फूड फेस्टिवल : मेट्टू साईकुमार

हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना मत्स्य महासंघ के अध्यक्ष मेट्टू साईकुमार ने कहा कि विश्व मत्स्य पालन दिवस के तत्वावधान में 21 से 24 नवंबर तक हैदराबाद में मछली भोजन उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष मेट्टू साईकुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार करेंगे। अतिथि के रूप में मंत्री श्रीधर बाबू, कोंडा सुरेखा, पोन्नम प्रभाकर, सीताक्का टीपीसीसी प्रमुख बोम्मा महेश कुमार गौड़ उपस्थित रहेंगे। अध्यक्ष मेट्टू साईकुमार ने कहा कि कई विधायक, एमएलसी और



निगम अध्यक्ष भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि फिश फूड फेस्टिवल कार्यक्रम में मछुआरे विभिन्न प्रकार के मछली के व्यंजन बनाकर प्रदर्शित करेंगे और प्रतिभाशाली मछुआरों को गणमान्य व्यक्तियों से पुरस्कार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि यह फिश फूड फेस्टिवल हैदराबाद शहर में 21 नवंबर से 24 नवंबर तक चार दिनों तक चलेगा। मत्स्य महासंघ के अध्यक्ष मेट्टू साईकुमार ने राज्य भर के मछुआरों से इस महीने की 21 से 24 तारीख तक हैदराबाद में आईमैक्स थिएटर के बगल में डॉ. बीआर अंबेडकर प्रतिमा मैदान के पास मछली खाद्य महोत्सव में भाग लेने और इस विश्व मत्स्य पालन दिवस को मनाने का अनुरोध किया है।

## अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्ति के नागोल मंदिर में प्रवेश से तनाव

हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नागोल के आनंदनगर में मंगलवार सुबह उस समय हल्का तनाव व्याप्त हो गया, जब कथित तौर पर अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित एक व्यक्ति मंदिर में घुस गया और पूजा-अर्चना करने लगा। रिपोर्टों के अनुसार, 30 वर्ष से अधिक आयु का यह व्यक्ति मंगलवार सुबह चल रहे नियमित अनुष्ठान के दौरान मंदिर में घुसा था। वह व्यक्ति मंदिर परिसर में खड़ा होकर कुछ पढ़ने लगा। श्रद्धालुओं ने उसे पकड़ लिया और उसका मकसद जानने के बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस की एक टीम मंदिर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया।

## नवविवाहित दूल्हे ने शादी के दिन कर दी दुल्हन की हत्या

### विग्नेश का इंस्टाग्राम के जरिए पत्नी के साथ संपर्क बढ़ा

हैदराबाद, 19 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक 22 वर्षीय व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी शादी के दिन अपनी पत्नी की हत्या कर दी। कथित तौर पर आरोपी पोलोला विग्नेश की महिला से 5 महीने पहले एक मंदिर में मुलाकात हुई थी और इंस्टाग्राम के जरिए उनका संपर्क बढ़ा। बाद में, विग्नेश ने एक महीने पहले महिला को प्रपोज किया और वे एक किराए के घर में साथ रहने लगे।

हालांकि, उनके रिश्ते में तब खटास आ गई जब विग्नेश को शक हुआ कि वह फोन पर किसी और से बात कर रही है और उसने उसे ऐसा करने से मना किया। जब वह शादी करने पर अड़ी रही तो उनके बीच विवाद और बढ़ गया, यहां तक कि उसने और देरी करने पर खुद को नुकसान पहुंचाने की धमकी भी दी। यद्यपि विग्नेश ने अपने माता-पिता को सूचित करने के बाद उससे शादी करने का वादा किया था, लेकिन उसकी लगातार मांगों ने कथित तौर पर उसे एक भयावह योजना बनाने के लिए प्रे रित



किया।

हताश होकर विग्नेश ने कथित तौर पर अपने दोस्त साकेत और साकेत की पत्नी कल्याणी उर्फ नंदिनी को उसे मारने की अपनी योजना बताई। हालांकि, दोनों ने उसकी मदद करने से इनकार कर दिया।

विग्नेश ने शादी के बाद उसे खत्म करने की नई योजना बनाई, ताकि उसकी मौत को आकस्मिक दिखाया जा सके और संदेह से बचा जा सके। 8 नवंबर को विग्नेश और साकेत ने बालापुर में शादी की माला और मंगलसूत्र खरीदा। उन्होंने अपनी शादी की रस्में निभाईं, जिसके बाद विग्नेश ने अपनी पत्नी से कहा कि वह अपनी मां को अपनी शादी के बारे में बताए, जो उसने किया। उस शाम जब साकेत काम पर गया हुआ था और कल्याणी किराने का सामान खरीदने के लिए बाहर गई हुई थी, विग्नेश ने कथित तौर पर अपनी पत्नी पर हमला किया। उसने उसका सिर दीवार पर पटक दिया और जब वह बेहोश हो गई, तो उसने साड़ी से उसका गला घोंट दिया।

कल्याणी ने वापस लौटने पर पीड़िता का शव देखा और अपने पति को इसकी सूचना दी। इसके बाद कथित तौर पर दंपति ने तुक्कुगुडा में शव को ठिकाने लगाने में विग्नेश की मदद की। घर लौटने से पहले उन्होंने शव को छिपाने के लिए उसे बेकार कागज से ढक दिया। घटना प्रकाश में आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

## हुजूरनगर में तोड़फोड़ अभियान के कारण प्रदर्शन

सूर्यापेट, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस के सहयोग से नगर निगम अधिकारियों ने मंगलवार को हुजूरनगर में सरकारी जमीन पर बनी कई संरचनाओं को ध्वस्त करने का अभियान चलाया। इस विध्वंस अभियान में उन दुकानों को निशाना बनाया गया जो दशकों से वहां बनी हुई हैं, जिससे कई स्थानीय निवासियों की आजीविका प्रभावित हुई है। इमारतों पर कब्जा करने वाले निवासियों ने विध्वंस के खिलाफ अपनी चिंता व्यक्त करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने विध्वंस के पीछे के औचित्य पर सवाल उठाते हुए अपनी निराशा और गुस्सा व्यक्त



किया।

प्रदर्शनकारियों में से एक ने सवाल किया कि आप 40 साल से यहां रह रहे लोगों की आजीविका कैसे नष्ट कर सकते हैं? उन्होंने बताया कि गरीब और मध्यम वर्ग को बेदखल किया जा रहा है और उनके ढांचों को बुलडोजर से ध्वस्त किया जा रहा है लेकिन प्रभावशाली लोगों को अछूता छोड़ दिया गया। इस ध्वस्तीकरण अभियान की सभी वर्गों द्वारा आलोचना की जा रही है, तथा कई लोगों ने इस विध्वंस को तत्काल रोकने तथा इस समस्या के समाधान के लिए वैकल्पिक समाधान की मांग की है।

## दिल का दौरा पड़ने से चार वर्षीय लड़की की मौत

खम्मम, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के खम्मम ग्रामीण मंडल के एमवी पालेम गांव में 4 साल की एक बच्ची की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, गांव के कुर्रा विनोद और लावण्या खम्मम में रहते थे और उनकी एक बेटी प्रहरशिका थी। बच्ची की मां लावण्या ने सोमवार को ग्रुप-3 की परीक्षा दी थी और वह बच्ची को गांव में उसकी दादी और दादा के पास छोड़कर चली गई थी। परीक्षा समाप्त होने के बाद लावण्या दोपहर में अपने बच्चे को घर ले जाने के लिए गांव आई। मां को देखकर खुशी से बच्चा अपनी मां से मिलने के लिए दरवाजे की ओर दौड़ा लेकिन मां के पास पहुंचने से पहले ही बच्ची अचानक गिर पड़ी। मां ने बच्ची को गले लगाने के लिए हाथ फैलाए।

जब माता-पिता ने पूछा कि उसे क्या हुआ है, तो उसने सीने में दर्द की शिकायत की और बेहोश हो गई। स्थानीय आरएमपी डॉक्टर से प्राथमिक उपचार करवाने के बाद उसे तुरंत खम्मम के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। उसकी जांच करने वाले डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची को मृत अवस्था में लाया गया था, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि बच्ची की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई होगी। बच्ची की मौत से गांव में मातम छा गया, जो इस दिल दहला देने वाली घटना के घटित होने से पहले तक जिंदादिल थी।

## शंकरपल्ली में स्थानीय नगर पार्षद के घर चोरी

हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अज्ञात व्यक्तियों ने शहर के उपनगरीय क्षेत्र शंकरपल्ली में एक घर में घुसकर भारी मात्रा में सोने और चांदी के आभूषण लूट लिए। पुलिस के अनुसार, चोरी स्थानीय नगर पार्षद पी बालकृष्ण के घर पर हुई। पार्षद की बेटी की शादी बुधवार को होनी थी और परिवार ने घर में सोने-चांदी के गहने रखे हुए थे। रविवार को घर में शादी से जुड़ा कार्यक्रम था और परिवार के सदस्यों ने सोने के गहने और सोना अलमारी में रख दिया था। शंकरपल्ली इंस्पेक्टर के श्रीनिवास गौड़ ने बताया कि देर शाम को परिवार के सदस्यों ने देखा कि अलमारी से करीब 133 तोले वजन के सोने के गहने और करीब 80 तोले वजन की चांदी की चीजें कथित तौर पर चोरी हो गई हैं। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुराग टीम और फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ घटनास्थल पर पहुंचे और जांचकर्ताओं की मदद कर रहे हैं।

## न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री तक दर्ज



हैदराबाद, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुमराम भीम आसिफाबाद और आदिलाबाद दोनों जिलों के कुछ हिस्सों में मंगलवार को न्यूनतम तापमान में गिरावट देखी गई। कुमराम भीम आसिफाबाद जिले के सिरपुर (यू) मंडल मुख्यालय में न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके बाद तिरयानी मंडल में गिन्नधारी में न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तिरयानी मंडल केंद्र में न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि केरमेरी मंडल मुख्यालय में न्यूनतम तापमान 13.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य मंडलों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा।

इस बीच, आदिलाबाद जिले के बेला मंडल में न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बोथ मंडल के पोचेरा गांव में 11.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

गुडीहाथनूर, मावला, भीमपुर, नेराडिगोंडा, तामसी मंडलों में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस और 13 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

## कीसरा में स्कूल बस पेड़ से टकराई, कई बच्चे घायल



हैदराबाद, 19 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार को हैदराबाद के कीसरा इलाके में लगभग 40 छात्रों को ले जा रही एक स्कूल बस पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बच्चों को बचाया। उनमें से कुछ घायल हो गए और उनका इलाज नजदीकी अस्पताल में चल रहा है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। स्कूल बस विद्यार्थियों को उनके घरों से लेने जा रही थी। वीडियो में स्कूल बस क्षतिग्रस्त हालत में दिख रही है और उसके कुछ हिस्से जमीन पर पड़े हुए हैं। पुलिस ने स्कूल बस को जब्त कर लिया है जबकि उसके ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है।

## बंजारा हिल्स में तेज रफ्तार कार दुर्घटनाग्रस्त



हैदराबाद, 19 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार को हैदराबाद के बंजारा हिल्स में एक तेज रफ्तार कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह वाहन, जिसे आईटी कर्मचारियों के लिए टैक्सी सेवा के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था, बंजारा हिल्स के रोड नंबर 3 पर मंजुला ज्वेल्स के पास हुई इस घटना में शामिल था। अत्यधिक गति से गाड़ी चला रहे ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया, जिससे कार डिवाइडर से टकरा गई और बिजली के खंभे से जा टकराई। सौभाग्य से, ड्राइवर और उसमें बैठा अकेला यात्री दोनों सुरक्षित बच गए, हालांकि कार को काफी नुकसान पहुंचा। सूचना मिलने पर बंजारा हिल्स पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच की। लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## तीन सर्जरी करवाने वाली महिला की निम्स में मौत

मंचेरियल, 19 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कस्बे के एक निजी अस्पताल में 3 सर्जरी के बाद हालत बिगड़ने पर मंगलवार सुबह हैदराबाद के निम्स में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। बेलमपल्ली नगरपालिका की आउटसोर्स सफाई कर्मचारी शिविनी अमानी (42) ने निम्स में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। उनकी एक बेटी सोनी अग्रवाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने मंचेरियल अस्पताल पर आरोप लगाया कि उसने उनकी मां को ठगने के लिए अनावश्यक सर्जरी कर उनकी जान ले ली। अमानी की 3 बेटियां हैं। उन्होंने 20 साल तक नगरपालिका के साथ काम किया। सोनी ने आरोप लगाया कि मंचेरियल शहर के निजी अस्पताल में इलाज होने तक मेरी मां स्वस्थ थीं। वह अस्पताल तक पैदल चलकर गईं। डॉक्टरों ने उनसे पैसे ऐंठने के लिए तीन सर्जरी कीं। हालांकि, अस्पताल में सर्जरी करवाना उनके लिए महंगा साबित हुआ। अमानी को 15 अक्टूबर को एक बड़े अंडाशय सिस्ट के साथ जिला मुख्यालय के एक प्रतिष्ठित मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी सर्जरी की गई और सिस्ट को हटा दिया गया। उसकी आंतों में कुछ समस्या और अन्य स्वास्थ्य जटिलताओं के बाद उसी अस्पताल में उसकी दो और सर्जरी हुई। उसके बाद किडनी में संक्रमण के कारण उसे डायलिसिस करवाना पड़ा। 6 नवंबर को जब उसकी हालत बिगड़ी तो उसे निम्स में भर्ती कराया गया। उसके परिवार के सदस्यों ने 7 नवंबर को मंचेरियल अस्पताल के सामने प्रदर्शन किया और अस्पताल प्रबंधन को उसकी बिगड़ती हालत के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि तीन सर्जरी के बाद अमानी की हालत खराब हो गई। विरोध के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गठित टीम ने 8 नवंबर को अमनी के रिकॉर्ड की जांच कर मामले की जांच की। अस्पताल को कारण बताओ नोटिस भी दिया गया। अस्पताल प्रबंधन ने नोटिस का जवाब देते हुए कहा कि डॉक्टरों ने मरीज की स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए सर्जरी की थी।

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Smt Gantla Mahalakshmi mother of Service No 15718646M, Rank - Nk, Name -Gantla Rama Rao of 3 Corps Op Sig Regt resident of Vill - Vepagunta , PO- Vepagunta, Teh - Pendurthi, Distt - Visakhapatnam (Andhrapradesh) declare that in my son's service records my name mentioned as Gantla Mahalaxmi and DOB is 12 Jan 1963 which is wrong and my correct name is **Gantla Mahalakshmi and DOB is 12 Jan 1960** vide Affidavit dt 09 Oct 2024 at Visakhapatnam.

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.